www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, सोमवार, 14 अगस्त, 2023 | वर्ष-16 | अंक -129 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



सर से पांव तक घोटालों से घिरी है मध्य प्रदेश सरकार 02
■ दिल्ली को साफ-सुथरा कर लंदन व न्यूयॉर्क जैसा...
■ प्रदूषण के खिलाफ लगातार काम कर रही... 03
■ पीएमएल-एन ने नवाज शरीफ को अपना पीएम चेहरा...
■ डेर अल-जौर में बस हमले के लिए अमेरिकी सेना जिम्मेदार... 07
अभिनेत्री आरती सिंह के लिए 15 अगस्त है बहुत... 10

# नूंह में फिर यात्रा निकालने का ऐलान

■ 28 अगस्त को यात्रा निकालने का लिया फैसला ■ महापंचायत ने पीड़ितों के लिए मांगा मुआवजा

**पलवल,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के नूंह में 31 जुलाई को हुए दंगों के संबंध में रविवार को महापंचायत हुई। पलवल जिले में हुई इस महापंचायत में बड़ा निर्णय लेते हुए ऐलान किया गया कि अधूरी रह गई ब्रजमंडल यात्रा को नूंह के अंदर 28 अगस्त को फिर से निकाला जाएगा। इसके साथ ही दंगों के पीड़ितों के लिए नौकरी और मुआवजा मांगने के साथ ही फिरोजपुर-झिरका से कांग्रेसी विधायक मामन खान को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग उठाई गई।

महापंचायत में पहुंचे गुरुग्राम जिले की सोहना विधानसभा सीट के भाजपा विधायक संजय सिंह ने अधूरी रह गई ब्रजमंडल यात्रा को दोबारा शुरू करने का मुद्दा उठाया था।



### एक-एक करोड़ का मुआवजा मांगा

महापंचायत में सर्वसम्मति से गठित 51 लोगों की कमेटी ने नूंह दंगों में मारे गए लोगों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए का मुआवजा व सरकारी नौकरी और घायलों को 50-50 लाख रुपए देने की अपील भी सरकार से की। नूंह दंगों की नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी से जांच कराने और नूंह जिले को खत्म करने के साथ-साथ वक्ताओं ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को बदलने की डिमांड भी की।

महापंचायत में पहुंचे फरीदाबाद देव सेना के अध्यक्ष ब्रजभूषण सैनी ने 20 अगस्त को देश की राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक और महापंचायत करने का ऐलान किया। महापंचायत में पहुंचे नेताओं ने फिरोजपुर झिरका के कांग्रेसी विधायक मामन खान को नूंह दंगों के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने के साथ-साथ नूंह जिले में बसे रोहिंग्या मुसलमानों को जिले से बाहर निकालने की भी मांग की।

### कई प्रतिनिधियों ने की शिरकत

महापंचायत की अध्यक्षता मेवात के 40 हिन्दू पाल और 12 मुस्लिम पाल के अध्यक्ष चौधरी अरूण जैलदार ने की। महापंचायत में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हैं। वहीं इस महापंचायत में हरियाणा गौरक्षा दल के उपाध्यक्ष आचार्य आजाद, सोहना के विधायक संजय सिंह, पलवल के पूर्व विधायक सुभाष चौधरी भी शामिल हुए।

### हिंसा में मारे गए थे 6 लोग

31 जुलाई को नूंह में ब्रजमंडल यात्रा पर पथराव के बाद हिंसा फैल गई थी। हिंसा की आग पड़ोसी जिले गुरुग्राम, पलवल, फरीदाबाद में भी फैली थी। अन्य जिलों में भी छिटपुट घटनाएं देखने को मिली थीं। हिंसा के दौरान होमगार्ड के 2 जवानों सहित 6 लोगों की मौत हुई थी। इसके साथ ही 150 से ज्यादा वाहनों को फूंक दिया गया और 80 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

### केवल 500 लोगों की थी अनुमति

हालाकि, महापंचायत के लिए केवल 500 लोगों की अनुमति थी। इसके बावजूद, कहीं ज्यादा लोग उपस्थित हुए। महापंचायत को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी करने के साथ ही बाहरी लोगों के गांव में प्रवेश पर रोक लगा दी है।

# भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण के लिए गुजरात कांग्रेस तैयार

कांग्रेस की पूर्व से पश्चिम तक के क्षेत्रों को यात्रा में कवर करने की है तैयारी

**अहमदाबाद,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात कांग्रेस ने महात्मा गांधी और सरदार पटेल की भूमि पर भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण का उद्घाटन करने के लिए राहुल गांधी को आमंत्रित करने का फैसला किया है। पहले चरण की सफलता के आधार पर, यात्रा देश के पूर्व से पश्चिम तक के क्षेत्रों को कवर करते हुए राजनीतिक संवाद को अगले स्तर पर ले जाने की तैयारी है। राज्य के महत्व पर जोर देते हुए गुजरात विधानसभा में विपक्ष के नेता अमित चावड़ा ने कहा, हमने राहुल गांधी को गुजरात से भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण की शुरुआत करने का निमंत्रण दिया है, जो महात्मा गांधी और सरदार पटेल की भूमि है। गुजरात को चुनने का प्रतीकात्मक महत्व इस राजनीतिक पहल को महत्व देता है। गुजरात चुनाव 2022 के दौरान कई लोगों ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के पहले चरण को लेकर स्थानीय कांग्रेस के नेताओं से सवाल किया कि यात्रा राज्य से गुजरेगी या नहीं। अब गुजरात कांग्रेस लोगों के सवालों का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। राज्य की आदिवासी बेल्ट में कांग्रेस की मजबूत उपस्थिति है। हालांकि, 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान इन क्षेत्रों में आप द्वारा निभाई गई भूमिका के कारण नतीजे पार्टी के पक्ष में नहीं आए। अब भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण के साथ कांग्रेस अपने पारंपरिक वोट बैंक से दोबारा जुड़ने की कोशिश कर रही है।



■ राहुल को यात्रा के लिए भेजा गया न्योता
■ पारंपरिक वोट बैंक से जुड़ने की है कोशिश

कांग्रेस के लिए भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण एक राजनीतिक पदयात्रा से कहीं अधिक है। राहुल गांधी ने कहा है कि इस प्रयास का उद्देश्य देश की भलाई और देश की नींव को चुनौती देने वाली विचारधाराओं के खिलाफ खड़ा होना है। समन्वित दृष्टिकोण का प्रदर्शन करते हुए दूसरे चरण के विवरण को अंतिम रूप देने के लिए एक केंद्रीय समिति का गठन किया गया है। अन्य राज्य इकाइयों ने सामूहिक प्रयास का संकेत देते हुए विभिन्न सुझाव दिए हैं। यात्रा के लिए जमीनी कार्य शुरू हो चुका है। योजना यात्रा के दूसरे चरण को एक बार फिर यादगार और प्रभावशाली अभियान में बदलने के कांग्रेस के इरादे को प्रदर्शित करती है। भारत जोड़ो यात्रा का पहला चरण 7 सितंबर 2022 को कन्याकुमारी से शुरू हुआ जो 130 दिनों के बाद कश्मीर में समाप्त हुआ। इसमें 12 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेश शामिल थे।

### पहले चरण की सफलता से भाजपा बेचैन

पहले चरण की सफलता ने भाजपा को बेचैन कर दिया है। विपक्ष के नेता अमित चावड़ा ने राजनीतिक संदर्भ पर भी प्रकाश डाला, जैसे राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता की बहाली और अरबपति उद्योगपति गौतम अदानी के संबंध में भाजपा के खिलाफ आरोप, ऐसी टिप्पणियां यात्रा के दूसरे चरण के आसपास व्यापक कथानक को जोड़ती हैं। भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण की तैयारी चल रही है, जिसका शुरुआती बिंदु गुजरात है। इससे राज्य में प्रत्याशा का माहौल है। जैसे-जैसे विवरण सामने आ रहे हैं, पूरे देश की निगाहें इस पर टिकी हैं। यह भारतीय राजनीति में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा जिसमें गुजरात एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति ने किया राज्यसभा का सत्रावसान



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राज्यसभा के मानसून सत्र का सत्रावसान कर दिया है। राष्ट्रपति सचिवालय से रविवार को जारी वक्तव्य में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने राज्यसभा का सत्रावसान कर दिया है। गत 20 जुलाई को शुरू हुए मानसून सत्र के समापन के बाद 11 अगस्त को सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी।

### मऊगंज बना मध्य प्रदेश का 53वां जिला, आदेश जारी



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में रीवा जिले की तीन तहसीलों को अलग कर राज्य सरकार ने मऊगंज को 53वां जिला बना दिया है। इसके लिए राजस्व विभाग की ओर से आधिकारिक आदेश भी जारी कर दिया गया है। राजस्व विभाग द्वारा राज्यपाल के नाम जारी किए गए आदेश में बताया गया है कि रीवा जिले की तीन तहसील मऊगंज, हनुमना और नईगढ़ी को मिलाकर नया जिला मऊगंज गठित किया गया है, जिसका मुख्यालय मऊगंज होगा।

### 8 लाख की इनामी महिला नक्सली ने किया समर्पण



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर जिले के सरहदी इलाके में बीते सत्रह वर्ष से सक्रिय रही आठ लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली माड़वी मल्ले उर्फ गंगी ने पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के सामने बिना हथियार के आत्म समर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक के समक्ष समर्पण करने वाली गंगी नक्सली संगठन में बतौर पीएलजी बटालियन सदस्य काम कर रही थी।

अजित से मुलाकात पर शरद पवार ने किया साफ

# भाजपा के साथ नहीं जाएंगे

**मुंबई,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। एनसीपी प्रमुख शरद पवार और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की शनिवार को पुणे में व्यापारी अतुल चोरडिया के बंगले पर मुलाकात हुई थी। अब इसे लेकर शरद पवार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अजित पवार उनके भतीजे हैं। परिवार के किसी सदस्य से मिलना चर्चा का विषय नहीं हो सकता है।

शरद पवार ने साफ शब्दों में कहा कि हम में से कोई भी भाजपा में शामिल नहीं होगा। उन्होंने कहा वह अपने परिवार के सबसे बड़े व्यक्ति हैं। अगर कोई परिवार के बड़े सदस्य से मिलने आता है या कोई बड़ा सदस्य परिवार में किसी से मिलता है तो यह चर्चा का विषय नहीं हो सकता।



### शरद को मनाने की हो रही है कोशिश

शरद पवार ने खुलासा किया कि कुछ 'शुभचिंतक' उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन वह कभी भी भाजपा के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। मुलाकात में अजित पवार की तरफ से शरद पवार को मनाने का प्रस्ताव एक बार फिर से रखा गया। उनसे कहा गया कि पार्टी के सभी विधायक चाहते हैं कि आप भी साथ आएं. हालांकि, शरद पवार नहीं मानें।

### अजित से मुलाकात पर अटकलों का बाजार गर्म

शरद पवार शनिवार को पुणे में थे, साथ ही चांदनी चौक ब्रिज उद्घाटन के लिए अजित पवार भी पुणे आए थे। इस कार्यक्रम के बाद खबर आई कि कोरेगांव पार्क स्थित चोरडिया के आवास पर शरद पवार और अजित पवार के बीच बैठक हुई, जोकि एक घंटे से भी ज्यादा समय तक चली। शरद पवार और अजित पवार की इस मुलाकात के बाद अटकलों का बाजार गर्म है। कहा जा रहा है कि शरद पवार और अजित पवार के गुट विलय करके साथ आ सकते हैं।

### महाराष्ट्र में 24 घंटे में 18 मरीजों की मौत

**ठाणे।** ठाणे के कलवा में सरकारी छत्रपति शिवाजी महाराज मेमोरियल (सीएसएमएम) अस्पताल में पिछले 24 घंटे में कम से कम 18 मरीजों की मौत हो गई है, जिससे महाराष्ट्र में सार्वजनिक और राजनीतिक आक्रोश फैल गया है। इससे पहले 10 अगस्त को भी अस्पताल में पांच मरीजों की मौत हो गई थी।

# मप्र के 41 जिलों में प्रियंका, कमलनाथ पर एफआईआर

**भोपाल,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। भोपाल और इंदौर समेत 41 जिलों में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व पीसीसी चीफ अरुण यादव और जयराम रमेश के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि इन नेताओं ने वायरल एक पत्र को सोशल मीडिया पर शेयर किया। जिसके आधार पर प्रदेश की भाजपा सरकार पर 50 फीसदी कमीशन वाली सरकार होने का आरोप लगाया है। ज्ञानेन्द्र अवस्थी नाम के अज्ञात शख्स पर भी केस दर्ज किया गया है। दरअसल जो पत्र सोशल मीडिया में चल रहा है। वह 'लघु एवं मध्यम क्षेत्रीय संविदाकार संघ' नाम की कथित संस्था के लेटर हेड पर है। उसमें नीचे की ओर ज्ञानेन्द्र अवस्थी नाम लिखा है।

■ शिवराज सरकार को बताया था 50 फीसदी कमीशन वाली सरकार



ये पत्र हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ के मुख्य न्यायाधीश के नाम पर लिखा गया है।

### भाजपा नेताओं की शिकायत पर मामला दर्ज

भाजपा नेताओं की शिकायत पर भोपाल की क्राइम ब्रांच और इंदौर के संयोगितागंज थाने में केस दर्ज किया गया है। इंदौर में बीजेपी विधि प्रकोष्ठ के नेता निमेश पाठक ने शिकायत की थी। इसमें प्रियंका पर ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से एक पत्र के जरिए भ्रामक ट्वीट करने का आरोप लगाया गया है। ये कहा गया कि कांग्रेस नेताओं ने भाजपा की छवि धूमिल करने का काम किया है। जिसके बाद रात 9:30 बजे संयोगितागंज थाने में (धारा 420, 469) एफआईआर दर्ज की गई है।

कांग्रेस नेता का वायनाड में दूसरा दिन

# देश में इस समय दो विचारधाराओं में चल रही जंग : राहुल

**वायनाड,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वायनाड के दो दिनों के दौरे पर है। उन्होंने रविवार को डॉ. अंबेडकर डिस्ट्रिक्ट मेमोरियल कैंसर सेंटर में पावर फैसिलिटी का उद्घाटन किया। इसके लिए उन्होंने सांसद निधि से 50 लाख रुपए भी दिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उम्मीद है यह नई लाइन बिजली कटौती की परेशानी को खत्म कर देगी। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में इस वक्त दो विचारधाराओं के बीच में जंग छिड़ी हुई है। हम आपको आदिवासी मानते हैं, यानी इस देश के असली हकदार। वहीं, दूसरी विचारधारा कहती है कि आप आदिवासी नहीं, वनवासी हैं।

वे लोग आपको देश का असली स्वामी नहीं मानते। राहुल बोले, कुछ दिन पहले मेरी राजस्थान में बड़ी बैठक हुई थी, जहां मैंने आदिवासी समुदाय से बात की। मैंने उनसे उन दो विचारधाराओं के बारे में बात की, जो इस वक्त देश में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ाई लड़ रही हैं। एक शब्द होता है, आदिवासी जिसका मतलब है जमीन का असली स्वामी।



### आदिवासी देश के हैं असली हकदार

आदिवासी का मतलब है इस पृथ्वी, इस धरती को लेकर एक बुद्धिमत्ता, एक समझ। जिस ग्रह पर हम रहते हैं उसके साथ एक खास रिश्ता। हमारे आदिवासी भाई-बहन इस देश के असली स्वामी हैं। हमारा मानना है कि आपको ये सोचने और तय करने की आजादी मिलनी चाहिए कि आप क्या करना चाहते हैं। इस जमीन के असली मालिकों के तौर पर आपको ये हक होना चाहिए कि आपके बच्चे भी अच्छे कॉलेजों में इंजीनियरिंग पढ़ सकें, डॉक्टर और इंजीनियर बन सकें, बिजनेस शुरू कर सकें, कंप्यूटर सीख सकें। साथ ही आपको जमीन और जंगल पर हक मिलना चाहिए।

# जेयू मामले की यूजीसी का एंटी रैगिंग सेल करेगा जांच

अब तक एक पूर्व और दो वर्तमान छात्रों को किया गया है गिरफ्तार

**कोलकाता,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की एंटी-रैगिंग सेल की एक टीम जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के प्रथम वर्ष के छात्र स्वप्नदीप कुंडू की मौत की जांच के लिए अगले सप्ताह यहां आएगी।

कुंडू की गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के परिसर में कथित तौर पर अमानवीय रैगिंग का शिकार बने बंगाली ऑनर्स के प्रथम वर्ष के छात्र स्वप्नदीप की छात्रावास की बालकनी से गिरकर मौत हो गई थी। मामले में अब तक विश्वविद्यालय के एक पूर्व और दो वर्तमान छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। यूजीसी को परिसर में छात्रों के छात्रावासों में पूरी तरह से कुप्रबंधन की विभिन्न हलकों से कई शिकायतें मिली हैं, जहां नए छात्रों को समायोजित करने के मामले में पूर्व छात्रों का फैसला ही अंतिम होता है। यह भी सवाल उठ रहे हैं कि यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र पास आउट होने के कई साल बाद भी हॉस्टल में कैसे रह सकते हैं। यूजीसी ने जेयू अधिकारियों से दुर्घटना पर एक प्रारंभिक रिपोर्ट भी मांगी है, जिसे सोमवार तक जमा करना है।





# असम में परिसीमन से भाजपा के सहयोगी है नाखुश

**गुवाहाटी,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के चुनाव आयोग द्वारा विधानसभा और संसदीय क्षेत्रों के लिए अंतिम परिसीमन प्रस्ताव प्रकाशित होने के कुछ घंटों बाद, राज्य सरकार में भाजपा की सहयोगी असम गण परिषद (एजीपी) के एक विधायक ने अपनी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। प्रदीप हजारिका शिवसागर जिले के अमगुरी निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार विधायक हैं। वह पार्टी के दिग्गज नेता थे और उनके पार्टी छोड़ने का फैसला एजीपी के लिए एक झटका है। एजीपी अध्यक्ष अतुल बोरा को लिखे एक पत्र में, विधायक हजारिका ने ऊपरी असम के राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शिवसागर जिले में अमगुरी निर्वाचन क्षेत्र के महत्व को कम करने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की।

असम गण परिषद के विधायक ने पार्टी से दिया इस्तीफा

समिति | उद्देश्य पूरा होने पर उपकरों को समाप्त करने के हो प्रावधान

# लोक लेखा समिति ने उपकरों की समीक्षा का दिया सुझाव

**नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसियां)। एक उच्च स्तरीय संसदीय समिति ने सरकार को उपकरों (सेस) को समाप्त करने के प्रावधान जोड़ते हुए उनकी समय-समय पर समीक्षा के लिए एक क्लॉज शामिल करने की सलाह दी है, ताकि यदि उनके उद्देश्य प्राप्त हो गए हैं तो उन्हें बंद करने पर विचार किया जा सके।**

**लोक लेखा समिति (पीएसी) ने उपकरों और करों पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि चूंकि करों, उपकरों और लेवी का बोझ अंततः आम आदमी पर पड़ता है,** इसलिए समय-समय पर उपकरों की समीक्षा की जानी चाहिए, ताकि लक्षित उपलब्धि के स्तर का आंकलन कर इसकी एक विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित की जा सके। पैनल ने यह भी देखा कि चूंकि उपकर केवल विशिष्ट उद्देश्यों के लिए लगाए जाने हैं, इसलिए उनके लगाने और संग्रह के लिए व्यापक और सामान्य भाषा के उपयोग से आय के उपयोग में विसंगतियां हो सकती हैं। विशिष्टता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, समिति का विचार है कि उपकर अच्छी तरह से परिभाषित उद्देश्यों और सीमित अवधि के लिए लगाया जाना चाहिए।



■ करों, उपकरों का आम आदमी पर पड़ता है बोझ
■ समय-समय पर उपकरों की होनी चाहिए समीक्षा

### 13वें वित्त आयोग की सिफारिश पर भी प्रकाश डाला

इसमें 13वें वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिश पर भी प्रकाश डाला गया है कि केंद्र सकल कर राजस्व में अपना हिस्सा कम करने के लिए अधिभार और उपकर की समीक्षा करेगा। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी के नेतृत्व वाली समिति ने कहा कि चूंकि प्रत्येक उपकर के लिए कानून में निहित उपकर के उद्देश्यों की प्राप्ति के संबंध में विचार-विमर्श की आवश्यकता हो सकती है, इसलिए सभी एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है। लेखांकन प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में शामिल है ताकि जहां भी चिंताएं और मुद्दे उत्पन्न हों, उन्हें प्रारंभिक चरण में उजागर किया जा सके और एक विशिष्ट समय सीमा के भीतर तुरंत हल किया जा सके।

# देश

**उवाच** "केंद्र की भाजपा सरकार ने इंडियन पीनल कोड, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड और इंडियन इविडेंस एक्ट में आमूलचूल परिवर्तन करने के माध्यम से भारत की विविधता के मूल के साथ छेड़छाड़ करने का दुस्साहसिक प्रयास किया है जिससे भाषाई साम्राज्यवाद की बू आती है।

–एम.के.स्टालिन,तमिलनाडु के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 29.0 |
| मुंबई | 29.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 28.0 |

# इंडिया अब अगले बड़े कदम उठाने को तैयार

**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। विपक्षी गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक महाराष्ट्र के मुंबई में होने जा रही है, ऐसे में सभी की निगाहें बैठक में होने वाली चर्चाओं पर टिकी हैं। हाल ही में समाप्त हुए संसद के मानसून सत्र में सभी दल एकजुट होकर काम करने में कामयाब रहे हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि रणनीति तैयार करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मलिलकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी ने हाल ही में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता शरद पवार से भी मुलाकात की थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि तीसरी बैठक के दौरान घटक दलों के बीच समन्वय समिति सहित अन्य समितियों के गठन पर चर्चा शुरू होगी। सूत्रों ने कहा कि बैठक में इंडिया के लिए राष्ट्रीय संयोजक, समन्वय समिति और अन्य राजनीतिक समितियों पर निर्णय की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु की बैठक में 11 सदस्यीय समन्वय समिति बनाने का निर्णय लिया गया है, इसलिए इस पर विस्तृत चर्चा होगी, साथ ही संयोजक पद के लिए नाम पर भी चर्चा होगी। सूत्र ने कहा कि बैठक के दौरान राहुल गांधी की सजा पर रोक पर भी चर्चा की जाएगी और भविष्य में भाजपा द्वारा किसी भी प्रतिद्वंद्वी नेता के खिलाफ ऐसी स्थिति से कैसे निपटा जाए इस पर भी विचार किया जाएगा। इंडिया गठबंधन ने एक महीने के अंतराल में 23 जून को बिहार के पटना में और 18 और 19 जुलाई को कर्नाटक के बेंगलुरु में दो बैठकें की हैं। हालांकि, पार्टी के एक सूत्र ने कहा कि तीसरी बैठक के दौरान संसद के शीतकालीन सत्र में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को घेरने की रणनीति भी कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, आप के राज्य सभा सांसद संजय सिंह, राघव चड्ढा और लोकसभा सांसद सुशील कुमार रिंकू के निलंबन को ध्यान में रखते हुए ली जाएगी। सूत्र ने कहा कि सांसदों के निलंबन और संसद में विधेयकों को पारित करने की संसदीय प्रक्रिया को बाधित करने से विपक्ष के हाथ में एक नया हथियार आ गया है। ये सभी दल भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के रथ को रोकने के लिए एक साथ आए हैं जो 542 सीटों में से 353 सीटें जीतने में कामयाब रहा। 2019 के चुनाव में बीजेपी ने 303 सीटें जीती थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 421 सीटों पर चुनाव लड़ी थी और 373 सीटों पर बीजेपी से उसकी सीधी टक्कर थी। बीजेपी ने 2019 का चुनाव 435 सीटों पर लड़ा था, जबकि बाकी सीटों पर उसके गठबंधन सहयोगियों ने चुनाव लड़ा था।

हालांकि, राहुल गांधी द्वारा मोदी के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाने के बावजूद, सबसे पुरानी पार्टी 2019 के लोकसभा चुनावों में केवल 52 सीटें जीतने में सफल रही। 2019 में बीजेपी के खिलाफ सीधे चुनाव लड़ने वाली सीटों को देखते हुए पार्टी में विस्तृत चर्चा चल रही है और वह अभी भी देश भर में कम से कम 400 सीटों पर लड़ने की कोशिश करेगी। सूत्र ने कहा कि बैठक के बाद एक सुखद तस्वीर पेश करने के बावजूद, आगे की राह बहुत आसान नहीं है क्योंकि इसके लिए बहुत सी गंभीर बातचीत की आवश्यकता है इसमें उन राज्यों में बलिदान शामिल है जहां क्षेत्रीय दल इसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी हैं।

- **महाराष्ट्र के मुंबई में होने जा रही तीसरी बैठक पर सबकी निगाहें**
- **31 अगस्त व 1 सितंबर को मुंबई में होगी इंडिया की 26 पार्टियों की तीसरी बैठक**




### एनडीए को घेरे जाने की रणनीति पर होगी चर्चा

सूत्र ने कहा कि इस प्रकार इंडिया गठबंधन के सदस्य राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों के अलावा सरकार के खिलाफ गति का उपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि इस पर भी विस्तृत चर्चा होगी और देश भर में बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को कैसे घेरा जाए, इस पर चर्चा होगी। पार्टी के एक अन्य नेता, जो 23 जून को बिहार के पटना में पहली और दूसरी विपक्षी बैठक और 17 और 18 जुलाई को कर्नाटक के बेंगलुरु में दूसरी बैठक का हिस्सा थे, ने कहा कि 26 विपक्षी दलों को एक साथ लाना लोकतंत्र और संविधान को बचाना है। विचार यह है कि भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के वोटों में विभाजन को रोका जाए।

## मणिपुर ने शहीदों की याद में मनाया देशभक्त दिवस

**इंफाल,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। मणिपुर ने 1891 में ब्रिटिश साम्राज्य को चुनौती देते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी शहीदों की याद में रविवार को देशभक्त दिवस मनाया। मणिपुर के लोगों ने ब्रिटिश सेना की तीन टुकड़ियों के खिलाफ बहादुरी से प्रतिरोध किया। इन्हे 1886 में तत्कालीन महाराजा चंद्रकीर्ति सिंह के निधन के बाद मणिपुर की स्वतंत्र रियासत पर नियंत्रण करने के लिए ब्रिटिश सरकार ने तैनात किया था।

युद्ध जीतने के बाद अंग्रेजों ने उन लोगों को गिरफ्तार कर लिया जो अपनी जमीन की रक्षा करने की कोशिश में शामिल थे, और प्रमुख लोगों को मौत की सज़ा सुनाई थी। 13 अगस्त 1891 को युवराज बीर टिकेंद्रजीत सिंह, थंगल जनरल और पाउना ब्रजबासी को बीर टिकेंद्रजीत पार्क में फांसी दे दी गई थी।

देशभक्त दिवस समारोह में मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने एक मैसेज में कहा कि यह अवसर बीर टिकेंद्रजीत, थंगल जनरल, चिरई नागा, पुखरंबम काजाओ, निरंजन सूबेदार और कई अन्य शहीदों जैसे वीर पूर्वजों की याद दिलाता है जिन्होंने अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए सर्वोच्च और निस्वार्थ बलिदान दिया। राज्यपाल ने कहा कि जिन्हें मणिपुर से जीवन भर के लिए निर्वासित कर दिया गया था, वे अपने राष्ट्र की स्वतंत्रता में विश्वास करते थे।

## जम्मू-कश्मीर के हर युवा को तिरंगे से है प्यार : मनोज सिन्हा



**श्रीनगर,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर का हर युवा तिरंगे के गौरव से प्यार करता है और उसकी रक्षा करेगा। यहां प्रसिद्ध डल झील में विशाल 'तिरंगा रैली' को हरी झंडी दिखाने के बाद उपराज्यपाल ने कहा कि जो लोग कह रहे हैं कि जम्मू-कश्मीर में कोई भी राष्ट्रीय ध्वज नहीं उठाएगा, उन्हें एहसास हो गया होगा कि हर युवा तिरंगे से प्यार करता है। उपराज्यपाल ने कहा कि सबसे बड़ा बदलाव यह है कि हर व्यक्ति तिरंगे के गौरव की रक्षा करना चाहता है और जम्मू-कश्मीर और राष्ट्र के विकास में योगदान देना चाहता हैं।

सिन्हा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के अलावा सुरक्षा तथा नागरिक प्रशासन के अधिकारियों ने भी डल झील के किनारे बुलेवार्ड रोड पर तिरंगे को लहराया। उपराज्यपाल ने एक ट्वीट में कहा कि पूरे केंद्र शासित प्रदेश में पुरुषों, महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी देश के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। रैली डल झील के किनारे से होते हुए एसकेआईसीसी से बॉटनिकल गार्डन तक निकाली गई। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे गूंजे। रैली में जम्मू कश्मीर पुलिस के डीजीपी दिलबाग सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने कहा कि इस बात पर गर्व महसूस हो रहा है कि वे भी आज तिरंगा रैली का हिस्सा बने। पिछले साल की तुलना में इस साल की रैली बड़ी थी। हम देश में शांति के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

- **डल झील में विशाल तिरंगा रैली को दिखाई हरी झंडी**

### एक उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा है जम्मू-कश्मीर

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि एक साथ, जम्मू-कश्मीर एक उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा है। जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग एक संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी भावना से एकजुट हैं-हमारा प्रिय और विजयी तिरंगा दुनिया में ऊंचा लहराएं। उपराज्यपाल ने कहा कि आओ साथ चलें, हमारे दिल एक साथ धड़कें, यही तो है तिरंगा यात्रा का संकल्प जो समाज के हर वर्ग को एक भाव में बांधता है। पुलवामा से पुंछ तक, कुलगाम से कठुआ तक, जम्मू से श्रीनगर तक, 20 जिलों में सभी घर जश्न मना रहे हैं और तिरंगे फहरा रहे हैं।

## सार संक्षेप

### महाराष्ट्र के सीएसएमएम अस्पताल में 24 घंटे में 18 मरीजों की मौत

**ठाणे।** ठाणे के कलवा में सरकारी छत्रपति शिवाजी महाराज मेमोरियल अस्पताल में पिछले 24 घंटे में कम से कम 18 मरीजों की मौत हो गई है, जिससे महाराष्ट्र में सार्वजनिक और राजनीतिक आक्रोश फैल गया है। इससे पहले 10 अगस्त को भी अस्पताल में पांच मरीजों की मौत हो गई थी। ठाणे नगर आयुक्त अभिजीत बांगर ने कहा कि 18 मौतों की सूचना मिली है। राकांपा प्रमुख शरद पवार ने घटना पर दुख व्यक्त किया और देरी से प्रतिक्रिया देने के लिए जिला प्रशासन की आलोचना की।

### पंजाब के तरनतारन से टूटा हुआ ड्रोन बरामद

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस ने विशेष सूचना पर संयुक्त रूप से रविवार को पंजाब के तरनतारन जिले में तलाशी अभियान चलाया और एक टूटा हुआ ड्रोन बरामद किया। बीएसएफ ने कहा कि ड्रोन को प्लास्टिक की बोरी में रखकर लखना गांव के पास ईंटों से बांध दिया गया था। बरामद ड्रोन एक क्वाडकॉप्टर है। एक अन्य संयुक्त तलाशी अभियान में, अमृतसर जिले के धनोए कलां गांव के खेतों से पीले चिपकने वाले टेप में लिपटा हुआ मादक पदार्थों का एक पैकेट बरामद किया गया, जिसमें 530 ग्राम हेरोइन होने का संदेह है।

### आरजीआईए हैदराबाद में 60 लाख का सोना जब्त

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के शमशाबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने रविवार को दो हवाई यात्रियों से लगभग 60 लाख रुपए मूल्य का एक किग्रा सोना जब्त किया। रैंडम एक्स-बीआईएस (इको-5) मशीन का उपयोग करके उनके सामान की जांच की।

### चोरी के आरोपियों को पेड़ से बांधकर बाल काटे

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर में सरिया चोरी के दो आरोपियों को भीड़ ने पकड़ कर पीटा फिर पेड़ से बांधा और उनके बाल भी काट दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की सिलिकॉन सिटी के पास स्थित स्टार कॉलोनी का है, जहां की एक निर्माण अधीन इमारत में कुछ युवकों ने शनिवार की रात सरिया चुराने की नीयत से धावा बोला। आसपास के लोगों को जब इस बात की जानकारी लगी तो उन्होंने द्वारिकापुरी में रहने वाले कुणाल और संतोष को पकड़ लिया। दोनों की पिटाई की मगर यह दोनों भागने लगे तो उन्हें भीड़ ने पड़कर पहले पेड़ से बांधा और पिटाई करने के साथ उनके बाल भी काटे।

### मप्र में 50 फीसदी वाले पत्र पर मचे बवाल पर भड़के कमलनाथ

# सर से पांव तक घोटालों से घिरी है मध्य प्रदेश सरकार

**भोपाल,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में 50 फीसदी वाले लेटर पर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस कर्नाटक के 40 प्रतिशत की तर्ज पर प्रदेश में 50 प्रतिशत कमीशन का मुद्दा बनाने की रणनीति के तहत आगे बढ़ रही है। वहीं, इसे भांप कर भाजपा ने भी कड़ा विरोध कर प्रदेश के सभी जिलों में शिकायत दी है। इसमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत 41 जिलों में एफआईआर भी दर्ज हो गई है। वहीं, अब कांग्रेस अपने नेता कमलनाथ, प्रियंका गांधी, अरुण यादव के खिलाफ एफआईआर होने पर सड़क पर उतर कर विरोध करेगी।

सोशल मीडिया पर कमीशन संबंधी कथित पत्र वायरल होने के बाद कांग्रेस नेताओं पर दर्ज कराई प्राथमिकी को लेकर रविवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह प्राथमिकी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के इशारे पर दर्ज कराई गई है। कमलनाथ ने अपने ट्वीट के माध्यम से कहा 'सर से पांव तक घोटालों से घिरी शिवराज सिंह चौहान सरकार के इशारे पर कांग्रेस की सम्मानित नेता प्रियंका गांधी, जयराम रमेश और मुझ सहित कई नेताओं पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में भाजपा नेताओं ने एफआईआर दर्ज कराई गई। जिस सरकार को मध्यप्रदेश का बच्चा-बच्चा कमीशन राज सरकार कहता है, वह सरकार भ्रष्टाचार की जांच नहीं करा सकती, बल्कि भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाने वालों पर अत्याचार कर सकती है। मैं कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता का आव्हान करता हूं कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ तन कर खड़ा हो जाए और इस 50 प्रतिशत कमीशन के राज को उखाड़ फेंके।' प्रदेश में तीन महीने बाद विधानसभा चुनाव है। इससे पहले कांग्रेस ने कर्नाटक प्लान पर प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाए। इसमें कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख जयराम रमेश, पूर्व सीएम कमलनाथ, पूर्व पीसीसी चीफ अरुण यादव समेत कई नेताओं ने सरकार पर 50 प्रतिशत लेने के आरोप लगाए। इसमें कांग्रेस नेताओं ने लघु एवं मध्यम श्रेणी संविदाकार संघ के एक पत्र का जिक्र किया। इस पत्र को सबसे पहले कांग्रेस नेता अरुण यादव ने शेयर किया था। पत्र में संघ के अध्यक्ष अध्यक्ष ज्ञानेंद्र अवस्थी ने आरोप लगाया है कि प्रदेश में 50 प्रतिशत कमीशन देने पर ही भुगतान मिलता है। उन्होंने हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस से मांग की है कि पूरे मामले की जांच हाईकोर्ट के जज से कराई जाए और हमारे लंबित भुगतान करवाए जाए।

कांग्रेस नेताओं के आरोप पर भाजपा भड़क गई। इसके बाद प्रदेश के सभी जिलों में कांग्रेस नेताओं ने एफआईआर के लिए आवेदन दिया। भाजपा नेताओं के आवेदन पर ग्वालियर में ज्ञानेंद्र अवस्थी के खिलाफ सबसे पहले एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद इंदौर में एफआईआर में प्रियंका गांधी, कमलनाथ और अरुण यादव का नाम जोड़ा गया। इसी तरह भोपाल में भी कांग्रेस नेताओं के उससे संबंधित ट्वीट करने वाले नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस को पत्र में दिए पते पर ना तो ज्ञानेंद्र नाम का कोई शख्स और ना ही संस्था मिली है। इसलिए पता अज्ञात लिखा गया है।



भाजपा के इशारे पर कांग्रेस नेताओं पर दर्ज कराई गई प्राथमिकी : कमलनाथ

### कांग्रेस उतरी सड़क पर

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, कमलनाथ और अरुण यादव के खिलाफ एफआईआर होने पर कांग्रेस भड़क गई है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में कांग्रेस नेताओं के खिलाफ की गई एफआईआर का विरोध करने के लिए कांग्रेस नेता भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध करने सड़क पर उतरे। उन्होंने प्रदेश सरकार की 50 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार की अर्थी निकाली। भोपाल शहर जिला अध्यक्ष मोनू सक्सेना ने बताया कि हमारे नेताओं के खिलाफ भाजपा सरकार के दबाव में एफआईआर की गई है। इनको अब जनता जवाब देगी। हम डरेंगे नहीं लड़ेंगे।

## केरल में बुखार से पीड़ित बच्चे को लगाया रेबीज का टीका



**तिरुवनंतपुरम,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। अंगामलाई सरकारी अस्पताल में एक अस्थायी नर्स को निलंबित कर दिया गया, क्योंकि उसने बुखार से पीड़ित एक लड़की को रेबीज का टीका लगा दिया था। सात साल की बच्ची के माता-पिता ने कहा कि नर्स ने उसके नुस्खे की जांच किए बिना इंजेक्शन लगा दिया। यह घटना 11 अगस्त को हुई थी। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने जांच के आदेश दिए थे और जांच के बाद नर्स को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। बच्चे की मां अंजलि ने मीडिया को बताया कि वह पुलिस जांच के लिए दबाव नहीं डालेंगी, क्योंकि डॉक्टरों ने उन्हें सूचित किया है कि बच्चे को कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने कहा कि नर्स ने परिवार से माफी मांगी है और परिवार को मामले को आगे बढ़ाने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

- **नर्स को किया गया बर्खास्त**

# परिसीमन के जरिए एआईयूडीएफ को नुकसान पहुंचाने की साजिश : अजमल

**गुवाहाटी,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल ने आरोप लगाया है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ने परिसीमन अभ्यास के माध्यम से उनकी पार्टी को राजनीतिक रूप से दरकिनार करने के लिए विवाद की साजिश रची। अजमल ने रविवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री परिसीमन प्रक्रिया के माध्यम से राज्य में मूल लोगों के हितों की रक्षा करने की बात कर रहे हैं।

मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मुस्लिम लोग भी असम के मूल निवासी हैं। उनका आरोप है कि परिसीमन से असम विधानसभा में मुस्लिम विधायकों की संख्या कम हो जाएगी। अजमल ने कहा कि हमारी पार्टी परिसीमन में सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वाली पार्टी है। विधानसभा सीटों के भूगोल में बदलाव के कारण हमारे कई विधायक अगली बार हार जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने राज्य की राजनीति में एआईयूडीएफ को खत्म करने के मकसद से ऐसा किया और कांग्रेस ने गुपचुप तरीके से उसका साथ दिया। एआईयूडीएफ नेता ने कहा कि परिसीमन आदेश के बाद भाजपा और कांग्रेस दोनों खुश हैं। इससे साबित होता है कि उनमें पहले से आपसी समझ थी। आगामी लोकसभा चुनाव के बारे में अजमल ने दावा किया कि उनकी पार्टी कम से कम तीन सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले हमने धुबरी, बारपेटा और करीमगंज लोकसभा सीटें जीती थीं। इस बार नागांव सीट भी हमारे लिए अनुकूल है। हम वहां पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे और उम्मीद है कि इन चार सीटों में से कम से कम तीन जीतेंगे।



- **परिसीमन से असम विस में मुस्लिम विधायकों की संख्या कम हो जाएगी**

## शाह ने गुजरात में विभिन्न परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**गांधीनगर,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को मेहसाणा के चंद्रसार गांव का दौरा किया, जहां उन्होंने एक झील के चल रहे नवीनीकरण का अवलोकन किया। झील का नवीनीकरण किया जा रहा है और योजना में एक एम्फीथिएटर व एक ओपन लाइब्रेरी का एकीकरण शामिल है, जो स्थानीय निवासियों के लिए समृद्ध सामुदायिक स्थानों का वादा करती है। अमित शाह ने एक नए सब-रजिस्ट्रार दफ्तर का भी उद्घाटन किया। यह 2 करोड़ रुपये का निवेश संपत्ति से संबंधित कार्यों में तेजी लाने, निवासियों के लिए दक्षता और आसानी सुनिश्चित करने के लिए तैयार है।



अमित शाह ने पिछले 9 वर्षों में देश भर में सड़क निर्माण की गति को दोगुना करने में मोदी सरकार के सराहनीय प्रयासों की सराहना की। शाह ने गुजरात में भाजपा के मजबूत डबल इंजन शासन पर प्रकाश डाला, जिसने सड़कों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से कनेक्टिविटी और विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। इस परियोजना का अनुमानित बजट 40 करोड़ रुपए है। यह रणनीतिक कदम स्थानीय गतिशीलता को बढ़ावा देने और यातायात लचीलेपन को बढ़ाने के लिए निर्धारित है, जो व्यापक विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक सच्चा प्रमाण है।

## लोगों की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही पुलिस : लिंगराज

**भुवनेश्वर,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। एक दशक से अधिक समय से ओडिशा के कालाहांडी और रायगडा जिलों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशील नियमगिरि पहाड़ियों में बॉक्साइट खनन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे एक आदिवासी निकाय ने अपने सदस्यों के खिलाफ यूएपीए मामलों को तत्काल वापस लेने की मांग की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह मांग कथित तौर पर वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ पुलिस कार्रवाई का विरोध करने के लिए नियमगिरि सुरक्षा समिति (एनएसएस) के नौ सदस्यों के खिलाफ सख्त गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत आरोप तय करने के बाद की गई है। एक संवाददाता सम्मेलन में एनएसएस नेता लिंगराज आजाद ने शनिवार को यूएपीए के प्रावधान के तहत आदिवासी निकाय के नौ सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए राज्य सरकार और रायगडा जिला पुलिस की आलोचना की। आजाद ने दावा किया कि पुरुषों और महिलाओं के एक समूह ने छह अगस्त को कल्याणसिंहपुर पुलिस स्टेशन के सामने प्रदर्शन किया था, जिसमें दो ग्रामीणों का पता मांगा गया था, जिन्हें कथित तौर पर पुलिसकर्मियों ने लांजीगढ़ हाट से उठाया था।उन्होंने दावा किया, शुरुआत में पुलिस ने दोनों का पता नहीं बताया। बाद में एक ग्रामीण पर 2018 में हुए दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया और दूसरे को रिहा कर दिया गया।



- **आदिवासियों ने की यूएपीए मामलों को वापस लेने की मांग**

**तैयारी** *कश्मीर घाटी में स्वतंत्रता दिवस समारोहों को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में*

# 33 साल बाद बिना किसी प्रतिबंध के मनेगा स्वतंत्रता दिवस

**श्रीनगर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। कश्मीर घाटी में 33 साल के लंबे इंतजार के बाद सही मायने में सामान्य परिस्थितियों में स्वतंत्रता दिवस समारोहों का आयोजन होगा। अधिकारियों ने घाटी में स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच 15 अगस्त और उसके आसपास नागरिक आवाजाही पर सभी प्रतिबंध हटाने व मोबाइल फोन तथा इंटरनेट के सुचारू संचालन की घोषणा की है।**

कश्मीर संभागीय आयुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने 15 अगस्त के आसपास मोबाइल फोन और इंटरनेट को निलंबित करने से इनकार कर दिया है। यह पिछले कई वर्षों के विपरीत है जब अधिकारी 15 अगस्त के आसपास घाटी में मोबाइल फोन और इंटरनेट दोनों सेवाओं को निलंबित कर देते थे। डिविजनल कमिश्नर ने यह भी कहा कि 15 अगस्त के आसपास और उस दिन घाटी में कहीं भी सार्वजनिक आवाजाही पर किसी भी तरह का कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा। कश्मीर के एडीजीपी विजय कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के सुचारू संचालन के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा ग्रिड स्थापित किया गया है, जबकि ड्रोन निगरानी और हवाई रेकी नए सुरक्षा उपायों का हिस्सा होगी। एडीजीपी ने रविवार को यहां बख्शी स्टेडियम में आयोजित फुल-ड्रेस रिहर्सल के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हवाई रेकी और ड्रोन निगरानी इस साल 15 अगस्त को की गई सुरक्षा व्यवस्था का नवीनतम आयाम है। घाटी में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह कई वर्षों के बाद बख्शी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। पिछले कई साल से यह समारोह शहर के सोनवार इलाके में शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा था। एडीजीपी ने कहा है कि बख्शी स्टेडियम क्रिकेट स्टेडियम से कहीं बेहतर स्थल है। उन्होंने कहा कि यहां हमारे पास उचित पार्किंग सुविधा और आवास सुविधा है।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिए लोगों को बड़ी संख्या में आना चाहिए। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा श्रीनगर में मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और सलामी लेंगे, जबकि विभिन्न जिला विकास आयुक्त अपने जिलों में समारोह का नेतृत्व करेंगे। पुलिस, सेना, अर्धसैनिक बलों, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा बल तथा स्कूली बच्चों की टुकड़ियां बख्शी स्टेडियम में परेड का हिस्सा होंगी। सोमवार को सभी स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थलों पर विविधता में एकता को उजागर करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के चलते सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है।



- **स्वतंत्रता समारोह के सुचारू संचालन के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा ग्रिड किया गया स्थापित**
- **नागरिक आवाजाही पर सभी प्रकार के प्रतिबंध हटाने की घोषणा की**

उल्टा पुल्टा

सुरेश, डॉक्टर से : जब मैं सोता हूं तो सपने में बन्दर फुटबॉल खेलते हैं।
डॉक्टर : कोई दिक्कत नहीं, ये गोली रात को सोने से पहले खा लेना।
सुरेश : कल से खाऊंगा, आज तो फाइनल हैं

# दिल्ली को साफ-सुथरा कर लंदन व न्यूयॉर्क जैसा बनाएंगे : शैली

## निगम में भाजपा के पिछले 15 सालों के राज की आलोचना की

**नई दिल्ली,**13 अगस्त (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने एमसीडी के नेता सदन मुकेश गोयल के साथ पार्टी मुख्यालय में रविवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि पिछले 15 सालों तक भारतीय जनता पार्टी ने नगर निगम पर राज किया। लेकिन भाजपा ने दिल्ली की एक गली, मोहल्ले और शौचालय की भी सफाई नहीं की। इसका नतीजा यह हुआ कि पूरी दिल्ली में कूड़ा ही कूड़ा हो गया। इस कूड़े से दिल्ली में तीन बड़े-बड़े कूड़े के पहाड़ बन गए और दिल्ली की जनता ने भाजपा को नगर निगम से उठाकर बाहर कर दिया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी को नगर निगम में जनता ने मैंडेट देकर दिलली को साफ सुथरा बनाने का मौका दिया। उन्होंने कहा कि निगम चुनाव से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 10 गारंटी दी थी। उनमें से एक गारंटी दिल्ली को साफ-सुथरा और नंबर वन सिटी बनाने की थी। उसी गारंटी को पूरी करते हुए अब दिल्ली में सफाई अभियान की शुरुआत हुई है। मेगा सफाई अभियान का आज दूसरा दिन है। इस




**भाजपा ने दिल्ली की एक गली, मोहल्ले व शौचालय की भी सफाई नहीं की : शैली ओबरॉय**

सफाई अभियान का नाम अब दिल्ली होगी साफ है। इसके जरिए राजधानी दिल्ली में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की एक शुरुआत हुई है। दिल्ली में कई जगह रोज छोटे-छोटे कूड़े के पहाड़ बन जाते हैं। उन पॉइंट्स को चिन्हित करने के बाद वहां पर डेली सफाई की जाएगी। उन क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण का काम किया जाएगा, ताकि वहां पर बार बार कूड़ा जमा न हो। इसलिए हमारा सपना कूड़ा फ्री दिल्ली है। यह सपना मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने देखा है। अब यह सपना वास्तविकता में बदलने वाला है।

### 250 वार्डों में चलाया जाएगा सफाई अभियान

अरविंद केजरीवाल के निर्देशानुसार पूरी दिल्ली में 250 वार्डों में अभियान चलाया जाएगा। पूरे साल ये अभियान चलेगा और इसके अंतर्गत तीन हजार टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि हर टीम 50 गलियों का निरीक्षण करेगी। जहां-जहां कूड़ा दिखेगा, उनको निगम की 311 ऐप पर फोटो के साथ अपलोड करेगी। फोटो अपलोड होते ही नगर निगम के कर्मचारी उन पॉइंट्स पर जाकर वहां की सफाई करेंगे। इस अभियान के जरिए हमारे पार्षद, विधायक, अधिकारी, कर्मचारी मिलकर दिल्ली को साफ सुथरा बनाएंगे। दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे कि वार्डों में जहां-जहां कूड़ा डाला जाता है, उनको चिन्हित किया जाए।

## दुर्गा दास राठौर की 385 वीं जन्म जयंती पर किया माल्यार्पण



**नई दिल्ली,**13 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व महापौर जय प्रकाश ने रविवार को आज आजाद मार्केट चौक स्थित राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वीर दुर्गादास राठौड़ जी की गाथाएं सुनी और लोगों को सुनाई, ताकि लोग उनसे प्रेरित होकर हिंदू धर्म-संस्कृति व राष्ट्र की रक्षा करने में अग्रणी भूमिका निभाएं। साथ ही हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा के माध्यम से वहां पर तिरंगा फहरा करके स्वतंत्रता दिवस के सेनानियों को याद किया। राष्ट्र वीर दुर्गा दास राठौर जी की 385 जन्म जयंती पर पूर्व महापौर जय प्रकाश ने माल्यार्पण किया।

# प्रदूषण के खिलाफ लगातार काम कर रही सरकार : गोपाल राय




**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। अब दिल्ली का कोई भी नागरिक वन विभाग के पोर्टल से वन और वन्यजीव संरक्षण का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेगा। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार को पोर्टल लांच किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पोर्टल का उद्देश्य वन एवं वन्यजीव विभाग की कार्यप्रणाली के बारे में जागरूक और हरित क्षेत्र की सुरक्षा को बढ़ावा देना है। दिल्ली सरकार ने इस साल 52 लाख से ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में अलग-अलग क्षेत्रों में वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पटपड़गंज के उत्सव मैदान में रविवार को पांचवे वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुफ्त प्रशिक्षण के लिए पोर्टल को लांच किया गया। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल के जरिए विभाग के विभिन्न अधिनियमों, योजनाओं और कार्यों के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रदूषण की समस्या की रोकथाम के लिए भी आप सरकार लगातार काम कर रही है। इसके चलते पिछले आठ सालों में प्रदूषण में तीस फीसदी तक की कमी आई है। दिल्ली में 2013 में हरि क्षेत्र बीस फीसदी था, वह वर्ष 2021 में बढ़कर 23.06 फीसदी हो गया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के दूसरे कार्यकाल यानी वर्ष 2020 से वित्त वर्ष 2022-23 तक एक करोड़ 18 लाख पौधे लगाए गए हैं।

**पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने पोर्टल लांच किया**

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन



**नई दिल्ली।** पूजनीय माता कृष्णा रानी मेहता की द्वितीय पुण्यतिथि की याद में आरडब्ल्यूए रोहन मेहता वेस्ट चंद्र नगर प्रधान अजय मेहता लकी की ओर से निशुल्क हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन आर्य समाज मंदिर ईस्ट चंद्र नगर दिल्ली में लगाया गया जिसमे आस डायग्नोस्टिक के द्वारा ईसीजी, ब्लड शुगर, हड्डियों की जांच, दांतों की जांच, आंखों की जांच अनुभवी डॉक्टरों द्वारा की गई इस कैंप में 200 लोगों ने अपने निशुल्क जांच करवाई इस कैंप में विधायक एस के बग्गा निगम पार्षद संदीप कपूर, राजू साईं, पूर्व निगम पार्षद रमेश पंडित आप नेता श्रवण दीक्षित, मनदीप सिंह, हिना वाही, सुरेश कपूर, संदीप पोद्दार, मोहित गॉड, राज आहूजा, राकेश मल्होत्रा, सुरेंद्र सेठी, सौम्या अब्बी, राजेश मेहता, सीमा मेहता, राजेश माईकल, विनोद बजाज, वान्या मेहता, सेंटर फॉर साइट और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

# सत्य बहुमत का विचार ही होता है देश के लोकतंत्र का आधार : सत्यदेव

**नई दिल्ली,**13 अगस्त (देशबन्धु)। सत्य बहुमत पार्टी के संस्थापक नेता सत्यदेव चौधरी ने चांदनी चौक लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। नई दिल्ली में रायसीना रोड स्थित प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के ऑडिटोरियम में हमारे देश में बहुमत क्यों नहीं है परिभाषित परिचर्चा के दौरान चौधरी ने यह घोषणा की। परिचर्चा के दौरान वरिष्ठ पत्रकार शीबा असलम फहमी, न्यूज एंकर हुसैन रिज़्वी, कार्टूनिस्ट इरफान, आम आदमी पार्टी के अक़ील खान, राजनीतिक विश्लेषक संजीव कौशिक, परविंदर सेठी और अश्विनी मिश्रा के साथ-साथ विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। वर्तमान संसदीय




**चांदनी चौक से चुनाव लड़ेंगे चौधरी**

प्रजातंत्र में मतदाताओं को सशक्त बनाने की जरूरत पर जोर देते हुए चांदनी चौक से लोकसभा प्रत्याशी सत्यदेव चौधरी ने चार मंत्र दिए- सांसदों के बहुमत के बजाए मतदाताओं के बहुमत से सरकार बने आधे से एक ज्यादा के बजाए सबसे ज्यादा मत ही बहुमत के रूप में परिभाषित हो भ्रष्ट तरीके से सरकार बनाने के लिए गठबंधन की सियासत खत्म हो दलबदल कानून और ह्विप का खात्मा हो परिचर्चा के दौरान शीबा असलम फहमी ने बताया कि देश में लोकतंत्र कमजोर हो रहा है, संवैधानिक संस्थाओं को जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है।

यह सब करने के लिए संसद का इस्तेमाल हो रहा है। सांसद खरीदे-बेचे जा रहे हैं। सरकारें गिराने और बनाने के लिए भ्रष्ट तरीके इस्तेमाल हो रहे हैं। न्यूज एंकर हुसैन रिजवी ने कहा कि आज देश में हर कोई ख़तरे में हैं। मुसलमानों को हिन्दुओं से और हिन्दुओं को मुसलमानों से डर लगता है। ख़ौफ़ ही हुकूमत का आधार बन गया है।



■ लाल किले के सामने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के बीच फुल-ड्रेस रिहर्सल में भाग लेते सैनिक। फोटो इम्तियाज खान

# किसानों के कल्याण को प्रतिबद्ध : केसीआर

## अनाज पैदावार 68 लाख मीट्रिक टन से बढकर 2.7 करोड़ मीट्रिक टन हो गई है : राव

**नई दिल्ली,**13 अगस्त (देशबन्धु)। तेलंगाना सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं-कृषि के लिए मुफ्त बिजली, अनाज खरीद, रायथु बंधु, रायथु बीमा और ऋण माफी जैसी किसान अनुकूल योजनाओं के कारण तेलंगाना सर्वाधिक अन्न उत्पादक राज्य बन गया है। वर्ष 2014 में तेलंगाना में खेती योग्य भूमि का क्षेत्रफल 1.31 लाख करोड़ एकड़ था और 2022-23 तक यह 2 करोड़ 20 लाख एकड़ है। वर्ष 2014-15 में अनाज उत्पादन केवल 68 लाख टन था, लेकिन 2022-23 तक यह लगभग 2.70 करोड़ टन के रिकार्ड स्तर तक पहुंच गया है। वर्ष 2014-15 में कपास की खेती का क्षेत्रफल 41.83 लाख एकड़ था, 2020-21 तक (44.70 प्रतिशत वृद्धि) 18.70 लाख एकड़ बढ़कर 60.53 लाख एकड़ हो गया है। 2014-15 में कपास की पैदावार 35.83 लाख गांठ और 2020-22 तक 63.97 लाख गांठ थी। तेलंगाना एकमात्र ऐसा राज्य है जो किसानों से सारा अनाज सीधे खरीदता है। राज्य गठन के बाद से अब तक 1 लाख 33 हजार करोड़ खर्च हुए और 722.92 लाख मीट्रिक टन अनाज इकट्ठा हुआ। अनाज के अलावा अन्य फसलें 11,437.55 करोड़ रुपए की लागत से खरीदी गईं। तेलंगाना सरकार खेती के लिए 24 घंटे मुफ्त बिजली उपलब्ध करा रही है। 27.49 लाख कृषि कनेक्शनों को नि:शुल्क विद्युत आपूर्ति की जा रही है जिस पर 32700 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। मुफ्त बिजली आपूर्ति के लिए प्रति वर्ष 10,500 करोड़ रुपए का



### अब तक दो किस्तों में 17,351.47 करोड़ किए माफ

किसानों को कर्ज के बोझ से मुक्ति दिलाने के लिए सरकार किसान कर्ज माफी लागू कर रही है। अब तक दो किस्तों में तेलंगाना सरकार 17,351.47 करोड़ रुपए माफ कर चुकी है। सरकार ने हाल ही में एक लाख रुपये तक के ऋण माफ करने के लिए 18,000 करोड़ रुपए की धनराशि मंजूर की है। सरकार रायथु बीमा योजना लागू कर रही है। किसान की अचानक मृत्यु होने पर पांच लाख रूपए दिए जाते हैं। रायथु बीमा योजना के तहत 108051 किसान परिवार लाभान्वित हुए हैं, उन्हें 5402.55 करोड़ रुपए की मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है।

## मच्छरजनित जनित बीमारियों की रोकथाम को अभियान तेज

**नई दिल्ली,**13 अगस्त (देशबन्धु)। मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के दिल्ली नगर निगम ने अभियान तेज कर दिया है। निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली नगर निगम मच्छर जनित बीमारियों के खतरे से नागरिकों को बचाने के लिए बचाव व रोकथाम के मोर्चे पर युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग ग्राउंड जीरो पर तैनात मलेरिया इंस्पेक्टर, डीबीसी कर्मचारी, फील्ड वर्कर व अधिकारी के माध्यम से अभियान को तेज कर दिया व सभी क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर विशेष अभियान व जन जागरूकता कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। निगम के 3000 से ज़्यादा डीबीसी कर्मचारी व 2000 फ़ील्ड वर्कर मिशन मोड में मच्छर की प्रजनन जांच एवं उसे नष्ट कर रहे। मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी ज़ोन में एंटी लार्वा संबंधित उपाय किए जा रहे हैं । इस वर्ष निगम ने 22269649 बार घरों का निरीक्षण किया जिसमें 142206 घरों में मच्छरों का प्रजनन पाया गया। अब तक कुल 661709 घरों में कीटनाशक का छिड़काव किया जा चुका है।

### भाजपा आज मनाएगी विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली भाजपा कल 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाएगी। इस अवसर पर एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में एक सेमिनार का आयोजन किया गया है, जिसे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा संबोधित करेंगे। सचदेवा ने कहा है कि मैं खुद एक ऐसे परिवार से हूं, जिसने विभाजन की पीड़ा का सामना किया था क्योंकि मेरे परिवार के बुजुर्ग जिला मुजफ्फरगढ़, पाकिस्तान से दिल्ली आए थे और इसलिए मैं पंजाबियों के साथ-साथ वहां से आए उन अन्य लोगों के दर्द और पीड़ा को अच्छी तरह से समझता हूं जो तत्कालीन पंजाब और सिंध क्षेत्र जो अब पाकिस्तान में है से भारत आये थे।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

15 अगस्त, 2023 को लाल किला में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह-2023 के कारण प्रातः 06:45 बजे से प्रातः 09:00 बजे तक 2 घंटे 15 मिनट के लिए दिल्ली जं. एवं दिल्ली शाहदरा के मध्य रेल यातायात अस्थायी तौर पर बंद रहेगा। इसके परिणास्वरूप निम्नलिखित रेलगाड़ियां निम्नानुसार प्रभावित रहेंगी:-

रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | निरस्तीकरण की तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 04413 / 04447 गाजियाबाद-दिल्ली विशेष एक्सप्रेस | 15.08.2023 |
| 04486/04940 दिल्ली-गाजियाबाद विशेष एक्सप्रेस | 15.08.2023 |

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 04091 खुर्जा-शकूरबस्ती विशेष एक्सप्रेस | वाया साहिबाबाद-तिलक ब्रिज-नई दिल्ली-दिल्ली किशनगंज | 15.08.2023 |
| 04339 बुलंदशहर-तिलक ब्रिज विशेष एक्सप्रेस | वाया साहिबाबाद-तिलक ब्रिज | 15.08.2023 |

समारोह समापन तक पुनर्निर्धारित/विनियमित (रोककर चलाई जाने वाली) रेलगाड़ियां

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | स्टेशन जहां पर रेलगाड़ी पुनर्निर्धारित/विनियमित रहेगी |
|---|---|
| 12038 दिल्ली जं.-कोटद्वार सिद्धबली जनशताब्दी | समारोह समापन के बाद 09:00 बजे चलेगी |
| 15484 दिल्ली जं.-अलीपुरद्वार सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस | समारोह समापन के बाद 08:50 बजे चलेगी |
| 18102 जम्मूतवी-टाटानगर एक्सप्रेस | दिल्ली जं. पर रोकी जाएगी और समारोह समापन के बाद चलेगी |
| 15910 लालगढ़-डिब्रुगढ़ अवध असम एक्सप्रेस | दिल्ली जं. पर रोकी जाएगी और समारोह समापन के बाद चलेगी |
| 04946 दिल्ली-गाजियाबाद विशेष एक्सप्रेस | दिल्ली जं. पर रोकी जाएगी और समारोह समापन के बाद चलेगी |
| 04404 सहारनपुर-दिल्ली विशेष एक्सप्रेस | गाजियाबाद-दिल्ली शाहदरा के बीच रोकी जाएगी और समारोह समापन के बाद चलेगी |
| 12225 आजमगढ़-दिल्ली जं. कैफियत एक्सप्रेस | दिनांक 14.08.2023 को आजमगढ़ से 90 मिनट देरी से चलेगी |
| 14042 देहरादून-दिल्ली मसूरी एक्सप्रेस | दिनांक 14.08.2023 को देहरादून से 70 मिनट देरी से चलेगी |

15 अगस्त, 2023 को रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | स्टेशन जहाँ रेलगाड़ी यात्रा समाप्त/प्रारंभ करेगी | स्टेशन के बीच निरस्त |
|---|---|---|
| 04401 दिल्ली-शामली-सहारनपुर विशेष एक्सप्रेस | शामली पर | शामली-सहारनपुर |
| 04402 सहारनपुर-शामली-दिल्ली विशेष एक्सप्रेस | शामली से | सहारनपुर-शामली |
| 04288 दिल्ली-अलीगढ़ विशेष एक्सप्रेस | गाजियाबाद पर | दिल्ली-गाजियाबाद |
| 01622 सहारनपुर-शामली-दिल्ली विशेष | दिल्ली शाहदरा पर/से | दिल्ली शाहदरा-दिल्ली |
| 01617 दिल्ली-शामली विशेष एक्सप्रेस | दिल्ली शाहदरा से | दिल्ली-दिल्ली शाहदरा |
| 04931 अलीगढ़-दिल्ली विशेष एक्सप्रेस | गाजियाबाद से | गाजियाबाद-दिल्ली |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं.139 पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव G20

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा-हमारा ध्येय 2515/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

करार | आईपीयू ने एम्स के साथ किया समझौता

# तैयार होगी रोगी शिकायत निवारण प्रणाली

**नई दिल्ली,13 अगस्त (देशबन्धु)। एम्स में इलाज करवाने आ रहे मरीजों की समस्याओं को दूर करने के लिए रोगी शिकायत निवारण प्रणाली तैयार होगी। इसकी मदद से मरीज अपनी समस्या का हल पा सकेंगे। साथ ही एम्स आधुनिक तकनीक की मदद जान पाएगा कि एम्स में आने वाले मरीजों को किस विभाग में किस तरह की परेशानी हो रही है। इस सेवा की शुरूआत मातृ एवं शिशु ब्लॉक से होगी। बाद में इस सेवा का विस्तार अन्य सभी विभागों में किया जाएगा। दरअसल एम्स ने रोगी शिकायत निवारण प्रणाली को विकसित करने केलिए गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) के साथ एक समझौता किया है।**




इस समझौते की मदद से रोगी देखभाल में सुधार लाया जाएगा। एम्स की ओपीडी में रोजाना 10 से 20 हजार मरीज आते है। इनके अलावा एम्स में प्रति दिन 50 हजार के करीब लोग रहते है। इनमें से कई मरीजों की शिकायत रहती है कि उनका उपचार सही से नहीं हो पा रहा है। कई बार जांच को लेकर भी सवाल उठाए जाते है। ऐसे मे इस प्रणाली की मदद से उन सवाल को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही सेवा में पारदर्शिता, जवाबदेही और रोगी संतुष्टि को बढ़ावा मिलेगा। इस बारे में एम्स निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने कहा कि यह ऐतिहासिक है। नवाचार और विशेषज्ञता का उपयोग करके रोगी देखभाल को बेहतर बनाएंगे। वहीं आईपी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. महेश वर्मा ने कहा कि एम्स के साथ हमारा सहयोग समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा मे पहल है।

**■ अपनी समस्या का हल पा सकेंगे मरीज**

### यह होंगे दायरे में

रोगी शिकायत निवारण प्रणाली के व्यापक दायरे में रोगी उपचार, नैदानिक अभ्यास, नर्सिंग देखभाल, कल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन, स्वच्छता, सुरक्षा, बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के प्रबंधन सहित अन्य सभी सेवाएं होंगी। इन सभी पहलुओं को एकीकृत प्रणाली से चलाने के लिए काम किया जाएगा।

**मिलेगी नि:शुल्क सुविधा**

एम्स में मरीजों की सुविधा के लिए आईपीयू का यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स यूएसएआर (यूएसएआर) और यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ डिजाइन एंड इनोवेशन (यूएसडीआई) प्लेटफार्म तैयार करेगा। यह अपनी तरह का पहला मंच होगा जो रोगी देखभाल के लिए एक अग्रणी दृष्टिकोण दे सकता है।

एम्स की मीडिया प्रभारी प्रोफेसर डॉ. रीमा दादा ने कहा कि यह सुविधा एम्स को नि:शुल्क उपलब्ध होगी।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “ हम भारतीयों को भारत विभाजन के दिन को याद रखने की जरूरत है, क्योंकि हमारी लाखों बहनें और भाई विस्थापित हो गए थे और कई लोगों ने बेवजह नफरत के कारण अपनी जान गंवा दी थी। उन्हें विभाजन के दौरान यातना पूर्ण व्यवहार और हिंसा का सामना करना पड़ा था।

**जनरल डॉ. विजय कुमार सिंह, सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री**

## 131 मीटर तिरंगे के साथ निकलेगी विशाल तिरंगा यात्रा : सुनील प्रधान

**नोएडा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। 15 अगस्त को 77 वें स्वतंत्रता दिवस उपलक्ष्य में पिछले वर्ष की तरह भारतीय सेन समाज द्वारा प्रस्तावित द्वतीय विशाल एवं भव्य 'तिरंगा यात्रा' की तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी है। समाज के प्रवक्ता सुनील प्रधान ने बताया कि सेन समाज के तत्वाधान में सेन समाज 15 अगस्त 2023 को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन करने जा रहे है। जिसमें संगठन द्वारा 131 मीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। सुनील प्रधान ने बताया कि तिरंगा यात्रा का शुभारंभ 15 अगस्त को सुबह 8.00 बजे से फूल मंडी फेस-2 नोएडा से किया जाएगा यात्रा का सूरजपुर कलेक्टर ऑफिस पर जाकर समापन किया जाएगा। जिसमें समस्त सेन समाज प्रतिभाग करेगा। इस दौरान भारतीय सेन समाज के गौतमबुद्ध नगर के जिलाध्यक्ष हरवीर सेन ने जनता से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में तिरंगा यात्रा में शामिल हो। इस दौरान भारतीय सेन समाज के राष्ट्रीय महासचिव बबलू सेन रिठौरी, राष्ट्रीय विधि सलाहकार एडवोकेट मुकेश सेन, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. दीपक सेन, जिलाध्यक्ष हरवीर सेन, महानगर अध्यक्ष मिंटू कौशिक सेन, जिला उपाध्यक्ष गजेंद्र सेन, चरण सिंह सेन, विजयपाल सेन, डॉ. रविंद्र सेन, सुनील प्रधान, इंदराज सेन, भोपाल सैन, ऋषि पाल सेन, लखन सेन, योगेश सेन, डॉ. तेजपाल सेन, रोहतास सेन आदि लोग उपस्थित रहे।

# एनसीआर के लिए तैयार होगा रीजनल प्लान

### नए नोएडा का मास्टर प्लान पास, मांगी गई आपत्ति व सुझाव

**■ केंद्रीय कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति को आवंटित की गई 60 हजार वर्ग मीटर जमीन**

**नोएडा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की 210वीं बोर्ड बैठक अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त व नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस बार बोर्ड में कुल 18 प्रस्तावों को रखा गया। जिसमें न्यू नोएडा (डीएनजीआईआर), चिल्ला, यातायात रीजनल प्लान, भंगेल एलिवेटेड, सेक्टर-42 का नियोजन और भू प्रयोग में बदलाव आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ऑनलाइन के माध्यम से अनिल कुमार सागर प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, सीईओ ग्रेटरनोएडा रवि एनजी, एसीईओ कपिल सिंह के अलावा नोएडा एसीईओ मानवेंद्र सिंह, सतीश पाल और प्रभास मौजूद रहे।



**रीजनल प्लान के लिए आरएफपी जारी करने का लिया निर्णय**

एनसीआर क्षेत्र में ट्रैफिक अवरोध को समाप्त कर रीजनल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए रीजनल प्लान तैयार किया जाएगा। सलाहकार कंपनी नियुक्त करने के लिए आरएफपी जारी करने का निर्णय लिया गया। इस कार्य में होने वाले खर्च का वहन तीनों प्राधिकरण यानी नोएडा ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण एक समान रूप से करेंगे। रीजनल प्लान पर निर्णय के लिए एक समिति बनाई जाएगी इसी क्रम में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**डीएनजीआईआर मास्टर प्लान के लिए मांगी आपत्ति**

बैठक में न्यू नोएडा के मास्टर प्लान-2041 को रखा गया। बोर्ड ने मास्टर प्लान को एप्रूव कर दिया है। अब जन सामान्य से इस आपत्ति और सुझाव मांगे गए है। डीएनजीआईआर मास्टर प्लान 2041 में 40 प्रतिशत भू उपयोग औद्योगिक, 13 प्रतिशत आवासीय और ग्रीन एरिया व रीक्रिएशनल एक्टिविटी के लिए 18 प्रतिशत प्रावधान किया गया है। डीएनजीआईआर को गौतमबुद्ध नगर के 20 और बुलंदशहर के 60 गांवों को मिलाकर बनाया गया है। आपत्ति और सुझाव आने के बाद इसका निस्तारण किया जाएगा। इसे आगामी बोर्ड में रखने के बाद शासन को मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

**रिक्त पदों की होगी भर्ती**

स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए नोएडा प्राधिकरण समूह क, ख और ग के कर्मियों को निश्चित अवधि के लिए नियुक्त करने हेतु सरकारी विभागों मे कार्यरत कर्मियों एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए विज्ञप्ति जारी करेगा।

**सेक्टर-42 का संशोधित ले आउट प्लान किया गया पास**

नोएडा में सेक्टर-42 के संशोधित ले आउट प्लान को पास किया गया। जिसमें भूखंड संख्या जीएच-01 एरिया 60000 हजार वर्ग मीटर केंद्रीय कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति के लिए आरक्षित किया गया है। इस पुर्ननियोजित सेक्टर में 24 मीटर व 12 मीटर की चौड़ी सड़कों होंगी। यहां 350 व 450 वर्गमीटर के आवासीय बड़े भूखंड होंगे। वहीं सेक्टर-162 व सेक्टर-164 के मध्य सेक्टर ले आउट में ग्रीन बेल्ट के स्थान पर भू प्रयोग में बदलाव करते हुए सड़क निर्माण का अनुमोदन किया गया है।

**नक्शा और कंपलीशन सर्टिफिकेट प्रोसेसिंग शुल्क में बढ़ोतरी**

नक्शा पास या भावन अनुज्ञा शुल्क में 15 रुपए से 30 रुपए प्रतिवर्गमीटर और अभिन्यास योजना के लिए 4 हेक्टेयर तक के भूखंड क्षेत्र के लिए 2 रुपए प्रतिवर्गमीटर और 4 हेक्टेयर से ज्यादा के लिए 1 रुपए प्रतिवर्गमीटर किया गया है। वहीं कंपलीशन के लिए सभी मंजिलों के ढके हुए क्षेत्र के लिए 35 रुपए प्रतिवर्गमीटर और अभिन्यास योजना के लिए 4 हेक्टेयर तक 1.50 प्रतिवर्गमीटर और 4 हेक्टेयर से ज्यादा के लिए 0.75 प्रतिवर्गमीटर प्रोसेसिंग फीस होगी।

**एनिमल शेल्टर के संचालन के लिए कंपनी का चयन प्रक्रिया में बदलाव**

एनिमल शेल्टर के कंपनी का चयन आरएफपी के जरिए किया जाए। इसमें संचालन के लिए निश्चित धनराशि प्रतिमाह निर्धारित करते हुए फाइनेंशियल बिड के प्रावधान को समाप्त करते हुए उच्चतम अंक पाने वाली संस्था को चयनित किया जाए। साथ ही शैल्टर और अस्पताल की वायबिलिटी को बढ़ाने के लिए शैल्टर कंपाउंड में जानवरों की दवा के लिए दो दुकाने और 4 नई एंबुलेंस के लिए भी आरएफपी निकाली जाए।

**आईआईटी से रिपोर्ट आने के लिए होगा निर्णय**

भंगेल एलिवेटेड 5.5 किमी और 6 लेन की रोड के निर्माण के लिए आईआईटी की रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट आने के बाद ही बीओक्यू और प्राइज वैरिएशन को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसी के अनुसार भुगतान किया जाएगा।

**गंगाजल योजना के लिए बनी समिति**

37.50 क्यूसेक गंगाजल योजना में आ रही बाधा के निस्तारण के लिए अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता में विशेष समिति का गठन किया जाएगा। ये समिति साइट विजिट कर अभी तक किए गए कार्य की गुणवत्ता और पूर्णता के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

# नए नोएडा के 40 प्रतिशत में होगी औद्योगिक गतिविधियां

**■ 80 गांवों को मिलाकर बनाया गया डीएनजीआईआर**

**■ 13 प्रतिशत पर आवासीय और 18 प्रतिशत ग्रीनरी**

**नोएडा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। प्रश्चिमी उप्र में निवेश का केंद्र अब डीएनजीआईआर (दादरी नोएडा गाजियाबाद इनवेस्टमेंट रीजन) होगा। डीएनजीआईआर गौतमबुद्ध नगर के 80 गांवों की जमीन अधिग्रहीत कर बसाया जाएगा। प्राधिकरण के बोर्ड ने न्यू नोएडा के मास्टर प्लान 2041 को अप्रूव कर दिया है। अब जन सामान्य से इस पर आपत्ति और सुझाव मांगे जाएंगे। इसे नोएडा प्राधिकरण और एसपीए (स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्ट) ने बनाया है। डीएनजीआईआर करीब 21 हजार हेक्टेयर (203 वर्गकिमी) में बसाया जाएगा।

लैंड पूल के जरिए किसानों की जमीन अधिग्रहीत की जाएगी। 21 हजार हेक्टेयर का ब्रेकअप किया गया है। डीएनजीआईआर मास्टर प्लान 2041 में 40 प्रतिशत भू उपयोग औद्योगिक, 13 प्रतिशत आवासीय और ग्रीन एरिया व रिक्रेशनल एक्टिविटी के लिए 18 प्रतिशत प्रावधान किया गया है। डीएनजीआईआर को गौतमबुद्ध नगर के 20 और बुलदंशहर के 60 गांवों को मिलकार बनाया गया है। आपत्ति और सुझाव आने के बाद इसका निस्तारण किया जाएगा। इसे आगामी बोर्ड में रखने के बाद शासन को मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

**6 लाख की होगी आबादी**

इसके अलावा कॉमर्शियल, पीएसपी इंस्टीट्यूशनल, फैसिलिटी / यूटिलिटी, वाटर बॉडी, ट्रैफिक और ट्रांसपोटेशन भी यहां होगा। इसकी कुल आबादी 6 लाख मानी जा रही है।

जिसमें 3.5 लाख की आबादी माइग्रेट होगी। जिनके लिए ईडब्ल्यूएस, एलआईजी , एमआईजी और एचआईजी प्रकार की यूनिट बनाई जाएंगी। इसके अलावा कुल रेजिडेंस एशल एरिया 2 हजार हेक्टेयर से ज्यादा होगा।

**वित्तीय बजट बैठक में 1000 करोड़ रुपए किए रिजर्व**

डीएनजीआईआर में भूमि अधिग्रहण और आंतरिक विकास के लिए 1,000 करोड़ रुपए बजट आवंटित किया हैं। यह राशि इस साल फरवरी में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान साइन किए गए एमओयू के लिए नोएडा प्राधिकरण की भूमि आवश्यकताओं को पूरा करेगी। अधिकारियों के अनुसार, मांग करने वाली कंपनियों को 'स्मार्ट' भौतिक बुनियादी ढांचे वाले शहर डीएनजीआईआर में आवंटन दिया जाएगा।

**ये शिकागो इंडस्ट्रियल हब की तरह बनाएगा अपनी पहचान**

शिकागो इंडस्ट्रियल हब मुख्यता सड़क, रेलवे हवाई मार्गो से जुड़ा हुआ है। जिससे यहा निवेशकों को बेहतर विकल्प मिलते हैं। इसी तरह डीएनजीआईआर की भी सामरिक क्षमता है।

- बुलंदशहर की ओर जाने वाले जीटी रोड व हावड़ा की ओर जाने वाली रेलवे लाइन के मध्य स्थित है।
- वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर दादरी से मुम्बई तक है।
- ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर लुधियाना से कोलकाता तक वाया खुर्जा प्रस्तावित।
- खुर्जा से एक एसपीयूआर दादरी तक निर्मित की जाएगी। ईस्टर्न व वेस्टर्न कारीडोर का कॉमन प्वाइंट होगा।
- हवाई सेवा और कार्गो के लिए जेवर एयरपोर्ट है। ।

**इस शहर का मास्टर प्लान के अनुसार क्या किया गया ब्रेकअप**

लैंड यूज हेक्टेयर
रेजिडेंशियल 2477
कॉमर्शियल 905.97
पीएसपी इंस्टीट्यूशनल 1682.15
फैसिलिटी / यूटिलिटी 198.85
इंडस्ट्री 8811
ग्रीन पार्क / ओपेन एरिया 3173.94
रिक्रेशनल 420.60
वाटर बॉडी 150.65
ट्रैफिक और ट्रांसपोटेशन 3282.59।

## सार संक्षेप

### डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया ने कराई फ्रीडम रन



**नोएडा।** सेक्टर-18 स्थित डीएलएफ मॉल ऑफ़ इंडिया में एक्टिव नोएडा के तहत फ्रीडम रन का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के सैकड़ों लोग शामिल हुए। इसके अलावा डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में अलग अलग तरीके की गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 10 किमी, 5 किमी और 3 किमी की रन हुई। प्रतिभाग करने वालों की बच्चो से लेकर बड़ों ने हिस्सा लिया। सभी ने अपनी अपनी श्रेणी में दौड़ लगाई। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया और उन्हें सर्टिफिकेट दिया गया।

### तमंचे के बल पर लूटने वाले दो गिरफ्तार

**नोएडा।** फेज-1 पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में तमंचे के बल पर लूट की वारदात तो अंजाम देकर फरार होने वाले दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की एक बाइक, तमंचा, जिंदा कारतूस और लूट के चार फोन बरामद किए। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की टीम रविवार को थाना क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने सेक्टर-8 के पास से दो लुटेरों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान अंकित निवासी गाजियाबाद और सन्नी निवासी हापुड़ के रूप में हुई है। दोनों पिछले एक साल से दिल्ली-एनसीआर में तमंचे के बल पर लूट की वारदात कर रहे थे। आरोपियों ने दो दिन पहले सेक्टर-8 में बैंककर्मी का फोन छीना था। आरोपियों के खिलाफ चोरी और लूट के 12 मामले दर्ज हैं।

### हिंडन में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**नोएडा।** थाना सेक्टर-142 क्षेत्र के हिंडन नदी में आज एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि रविवार को थाना सेक्टर 142 पुलिस को सूचना मिली कि हिंडन नदी में एक शव झाड़ियां में फंसा हुआ है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर को बुलाकर शव को हिंडन नदी से बाहर निकलवाया। शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि शव 3 से 4 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। शव 40 वर्षीय पुरुष का है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा।

### सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 68 गिरफ्तार

**नोएडा।** पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले लोगों के खिलाफ शनिवार रात अभियान चलाया। इस दौरान 68 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने और महिलाओं और युवतियों से छेड़खानी करने की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद पुलिस ने मनचलों पर कार्रवाई के लिए अभियान शुरू किया। इसके लिए शहर के तीनों जोन में 95 टीमें बनाई हैं, जो कार्रवाई कर रही हैं। इसी क्रम में पुलिस ने शनिवार रात कार्रवाई की। पुलिस ने देर रात ट्रैफिक के नियमों का उल्लंघन कर शराब के नशे में वाहन चला रहे 541 लोगों पर कार्रवाई की। इसके साथ ही 12 अनफिट वाहनों को सीज किया।

# स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कवि सम्मेलन में शहीदों को श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आजादी के अमृतकाल मे देश के वीर बलिदानीयों को याद करने के लिए रविवार को वसुधैव कुटुंबकम कल्याण समिति के तत्वाधान मे आजादी के दीवाने एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह तथा प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कुमार कश्यप शामिल हुए।

कवि सम्मेलन में जाने-माने 11 रचनाकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से अमर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री कश्यप ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि भारतवर्ष की अखंडता और एकता कैसे मजबूत होती जा रही है सहज भाव में सभी के समक्ष रखा, घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर भी उन्होंने कहा, एक भी घर छूट ना जाए,बालकनी हो या छत बस तिरंगा नजर आए।

इस मौके पर सेकड़ो सेवानिवृत फौजियों की एक टोली पैदल तिरंगा मार्च करते हुए इस गंतव्य पर पहुंची। सभी रचनाकारों ने एक से बढ़कर एक रचनाएं सुनाई। 5 घंटे चले इस महोत्सव में सम्मानित सभी श्रोतागण मंत्र मुग्ध हो गए, कवियों में अमित बेनाम वैभव शर्मा, विकास त्यागी, विनोद पाल, पूनम माहेश्वरी, क्षमा शर्मा, अवनीत समर्थ, संजीव शर्मा, कुमार राघव व अजय त्यागी रहे। समिति पदाधिकारी मे पं उमाशंकर शर्मा, नितिन त्यागी संजय त्यागी मनीष गुर्जर नरोत्तम त्यागी दीपक त्यागी कार्यक्रम को सजाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, बाबा विद्यानंद त्यागी जी, तेजवीर त्यागी, पुनीत त्यागी, मनोज त्यागी प्रेमचंद त्यागी अनिल त्यागी, राजकुमार त्यागी, प्रमोद त्यागी, बृजपाल शर्मा संग पहुंचे हजारों श्रोताओं ने कार्यक्रम के प्रतिभागी रहे।

# देश के विभाजन के दर्द को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता : वीके सिंह

**गाजियाबाद,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. विजय कुमार सिंह ने रविवार को आजादी के पूर्व भारत विभाजन के दर्द, छिन्न-भिन्न हुई भारत की अखंडता और भारत के लोगों पर हुए अन्याय की यादों को प्रेस कॉन्फ्रेंस ताजा की।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में वीके सिंह ने पत्रकारों को बताया कि हम भारतीयों को भारत विभाजन के दिन को याद रखने की जरूरत है, क्योंकि हमारी लाखों बहनें और भाई विस्थापित हो गए थे और कई लोगों ने बेवजह नफरत के कारण अपनी जान गंवा दी थी। उन्हें विभाजन के दौरान यातना पूर्ण व्यवहार और हिंसा का सामना करना पड़ा था। इसलिए 14 अगस्त को हम विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाएंगे।उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनने की दिशा में आगे बढ़ गया है, देश के विभाजन के दर्द को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। विभाजन का दर्द और उस दौरान हुई हिंसा देश की स्मृति में गहराई से अंकित है। विभाजन और इसके कारण हुई परिस्थितियां जैसे तुष्टिकरण की राजनीति, विभाजनकारी ताकतों के विचारों को हावी होने देना और लोगों को नुकसान पहुंचाने वाली सोच के साथ खड़ा होना, ऐसी स्थिति फिर कभी नहीं होनी चाहिए।



सिंह ने कहा कि विभाजन को एक सबक के रूप में लेना चाहिए ताकि भारत 'अतीत की गलतियों' को न दोहराए और देश तुष्टीकरण का रास्ता न अपनाए, खासकर जब हमारे पड़ोस में अस्थिरता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई हो। पिछले 75 वर्षों से हम उन लाखों पुरुषों और महिलाओं को याद किए बिना आजादी का जश्न मना रहे थे, जिन्होंने अप्रिय और अव्यवस्थित विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाई थी। राज्यमंत्री ने कहा कि पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा के साथ, अब 15 अगस्त को होने वाले भविष्य के आयोजनों में हमेशा नरसंहार के पीड़ितों की स्मृतियां सदैव सभी भारतीयों के मन-मस्तिष्क में विद्यमान होंगी। नोबेल पुरस्कार विजेता एली विज़ेल ने एक बार यहूदी नरसंहार को लेकर कहा था, 'अगर हम मृतकों को भूल जाएंगे तो वे एक बार पुन: मारे जाएंगे और वर्तमान के पीड़ित बन जाएंगे, अर्थात मरे हुए लोगों को भूल जाना उन्हें दूसरी बार मारने के समान होगा।' इसके साथ ही वीके सिंह के पीएम नरेंद्र मोदी की मुहिम 'हर घर तिरंगा' के तहत लगाने के लिए कार्यकर्ताओं को तिरंगे वितरित किए।

# हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन



**■ जैन समिति के हरियाली तीज कार्यक्रम में गाजियाबाद, दिल्ली, पानीपत, मेरठ, मोदीनगर, हापुड़ की महिलाओं ने लिया हिस्सा**

**गाजियाबाद,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। जैन महिला समिति गाजियाबाद द्वारा पूज्य मां कौशल जी के पावन सानिध्य में हरियाली तीज महोत्सव ऋषभांचल ध्यान योग केंद्र मोरटा में मनाया गया। तीज महोत्सव में गाजियाबाद, दिल्ली, पानीपत, मेरठ, मोदीनगर, हापुड़ की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।यह हरियाली तीज महोत्सव जैन महिला समिति गत 30 वर्षों से ऋष्भांचल पर मनाती है। इस महोत्सव का उद्देश्य सभी के साथ मिलकर त्योहार को मनाना एवं सोहार्द बढ़ाना हैं। कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल विशेष रूप से शामिल हुईं। पूज्य मां श्रीकौशल जी ने हमारी महापौर को विशेष आशीर्वाद दिया। सुनीता दयाल ने प्रांगण में वृक्ष रोपण भी किया गया। इस बार की विशेषता यह थी की सभी विजेताओं को उपहार स्वरूप वृक्ष ही प्रदान किए गए। सभी को पर्यावरण का ध्यान रखने और अपने द्वायित्व का निर्वहन करने की भी अपील की गई। महोत्सव में हर उम्र की महिलाओं के अनुसार अलग-अलग कार्यक्रम व प्रतियोगिता रखी गई। विशेषकर हरियाली तीज क्वीन सीनियर और हरियाली तीज क्वीन प्रतियोगिता रखी गई थी। जिसमें कि बढ़-चढ़कर महिलाओं ने हिस्सा लिया हरियाली तीज क्वीन सीनियर 70 साल से ऊपर की महिलाओं के लिए आयोजित किया गया था जिसमें की इस वर्ग की महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। इसके अलावा नृत्य प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता मेहंदी प्रतियोगिता और कई रोचक खेलों का भी आयोजन किया गया था। नृत्य प्रतियोगिता में विजई रही मेहंदी प्रतियोगिता में विजय रही हरियाली तीज क्वीन सीनियर में श्रीमति मेमवती अम्मा जी विजय रही। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्षा रेखा गोयल द्वारा एवं प्रणति रिचा जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सावन के गीतों द्वारा समिति की महिलाओं ने की तत्पश्चात झूला झूल कर हरियाली तीज की परंपरागत शुरुआत की गई। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी में विशेष उत्साह था। हर उम्र की महिलाओं ने अलग-अलग कार्यक्रमों में भाग लिया। नीरा जैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले वॉकथॉन और वृक्षारोपण अभियान का आयोजन

**■ 1000 से ज्यादा प्रीमियम सोसायटी के निवासी हुए कार्यक्रम में शामिल**

**नोएडा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा की 1000 से अधिक प्रीमियम सोसायटियों के निवासियों ने एकता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का शानदार प्रदर्शन करते हुए आईकेयर आई हॉस्पिटल, सेक्टर-26, नोएडा की ओर से आयोजित वॉकथॉन और वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। गौतम बुद्ध नगर के प्रमुख समाचार पत्र, अपार्टमेंट टाइम्स के साथ मिलकर नोफा (नोएडा फेडरेशन ऑफ अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन) और



नेफोवा (न्यू एरा फ्लैट ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन) के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्लोबल वार्मिंग से निपटने की तात्कालिक आवश्यकता और अपने पर्यावरण की हिफाजत करने के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भारत के 76वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परमवीर चक्र से सम्मानित, कैप्टन योगेन्द्र यादव की मौजूदगी ने इस आयोजन की शोभा में चार चाँद लगा दिए। कैप्टन यादव, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कमीशंड अधिकारी हैं, जिन्हें कारगिल युद्ध के दौरान अपने वीरतापूर्ण कार्यों के लिए भारत के सर्वोच्च युद्धकालीन वीरता पुरस्कार, परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। वह पीवीसी प्राप्त करने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं, जिन्होंने 19 साल की उम्र में यह पुरस्कार हासिल किया था। उनके अलावा, रेडियो सिटी की जानी-मानी आरजे दिव्या भी इस अवसर पर मौजूद रहीं।

# अमृत महोत्सव 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के उपलक्ष्य में स्वतंत्र मेले का आयोजन



**बुलंदशहर,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। रविवार को आजादी के अमृत महोत्सव 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम के उपलक्ष्य में गांधी पार्क काले आम पर स्वतंत्रता मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति मित्तल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर किया गया। स्वतन्त्रता मेले में स्थानीय कलाकारों द्वारा गीत एव संगीत, डांस व अन्य मनमोहक प्रस्तुति दी गई। उपस्थित दर्शक मनमोहक प्रस्तुति के साथ आजादी का अमृत महोत्सव आनन्द के साथ मना रहे हैं। इसी क्रम में काले आम चौराहे पर एसपी सिटी सुरेन्द्र नाथ तिवारी के नेतृत्व में पुलिस व पीएसी के बैंडों द्वारा देशभक्ति गीत की धुन बजाकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी प्रकार जनपद के समस्त विकास खण्ड कार्यालय, ग्राम पंचायत सचिवालयों, समस्त विद्यालयों तथा अन्य शासकीय कार्यालयों में अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'मेरी माटी मेरा देश' के अंर्तगत रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रभात फेरी, देशभक्ति गीत, डांस, रंगारग कार्यक्रम, सांस्कृतिक व वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमो में आमजन भी सहभागिता के साथ-साथ आजादी का अमृत महोत्सव को आनन्द के साथ मना रहे हैं। इसके साथ ही कार्यक्रमो को सम्पन्न बनाकर सभी www.yuva.gov.in बेबसाइड पर सेल्फी अपलोड कर रहे हैं। उपरोक्त वेबसाइट पर आमजन भी सेल्फी अपलोड कर सकते हैं।

उवाच "

मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। लोकल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग के माध्यम से शराब तस्करों के बारे में गोपनीय सूचना मिली थी। रविवार को नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने परी चौक के समीप मुखबिर की सूचना पर एक कैंटर को रोक तलाशी ले गई। **अशोक कुमार शर्मा, एडीसीपी ग्रेटर नोएडा जोन**

# कैपिटल ज़ोन

## शालिनी सिंह बनी महिला उन्नति संस्था की राष्ट्रीय प्रवक्ता



**ग्रेटर नोएडा,**13 अगस्त (देशबन्धु)। महिला उत्थान को समर्पित संगठन महिला उन्नति संस्था ने ग्रेटर नोएडा निवासी वरिष्ठ समाज सेविका शालिनी सिंह को संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर मनोनीत किया गया, उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपते हुए संगठन की मुख्य संरक्षक इंदू गोयल ने कहा कि शालिनी ग्रेटर नोएडा में पिछले काफी समय से समाज सेवा से जुड़ कर शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं और अब वह संगठन के साथ जुड़कर सक्रिय रूप से महिला उत्थान के लिए काम करना चाहती है। इस दौरान शालिनी सिंह ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का उनका सपना रहा है, वह एक ऐसे संगठन से जुड़कर काम करना चाहती थी जो महिला उत्थान को समर्पित हो। महिला उन्नति संस्था से जुड़कर काफी अच्छा महसूस कर रही है। इस अवसर पर संस्थापक डा. राहुल वर्मा, कोऑर्डिनेटर मनोज झा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रणवीर चौधरी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# जहांगीरपुर में दो पक्षों में झगड़ा, कई लोग घायल

**■ पुलिस की सूझबूझ से सांप्रदायिक तनाव होने से टला**

**जेवर,**13 अगस्त (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जहांगीरपुर में रविवार को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा एक फल विक्रेता को मारपीट कर घायल कर दिया गया। फल विक्रेता को बचाने आये अन्य लोग भी इस दौरान घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायलों को जेवर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने एक दर्जन से अधिक नामजद व 20 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला दो समुदायों के बीच होने की वजह से पुलिस के आला अधिकारी पुलिस बल के साथ जहांगीरपुर पहुंचे तथा पीड़ित पक्ष को हर संभव मदद का भरोसा दिया है।

जहांगीरपुर के रहने वाले जावेद ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि रविवार को उसका भाई बिलाल नाले के पास स्थित चौराहे पर ठेली पर फल बेच रहा था। उसी दौरान दो दर्जन से अधिक लोगों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बिलाल को बचाने पहुचे अन्य लोग भी मारपीट में घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपित मौके से फरार हो गए।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि जावेद की शिकायत पर पुलिस ने अमित, अरविंद, माधव, दीपक, लाला उर्फ कालीचरन, चेंटा उर्फ सचिन, कैलाश, अंकित, सतवीर, विष्णु, लाला, गोविंद व राजबहादुर तथा 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बिलाल, खालिद व सुलेमान को उपचार के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है।

**पुलिस अधिकारियों ने लोगों से की वार्ता :** मामला दो समुदायों के बीच होने की वजह से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना पर डीसीपी साद मियां खान, एडीसीपी अशोक कुमार तथा एसीपी रूद्र कुमार सिंह ने जहांगीरपुर पहुंचकर दोनों समुदायों के जिम्मेदार व्यक्तियों से वार्ता की। पुलिस की सूझबूझ से मामला शांत हो सका।

**शुक्रवार को भी हुई थी मारपीट :** जहांगीरपुर स्थित मुख्य बाजार में मिष्ठान की दुकान करने वाले देवराज के साथ भी शुक्रवार को सामुदाय विशेष के लोगों ने मारपीट की थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि शुक्रवार को हुई घटना व इतवार की घटना का एक दूसरे से कोई लेना देना नहीं है। शुक्रवार को पुलिस ने पीड़ित देवराज को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया था जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। पीड़ित द्वारा उस दिन कोई तहरीर नहीं दिए जाने पर पुलिस ने आरोपित करीमुल्ला को शांति भंग करने के आरोप में न्यायालय में पेश किया था। जोकि अभी भी जेल में बंद है। पीड़ित की शिकायत पर रविवार को पुलिस ने करीमुल्ला, इरशाद व परवेज तथा अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## आबकारी विभाग व पुलिस ने पकड़ी सोलह लाख की अवैध शराब



**■ हरियाणा से लेकर बिहार ले जा रही थी हरियाणा मार्का शराब**

**ग्रेटर नोएडा,**13 अगस्त (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने हरियाणा से बिहार ले जाई जा रही अवैध शराब की एक बड़ी खेप पकड़ी है। दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर कैंटर से 270 पेटी शराब बरामद की है, जिसकी कीमत लगभग 16 लाख रुपए है। पुलिस गैंग से जुड़े अन्य तस्करों के बारे में जानकारी जुटा रही है। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा जोन अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

लोकल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग के माध्यम से शराब तस्करों के बारे में गोपनीय सूचना मिली थी। रविवार को नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने परी चौक के समीप मुखबिर की सूचना पर एक कैंटर को रोक तलाशी ले गई तो उसमें से 270 पेटी हरियाणा मार्का शराब बरामद की गई। बरामद शराब की कीमत 16 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को धर दबोचा, जिनकी पहचान ओमपाल व राजेश निवासी ग्राम मुठियानी कोतवाली जारचा गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि अभियुक्त हरियाणा से सस्ते दामों में शराब खरीदकर बिहार में ले जाकर अधिक दामों में बेच देते हैं। पुलिस शराब तस्करी के अवैध कारोबार से जुड़े अन्य तस्करों के बारे में जानकारी कर रही है।

## सार संक्षेप

### फिल्म सिटी के बिड डाक्यूमेंट और कंसेशन एग्रीमेंट पर होगी आज चर्चा

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-21 में प्रस्तावित फिल्म सिटी को लेकर सोमवार को लखनऊ में बैठक होगी। यह बैठक मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में होगी। बैठक में फिल्म सिटी के बिड डाक्यूमेंट और कंसेशन एग्रीमेंट पर चर्चा होगी। यहां से मुहर लगने के बाद यह मामला कैबिनेट में जाएगा। इसके बाद फिल्म सिटी के विकास के लिए ग्लोबल टेंडर निकाले जाएंगे। प्राधिकरण की ओर से सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह बैठक में हिस्सा लेंगे।

### 9 बजे से 2 बजे रहेगी बिजली कटौती

**रबूपुरा।** क्षेत्र स्थित निर्माणाधीन सैक्टर अंतर्गत हाइटेंशन लाइन पर निर्माण कार्य होने के चलते रबूपुरा विद्युत उपकेंद्र से आपूर्ति होने वाले विभिन्न फीडरों पर 5 घंटे विद्युत कटौती अभी करीब एक सप्ताह तक जारी रहेगी। अधिशासी अभियंता ने पुनः उपखंड अधिकारी को पत्र भेजकर समस्या से उपभोक्ताओं को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। एक्सईएन दीपक कुमार के पत्र अनुसार यीडा के सेक्टर-18 को विद्युत आपूर्ति करने वाली 220 केवीए लाइन पर कार्य किये जाने के कारण भाईपुर व चकबीरमपुर फीडर 13 अगस्त से 17 अगस्त सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं जोनचाना, आकलपुर व पचोकरा फीडर 13 से 20 अगस्त सुबह 9 से दोपहर 2 बजे बंद रहेंगे। किसी उपभोक्ता को अनावश्यक परेशानी नहीं हो इसके लिए पूर्व में अवगत कराया जा रहा है। कार्य तदुपरांत आपूर्ति विधिवत सुचारू रहेगी।

### चालक की हत्या का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**रबूपुरा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे पर हुई चालक की हत्या के दूसरे आरोपी को पुलिस रविवार को झाझर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस एक आरोपी को मुठभेड़ कर पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस अनुसार यमुना एक्सप्रेस वे पर ट्रक मिले शव के मामले में खुलासा करते हुए बताया कि खाना बनाने को लेकर चालक के साथियों ने हाथ पैर बांध कर धारदार हथियार से गला रेंध कर चालक की हत्या कर दी गई थी।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## यीडा के पहले गांव में अंतिम संस्कार के लिए जगह को तरसती हैं लाशें

**ग्रेटर नोएडा,**13 अगस्त (देशबन्धु)। देश के उन्नत शहरों में से एक ग्रेटर नोएडा का एक गांव ऐसा भी हैं जहां लोगों को गुजर गए लोगों का अंतिम संस्कार करने के लिए जगह की तलाश करनी पड़ती है। विडंबना यह है कि यह यमुना प्राधिकरण का पहला ही गांव है। जी हां, यमुना प्राधिकरण का पहला गांव जगनपुर प्राधिकरण की उपेक्षा के चलते आंसू बहा रहा है। गांव में खेल का मैदान, मंदिर, अंतिम निवास के लिए केवल जमीन आवंटित कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री प्राधिकरण ने कर ली।

मंदिर परिसर की हालत ऐसी है कि वहां भक्त तो क्या मंदिर में विराजमान भगवान भी रोते हैं। खेल के मैदान में बड़ी बड़ी झाड़ियों का झुंड ही खेल खेलता है और अमानवीयता की हद यह है कि अंतिम निवास के लिए भूमि तो आवंटित है परंतु प्राधिकरण ने गांव की राजनीति के आगे हार मान ली और न तो वहां कोई निर्माण अंतिम संस्कार हेतु सुविधाओं का किया है बल्कि वहां जाने तक के लिए कोई रास्ता तक नहीं है ऐसे में ग्रामवासी अपने खेतों पर या यमुना के किनारे कोई स्थान ढूंढकर उसे साफ करके अंतिम संस्कार करने के लिए मजबूर हैं। गांव के लोगों में प्राधिकरण की उदासीनता के प्रति आक्रोश है और ये कभी भी जन आंदोलन का रूप ले सकता है।

ग्रामीण जोगेंद्र एवं देवेंद्र ने बताया कि यदि प्राधिकरण ने ग्राम के विकास की सुधि नहीं ली तो धरना प्रदर्शन के अलावा मुख्यमंत्री से गुहार लगाने के अलावा कोई चारा नहीं बचेगा।

## दादरी विधायक ने किसानों की समस्या मुख्यमंत्री के सामने रखी, प्राधिकरण ने लगाई मुहर



**ग्रेटर नोएडा,**13 अगस्त (देशबन्धु)। दादरी विधायक तेजपाल नागर निरंतर किसानों के मुद्दे को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने रखते रहे हैं। दादरी किसानों के लिए उत्तरप्रदेश सरकार की तरफ से एक खुशखबरी है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में किसानों को 6 प्रतिशत प्लाटों की ऊंचाई 15 मीटर एवं किसानों की 6 प्रतिशत और 10 प्रतिशत भूखंडों पर लगी पेनल्टी हटाने हेतु निदान कर दिया गया है। दादरी विधायक तेजपाल नागर ने विगत दिनों में हुई समीक्षा बैठक में भी मुख्यमंत्री के समक्ष किसानों के इस मुद्दों को उठाया गया था और मुख्यमंत्री से किसानों के हित में इस समस्या का निदान करने का निवेदन मई माह में दो बार पत्र लिखकर मांग की थी। दादरी विधायक तेजपाल नागर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी मुद्दों को उठाते रहे है और क्षेत्र में निरंतर विकास कर रहे हैं।

## शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ विवि में विद्यार्थियों को मिलता है खुशनुमा माहौल



**ग्रेटर नोएडा,**13 अगस्त (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय फैकल्टी और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को देखते विश्वविद्यालय में कई सारी इंडोर और आउटडोर स्पोर्ट्स बने हुए उसमें जाकर आप पढ़ाई और स्पोर्ट्स फ्री में कर सकते है। यूनिवर्सिटी भी कई खेल संबंधी प्रतियोगिता करवाती रहती है। जिसमें विदेशी और इंडियन स्टूडेंट्स भी हिस्सा लेते है। शारदा यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. सिबाराम खारा ने बताया कि हम उच्च शिक्षा के साथ स्टूडेंट्स की अच्छी सेहत लिए कई प्रकार खेल करवाते रहते है। विवि के सभी एजूकेशनल ब्लॉक में लाइब्रेरी है और स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में अलग कैबिन और ग्रुप में पढ़ सकते है। इसके साथ विद्यार्थी ग्रुप में किसी विषय पर पैनल डिस्कशन कर सकते है, जिसके लिए अलग से कैबिन बनाया गया है। अगर पढ़ते हुए थक जाए तो लाइब्रेरी के पांचवे फ्लोर पर इंडोर स्टेडियम है जहां पर कई तरह गेम खेल सकते है। विवि के स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉ. कपिल ने बताया कि कैंपस में ऑल वेदर एक इंडोर स्टेडियम है, जिसमें 2 बैडमिंटन कोर्ट, 2 टेबल टेनिस टेबल, 2 स्क्वैश कोर्ट, योगा हॉल, कबड्डी, चैस और कैरम भी खेल सकते है। यहां स्टूडेंट्स और फैकल्टी के लॉकर रुम और चेंजिंग रुम भी है।

यह स्टेडियम सुबह की खुल जाता और शाम को बंद कर दिया जाता है। इसके अलावा यूनिवर्सिटी में मल्टीलेवल ग्राउंड है जिसमें विभिन्न तरह की खेल प्रतियोगिता कराई जाती है। इस ग्राउंड में लाइट भी लगी हुई जिसमें रात में भी खेल सकते है। इसके साथ फुटबाल स्टेडियम और वॉलीबॉल कोर्ट भी है। जिससे स्टूडेंट्स और फैकल्टी अपने सेहत का ख्याल रख सके। शारदा यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स वेलफेयर के डीन डॉ बीके सिंह बताया कि हम स्टूडेंट्स को समय समय पर हेल्थ के संबंधित सेमिनार करवाकर जागरुक करते है, जिसमें शारदा हॉस्पिटल के जाने माने डॉक्टर उन्हें बताते है कि आज के समय में फिजिकल एक्टिविटी कितनी जरूरी है। और इसके साथ मेडिटेशन भी करवाया जाता है।

## बेहोशी की अवस्था में चंडीगढ़ में मिला प्रॉपर्टी डीलर

**दनकौर,**13 अगस्त (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के देवटा गांव से दो दिन से संदिग्ध अवस्था में लापता प्रॉपर्टी डीलर चंडीगढ़ में बेहोशी की अवस्था में मिला है। जिसका ग्रेनो के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि होश आने पर पीड़ित का बयान लिया जाएगा। जिसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। देवटा गांव निवासी सत्येंद्र प्रॉपर्टी का काम करते हैं। परिवार के लोगों का कहना है कि शुक्रवार की सुबह सतेंद्र अपने दोस्तों की कार में सवार होकर घर से गए थे। परिवार के लोगों का कहना है कि उन्होंने ऑनलाइन कार बुक की थी जिसको लेने के लिए वह घर से कहकर नोएडा को गए थे। लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। जिनका फोन भी स्विच ऑफ मिला तो उनके पिता ब्रहमपाल सिंह ने शनिवार को दनकौर कोतवाली में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर पुलिस गायब सत्येंद्र की तलाश में जुटी हुई थी। शनिवार की देर रात पुलिस को जानकारी हुई थी सत्येंद्र चंडीगढ़ में बेहोशी की अवस्था में है। जिसके आधार पर पुलिस टीम और परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। परिवार के लोगों का कहना है कि अभी सतेंद्र कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि पीड़ित की तबियत सही होने के बाद उससे पूछताछ कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सीमा-सचिन ने लगाया घर पर तिरंगा



**रबूपुरा,**13 अगस्त (देशबन्धु)। सीमा-सचिन की प्रेम कहानी भले ही अब मीडिया की सुर्खियां नजे रही हो लेकिन सीमा-सचिन हिंदुत्व की धारा प्रवाह को लगातार निभाते दिख रहे हैं। इसी क्रम में हर घर तिरंगा अभियान के तहत सीमा हैदर व सचिन ने रविवार को अधिवक्ता एपी सिंह के साथ अपने रबूपुरा स्थित घर पर तिरंगा लगाया। इस दौरान पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। सीमा व ने माथे पर भारत माता की जय की पट्टी बांध कर बच्चों व परिजनों के साथ भारत माता की जय और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे भी लगाए। रविवार को सीमा और सचिन के वकील एपी सिंह उनके घर पहुंचे, जिनका ग्रामीणों ने स्वागत किया। एपी सिंह के आने की सूचना मिलते ही मीडियाकर्मियों व स्थानीय नागरिकों का घर के सामने हुजूम लग गया। सीमा-सचिन ने अपने परिवार के साथ अपने घर पर तिरंगा लगाकर भारत माता की जय और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने के साथ ही पौधों को पानी दिया।

## भाजपा देश के विभाजन की विभीषिका को लेकर जाएगी लोगों के बीच




**■ हर घर तिरंगा अभियान के साथ पौधा रोपण के प्रति किया जाएगा जागरुक**

**ग्रेटर नोएडा,**13 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी देश की विभाजन विभीषिका स्मृति को लेकर भाजपा जिला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर पत्रकार वार्ता किया गया, जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी विधायक जिला प्रभारी गौतमबुधनगर डॉक्टर सत्यपाल सिंह सैनी एवं जिला अध्यक्ष विजय भाटी ने संबोधित किया। सत्यपाल सिंह सैनी ने बताया कि केन्द्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी ने नए संकल्पों के साथ देश की जनता के बीच सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के पत्रक साहित्य को लेकर पहुंचें, पार्टी के द्वारा पृथ्वी के संरक्षण के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम जन समर्थन कार्यक्रम चला रही है। 13 से 15 तक हर घर तिरंगा अभियान चला रही है और सोमवार 14 अगस्त को देश विभाजन की विभाषिका पर भाजपा जिला कार्यालय पर संगोष्ठी प्रदर्शनी एवं एक मौन जुलूस बैनर तख्ती के साथ तिलपता गोलचक्कर से पैरामाउंट सोसाइटी तक किया जाएगा, जिससे देश के बंटवारे में लाखों लोगों की जाने गयीं लोग घर से बेघर हुए। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष विजय भाटी, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र नागर, जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी, जिला मीडिया प्रभारी पण्डित कर्मवीर आर्य, जिला मंत्री गुरुदेव भाटी, वरुण धीमन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चोरों ने ट्रांसफार्मर से किया तेल चोरी

**■ फ्यूज उड़ने पर बिजली विभाग को हुई जानकारी**

**ग्रेटर नोएडा,**13 अगस्त (देशबन्धु)। दादरी तहसील क्षेत्र के ग्राम अच्छेजा में 400 केवीए ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने का मामला सामने आया है। बार-बार फ्यूज उड़ने पर विभाग को इसकी जानकारी हुई। इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना एंटी पावर थेफ्ट में तहरीर दी गई है। ग्राम अच्छेजा में स्थित 400 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर का फ्यूज दो दिन पहले अचानक उड़ गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना विद्युत उपकेंद्र बिश्नौली पर दी। मौके पर पहुंचे विद्युतकर्मी ने फ्यूज लगाकर चेक किया तो पुनरू फ्यूज उड़ गया। विद्युतकर्मी ने टैंक के नीचे की तरफ लगे वॉल को खोलकर देखा तो ट्रांसफार्मर में तेल ही नहीं था। ट्रांसफार्मर से लगभग 480 लीटर तेल चोरी किया गया है। तेल चोरी किए जाने से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया है। साथ ही विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। अवर अभियंता राज कुमार मौर्य ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना एंटी पॉवर थेफ्ट में शिकायत की है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## प्यार का झांसा देकर युवती से कई महीने तक दो लोगों ने किया दुष्कर्म, गर्भपात भी कराया

**जेवर,**13 अगस्त (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने एक महिला के सहयोग से उसके पति व एक अन्य युवक पर प्यार का झांसा देकर कई महीनों तक सामूहिक दुष्कर्म करने तथा गर्भवती होने पर उसका गर्भपात कराने का आरोप लगाया है। वहीं एक आरोपित ने पीड़ित स्वजनों को फंसाने व समझौता का दबाव बनाने के लिए खुद को गोली मारकर घायल कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िता को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा है। पीड़ित पिता ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उसके पड़ोस की रहने वाली एक महिला ने उसकी बेटी को झांसे में लेकर कानीगढ़ी गांव के रहने वाले हरकेश से अपने घर में उसकी मुलाकात कराई थी तथा अपने फोन के माध्यम से वह हरकेश से उसकी बेटी की बात कराती थी। महिला का पति मनोज भी उसकी बेटी को बदनाम करने की धमकी देकर हरकेश के साथ मिलकर सामूहिक दुष्कर्म करने लगे। जिससे उसकी बेटी तीन माह पूर्व गर्भवती हो गई। तीनों आरोपितों को उसके गर्भवती होने की जानकारी हुई तो वह उसकी बेटी पर गर्भपात कराने का दबाव बनाने लगे। आरोप है कि 10अगस्त को तीनों ने उसकी बेटी को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ देकर उसे चिकित्सक के पास ले जाकर उसका गर्भपात भी करा दिया तथा नशे की हालत में उसे घर के पास छोड़ दिया। जिसके बाद स्वजनों को कुछ शक हुआ तो बेटी ने उन्हें सारी जानकारी दी। स्वजनों द्वारा आरोपितों से इस बारे में वार्ता करने पर उन्होंने पीड़ित पक्ष को झूठे मुकदमें फंसाने की धमकी दी तथा आरोपित हरकेश ने शनिवार शाम को अपने बायें पैर में तमंचे से गोली मार ली जिसे उपचार के लिए जेवर स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित से पूछताछ की तो उसने पुलिस को बताया कि दबाव बनाने के लिए उसने अपने आप गोली मारी थी। आरोपित हरकेश का पुलिस की निगरानी में उपचार जारी है।

## छात्रों को भारत के गौरवशाली इतिहास व समृद्ध विज्ञान को पढ़ाने की जरुरत : बीएस. राजपूत



**■ समसामयिक विषयों पर राष्ट्रवादी विचारों के प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक**

**ग्रेटर नोएडा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्र चिंतना के तत्वावधान में समसामयिक ज्वलंत विषयों पर चिंतन-मनन हेतु राष्ट्रवादी विचारों के प्रबुद्ध नागरिकों की एक बैठक यूटर्न, वाईएमसीए कॉम्प्लेक्स में प्रोफेसर बलवंत सिंह राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को एक विचार गोष्ठी आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कुमायूं और गढ़वाल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. बलवंत सिंह राजपूत ने की। डॉ. राजपूत ने कहा कि छात्रों को भारत के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध विज्ञान को पढ़ाये जाने की आवश्यकता है। समाज में विभिन्न ज्वलंत विषयों पर सही नैरेटिव स्थापित हो, इसके लिए राष्ट्रचिंतना मंच के माध्यम से प्रयास किया जाएगा। सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से डॉ. बलवंत सिंह राजपूत को अध्यक्ष, डॉ. आर. के. खंडाल, नरेश कुमार गुप्ता, राजेंद्र सोनी एवं डॉ. आरती शर्मा को उपाध्यक्ष, उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता अजेय कुमार गुप्ता को महासचिव, प्रोफेसर विवेक कुमार को संगठन सचिव, मेजर निशा सिंह, डॉ. उमेश कुमार, आनंद प्रकाश एवं डॉ. विश्व दीपक सिंह बघेला को संयुक्त सचिव, संजीव सालवान को व्यवस्था प्रमुख, उमेश पांडे, गुड्डी तोमर और विवेक द्विवेदी को सह व्यवस्था प्रमुख, अशोक राघव को सम्पर्क संयोजक, संगीता सक्सेना और मुकेश रावत को सह सम्पर्क संयोजक, मेजर सुदर्शन सिंह को कोष प्रमुख, प्रो. बबलू सिंह रावत, अधिवक्ता और डॉ. नीरज कौशिक को मीडिया प्रमुख तथा आर श्रीनिवासन, धरम पाल भाटिया, डॉ. वी. के. श्रीवास्तव, किशन पाल सिंह, राजेश बिहारी, नमित भाटी, अधिवक्ता अरविन्द चौहान, विनय चौधरी, रविंद्र पाल सिंह, विवेक अरोरा को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। राष्ट्रचिंतना की इस अगस्त माह की विचार गोष्ठी अगले रविवार को प्रिंस इंस्टिट्यूट ऑफ इनोवेटिव टेक्नोलॉजी में ष्भारतीय न्याय संहिता- बदलाव की आवश्यकता और लागू करने की चुनौतियांष् विषय पर आयोजित की जाएगी, जिसमें उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता अजेय कुमार गुप्ता एवं मेजर सुदर्शन सिंह मुख्या वक्ता के रूप में रहेंगें।

## खुर्जा अंडरपास के समीप दुकान में कसीनों खेलने का वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी



**जेवर,**13 अगस्त (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर खुर्जा अंडरपास के समीप बनी दुकानों में कसीनो खेल रहे लोगों का वीडियो वायरल होने पर पुलिस में हड़कंप मचा है। पुलिस टीम गठित कर मामले की जांच की जा रही है।

इंटरनेट मीडिया पर वायरल वीडियो में खुर्जा अंडरपास के समीप एक दुकान में कुछ लोग मेजों पर कसीनों नामक सट्टा खेलते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो बनाने वाले व्यक्ति द्वारा वीडियो में दुकान की लोकेशन को साफ साफ दिखाया गया है। जिसके अनुसार दुकान की लोकेशन वाहन पार्किंग के समीप यमुना एक्सप्रेस वे के खुर्जा अंडरपास से कुछ दूरी पर दिखाई गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान का कहना है कि वायरल वीडियो का उन्होने संज्ञान लेकर उपनिरीक्षक को मामले की जांच सौंपी है। जांच कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 14 अगस्त 2023
*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## संसद पर मोदी का एकाधिकार

हाल की अनेक सियासी घटनाओं ने इस खतरे के साफ संकेत दे दिये हैं कि देश की संसद पर सत्ता का लगभग एकाधिकार हो गया है। बहुमत के बल पर संविधान में सरकार बनाने के तो प्रावधान पर हैं लेकिन उसके शब्दों व भावना में कभी भी सर्वोच्च विधायिका पर सत्तारुढ़ दल का एकाधिकार संविधान निर्माताओं व देश के राजनैतिक पुरखों ने सोचा तक नहीं था। दुखद तो यह है कि ऐसा देश की आजादी के हीरक जयंती वर्ष के तत्काल बाद किया गया जिसे 'अमृतकाल' कहकर खूब प्रचारित और महिमामंडित किया गया। यह भी सर्वाधिक त्रासदीपूर्ण है कि ऐसा देश के मुखिया यानी प्रधानमंत्री के हाथों हो रहा है जिसका कर्तव्य संसद की उपयोगिता और प्रासंगिकता को बनाये रखना है। वैसे तो मोदी अपने पहले कार्यकाल के प्रारम्भ (2014) से ही सिर्फ संसद ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण व्यवस्था पर एकछत्र राज करने के उपाय करते आये हैं, लेकिन 2019 में विशाल बहुमत पाने के बाद वे पूर्णत: अनियंत्रित हो गये हैं। मंगलवार को पड़ रहे 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उनके कामों की समीक्षा करना इसलिये बेहद प्रासंगिक व आवश्यक बन पड़ता है।

यूं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकतंत्र विरोधी कामों की लम्बी फेहरिस्त है और उन पर हमेशा से चर्चा होती भी रही है पर इसी शुक्रवार को समाप्त हुए संसद के मानसून सत्र के दौरान उनके द्वारा अपनाया गया व्यवहार सिर्फ असंसदीय ही नहीं था बल्कि अलोकतांत्रिक भी रहा। पिछले कुछ समय से उनके कामों की देश-विदेश में हो रही आलोचनाओं और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों की होती लामबन्दी से बौखलाये मोदी के तेवर प्रतिपक्ष के प्रति अत्यंत अपमानजनक और गरिमाहीन होते जा रहे हैं। संसद से चुन-चुनकर मुखर विपक्षी सदस्यों को निकाल बाहर करना, सवालों के जवाबों से कन्नी काटना, व्यवस्था में मनचाहा बदलाव आदि हाल के ऐसे मामले हैं जो देशवासियों की नागरिक आजादी के लिये बड़े खतरे हैं। इस प्रवृत्ति के खिलाफ़ देश भर में आवाज़ उठनी आवश्यक है।

जिस मणिपुर की हिंसा और महिलाओं के उत्पीड़न पर पूरा देश हिल उठा है, उसे लेकर मोदी और उनकी सरकार ने जैसा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार दिखाया है, वह अपने आप में बेहद शर्मनाक है। पहले तो संसद में इस पर चर्चा कराने के लिये सरकार तैयार ही नहीं थी। बड़ी मुश्किल से इस पर अविश्वास प्रस्ताव के तहत तीन दिवसीय चर्चा हुई तो मोदी स्वस्थ संसदीय परम्परा को धता बताकर पूरी बहस के दौरान आये ही नहीं। वे वैसे भी संसद में कम ही आते हैं। आये भी उन्होंने ऐसे जवाब नहीं दिये जिनमें विपक्ष के सवालों के तथ्यपरक स्पष्टीकरण हों। उत्तर की बजाय अपने सहयोगियों से नारेबाजी कराई तथा विपक्ष को कोसते रहे। अधिक आपत्तिजनक यह है कि मणिपुर की चर्चा से भागने वाले मोदी मध्यप्रदेश की एक सभा में कहते फिर रहे थे कि सत्ता दल गम्भीर चर्चा करना चाहता था परन्तु विपक्ष भाग (बॉयकॉट) गया। सवाल यह है कि अगर सत्ता दल चर्चा करना ही चाहता था तो उसे किसने रोका था? मोदी तो सदन के बाहर पहले भी चर्चा कर सकते थे। मोदी ने स्वयं क्यों नहीं सवा दो घंटे का उपयोग ठोस जवाब के लिये किया। जो बिंदुवार प्रश्न कांग्रेस के गौरव गोगोई ने रखे थे वे उनका सिलसिलेवार जवाब देते। मोदी ने केवल दो-ढाई मिनट इस विषय को दिये और भावनात्मक बातें ही कीं। उन्होंने कहा कि 'मणिपुर में शांति का सूर्य निकलेगा', पर यह नहीं बताया कि वह कैसे निकलेगा तथा उसमें सरकार की भूमिका क्या रहेगी। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि अमित शाह और मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह की दंगों को रोकने में क्या भूमिका रही।

मोदी दरअसल संसद पर ही नहीं वरन एक तरह से समग्र लोकतांत्रिक प्रणाली पर ही अपना एकाधिकार कायम कर रहे हैं। बगैर चर्चा के थोक में कानून बदले जा रहे हैं। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिये बनने वाली समिति से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को बाहर कर दिया गया है। अब प्रधानमंत्री तथा विपक्ष के नेता के अलावा उनके द्वारा नामांकित एक कैबिनेट मंत्री कमेटी के सदस्य होंगे। अपने एकाधिकार के बारे में मोदी कितने आश्वस्त हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मध्यप्रदेश के एक मंदिर का शिलान्यास करते वक्त उन्होंने कह दिया है कि 'इसका लोकार्पण भी मैं ही करूंगा।' क्या मोदी जी को बतौर तीसरी बार पीएम का चेहरा उनकी पार्टी ने मान लिया है? क्या वे इस कदर शक्तिशाली हो गये हैं कि खुद के बारे में भी सब कुछ तय कर रहे हैं? ये भी सवाल हैं।

मणिपुर के अलावा नूंह (मेवात) में हुई हिंसा और जयपुर-मुंबई ट्रेन का वह हादसा जिसमें एक व्यक्ति द्वारा खास सम्प्रदाय के तीन लोगों की हत्या करना यह बतलाता है कि उनका विधायिका पर ही नहीं, कार्यपालिका पर भी ऐसा मजबूत नियंत्रण है कि प्रशासन सरकार को बचाने के लिये या तो मौन है अथवा तथ्यों की तोड़-मरोड़ करने, अपारदर्शिता और गैर जिम्मेदारी का प्रदर्शन कर रहा है। संसद में कही जाने योग्य बातों को सदन के बाहर और बाहर कही जाने वाली बातों को सदन के भीतर कहते-बोलते मोदी ने संसद को अपनी सुविधा और मूड का मंच बना लिया है। हाल के मामलों में उनके जवाब अपरिपक्वता की निशानी तो हैं ही, वे पद की गरिमा भी गिरा चुके हैं। उनकी नज़रों में संसद का अर्थ सिर्फ शक्तियां पाना और राज करना है।

## नेहरू ने बिना शिकायत शून्य से भारत को शिखर तक पहुंचाया

देश का सबसे बड़ा दिन 15 अगस्त। हर साल कई तरह से याद किया जाता है। नास्टेलजिया (पुरानी अच्छी यादें) होता है। स्कूल के वह दिन सुबह बहुत जल्दी मुंह अंधेरे निकलकर प्रभात फेरी। पूरे गांव, कस्बे या स्कूल के आसपास, शहर का गांधी, नेहरू, सुभाषचन्द्र बोस, भगतसिंह के जिन्दाबाद नारे लगाते हुए, देशभक्ति के गीत गाते हुए चक्कर और फिर बच्चों का सबसे पसंदीदा प्रोग्राम बूंदी के लड्डू मिलना।

वह दिन भी खत्म हुए। मगर अभी भी उत्साह पैदा कर देते हैं। तैयारियां केवल बच्चों की नहीं होती थीं, मां-बाप भी खुश होकर इंतजाम करते थे। सबसे मुश्किल काम होता था। सफेद टेनिस शू (कैनवास) की पालिश करके उसे सुखाना। गीली चॉक या वह सफेद रंग की टिकिया पालिश से जूते गीले हो जाते थे। और अगस्त का महीना बरसात का जूते सूखने का नाम नहीं लेते थे। और कभी किसी साल उस दिन से पहले नए सफेद कैनवास शू मिल जाते थे तो कहना ही क्या! लगता था सबसे अलग आप ही हैं।

मगर यह सब भावनात्मक यादें हैं। अच्छी हैं। और बिला नागा हर साल आती हैं। रील सी पूरे दिमाग में घूम जाती है। लेकिन आजादी एक अलग ठोस तत्व है। जिस पर सोचना और बात करना अब लगातार कम होता जा रहा है। 76 साल हो रहे हैं। बहुत बड़ा अरसा। सच है बहुत काम हुआ है। आज की सरकार माने या न माने देश इन 76 सालों में बहुत आगे बढ़ा है। यह प्रगति इसलिए ज्यादा महत्वपूर्ण है कि शून्य से शुरू हुई थी।

अभी भी वे लोग हैं जो 1947 में किशोर हो रहे थे। उन्हें यादें हैं कि कितने कम स्कूल थे। अस्पताल थे। नौकरियां तो बहुत लिमिटेड हुआ करती थीं। मगर नेहरू ने वाकई चमत्कार किया। नकारात्मक बातें करने के बदले जैसा आज की सरकार करती है देश को बनाने में लग गए। कभी नहीं कहा कि अंग्रेजों ने क्या छोड़ा। जैसा आज हर बात में कहा जाता है कि सत्तर सालों में क्या हुआ वैसा कभी नहीं कहा कि पहले क्या हुआ।

सही है अगर वही करते रहते तो उन्हें भी बिना एम्स बनाए झूठ बोलना पड़ता कि दिल्ली में बना दिया। कह दिया कि दरभंगा में बना दिया। लाख बिहार सरकार कहती रहे, दरभंगा की जनता कहती रहे कि नहीं है यहां एम्स, मगर क्या फर्क पड़ता है। कह दिया। और भक्त लोग मान गए। कईयों ने तो आंकड़े भी दे दिए कि इतने लोग इलाज करवा कर ठीक होकर आ भी गए।

नेहरू ने काम किया। आज बातें की जा रही हैं। महाराष्ट्र की कलावती के लिए कह दिया कि राहुल ने कुछ नहीं किया। भक्त मान गए। कांग्रेस कहती रहे। खुद कलावती कहती रहे कि राहुल ने पूरी मदद की। मगर मीडिया लिख चुका कि भाजपा सरकार ने की थी।

पहले पत्रकार फैक्ट फाइंडिंग करते थे। दरभंगा जाकर वहां से लिखते थे कि नहीं है एम्स। कलावती से मिलकर लिखते थे कि उसकी मदद भाजपा सरकार ने नहीं राहुल ने की है। मगर आज जो सरकार कह दे वही सही। नाले के गैस से चाय बनना आविष्कार है। रडार बादलों में काम नहीं करता नया तथ्य है। कबीर, गुरु नानक और गोरखनाथ का समकालीन होना नया इतिहास है। और भारत 1947 में नहीं 2014 में आजाद हुआ नई खोज है। ऐसी बहुत सारी बातें होंगी। खुद को महान साबित करने के लिए ऐसी काल्पनिक बातों की कोई सीमा नहीं है। कभी मनोवैज्ञानिक इस पर लिखेंगे। आज तो किसी की हिम्मत नहीं है।

मगर नेहरू इन चक्करों में नहीं पड़े। उन्होंने देश की प्राथमिकताएं तय कीं और उनमें लग गए। आराम हराम है का नारा नेहरू ने ही दिया था। 16 घंटे काम वे ही करते थे। और झूठ देश को कितना नुकसान पहुंचा सकता है। अंदर से खोखला कर सकता है वे जानते थे इसीलिए अफवाहें देश की सबसे बड़ी दुश्मन हैं का आह्वान किया था।

नेहरू भी चाहते तो झूठ और अफवाहों के जरिए अपनी सरकार चला सकते थे। आजादी के आंदोलन का नेतृत्व करने का बड़ा आभा मंडल उनके पास था। विपक्ष कहीं था ही नहीं। संघ (जिसकी राजनीतिक शाखा आज भाजपा है) आज जो नेहरू की सबसे ज्यादा आलोचना करता है, उस समय आजादी के आंदोलन में शामिल नहीं होने के कारण जनता में बहिष्कृत था। नेहरू के पास सिर्फ चुनाव का ही नहीं आजादी के आंदोलन से निकला एक बड़ा जन समर्थन था। जैसी चाहे कहानियां बना सकते थे। मगर उन्होंने देश का ठोस निर्माण करने का फैसला किया।

कुछ आंकड़े देखना चाहिए। पूरे तो अगर लिखने लगें तो एक लेख में क्या समाएंगे, पूरी किताब बन जाएंगी। मगर आज 15 अगस्त, 2023 को 76 साल में देश ने कितनी प्रगति की यह समझने के लिए एक आंकड़ा। शिक्षा का। शिक्षा ही है और आधुनिक शिक्षा जो किसी भी देश और समाज को बनाती है। तो आजादी के समय देश में साक्षरता केवल 12 प्रतिशत थी। और महिलाओं की तो केवल 9 प्रतिशत। मतलब 1947 में आजादी के समय 11 में से केवल एक महिला साक्षर थी।



शकील अख्तर

> **आंकड़े देखना चाहिए। पूरे तो अगर लिखने लगें तो एक लेख में क्या समाएंगे, पूरी किताब बन जाएंगी। मगर आज 15 अगस्त, 2023 को 76 साल में देश ने कितनी प्रगति की यह समझने के लिए एक आंकड़ा। शिक्षा का। शिक्षा ही है और आधुनिक शिक्षा जो किसी भी देश और समाज को बनाती है। तो आजादी के समय देश में साक्षरता केवल 12 प्रतिशत थी। और महिलाओं की तो केवल 9 प्रतिशत। मतलब 1947 में आजादी के समय 11 में से केवल एक महिला साक्षर थी।**

तो आप समझ सकते हैं कि नेहरू ने किस तरह जीरो से शुरूआत की। अगर वे भी बातें बनाते रहते तो देश की साक्षरता दर आज 12 प्रतिशत से 82 प्रतिशत नहीं होती। महिला साक्षरता 9 प्रतिशत से 77 प्रतिशत तक नहीं पहुंचती। सबसे बड़ा काम था लोगों को पढ़ाना लिखाना। स्कूल थे नहीं। बहुत सारे लेखकों ने, अन्य लोगों ने लिखा है कि कैसे वे मीलों दूर पढ़ने जाया करते थे। उस समय पूरे देश में करीब एक लाख ही स्कूल थे। जिनमें से भी अधिकांश शहरों में। गांवों में तो स्कूल थे ही नहीं। नेहरू ने सबसे ज्यादा ध्यान इस पर दिया। स्कूल खोलने से लेकर टीचर ट्रेनिंग तक पर। केवल शिक्षा ही पर्याप्त नहीं थी अच्छी शिक्षा भी जरूरी थी। और ऐसे ही उच्च शिक्षा भी।

नेहरू इसका महत्व कितना समझते थे यह इसी से समझ सकते हैं कि विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (यूजीसी) 1949 में ही बना दिया था। आजादी के समय देश में केवल 27 ही विश्वविद्यालय थे। नेहरू, गांधी, सुभाष चन्द्र बोस सबको पढ़ने के लिए विदेश जाना पड़ता था। और आज विदेशों में हर बड़े विश्वविद्यालय में भारतीय पढ़ा रहे हैं। पढ़े-लिखे लोगों के खिलाफ भाजपा इसीलिए है कि दुनिया भारत को इन पढ़े- लिखे लोगों के द्वारा ही जानती है। मनमोहन सिंह की बहुत आलोचना की जाती है।

मगर कैम्ब्रिज में, जिसके बारे में बताने की जरूरत नहीं कि कितनी प्रतिष्ठित अन्तरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटी हैं मनमोहन सिंह के नाम पर ही फेलोशिप दी जाती है। इसी तरह किसी भी देश के बनने के लिए दूसरा जो सबसे बड़ा आधार होता है वह है स्वास्थ्य। आज भारत की जीवन दर 70 वर्ष है। मतलब हर व्यक्ति औसतन 70 साल तक जीता है। मगर आजादी के समय यह क्या थी? केवल 32 साल। इसे बढ़ाने के लिए देश में स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा विकसित किया गया। बहुत विस्तृत बात है। मगर संक्षेप में उस समय केवल 28 मेडिकल कालेज थे और आज करीब 612। तभी असली एम्स नेहरू ने 1961 में ही बना दिया था।

भारत ने बड़ी प्रगति की है। 76 साल में क्या हुआ या 2014 से पहले भारत में जन्म लेना शर्म की बात थी कहना आसान है मगर देश को बनाने का जो बीड़ा नेहरू ने उठाया था उसमें बाद के भी सभी प्रधानमंत्रियों ने अपनी-अपनी समझ के हिसाब से हाथ बंटाया। कम ज्यादा, सकारात्मक, नकारात्मक फैसला इतिहास करेगा। इतिहास भक्तों के हिसाब से, गोदी मीडिया के हिसाब से व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के हिसाब से नहीं लिखा जाएगा। वह तो ऐसा ही होता है जो तथ्य और सत्य पर आधारित होता है जिसमें से अभी यह बहुत थोड़ा सा हिस्सा निकालकर हमने आपको बताया।

## महाराजा का दरबार नहीं, 140 करोड़ लोगों की आवाज है संसद

संसद वह सर्वोच्च संस्था है जो देश के 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। इसका काम ये सुनिश्चित करना है कि देश संविधान के मुताबिक चले। देश और जनता के हित को सुरक्षित रखने के लिए संसद संविधान बदलने से लेकर हर तरह के फैसले ले सकती है। मौजूदा संसद सत्र खत्म होने के साथ यह सवाल पूछा जाना लाजिमी है कि क्या हमारी संसद ने देश की ज्वलंत समस्याओं को हल करने की पहल की? इसका जवाब बहुत निराशाजनक है।

चार महीने से जल रहे मणिपुर का मंजर, भयावह है। प्रधानमंत्री समेत केंद्र सरकार ने इसमें अब तक कोई हस्तक्षेप नहीं किया है। हत्या, बलात्कार, आगजनी और सामुदायिक विभाजन ने मणिपुर को लगभग चीरकर रख दिया है। संसद में विपक्ष ने प्रधानमंत्री से सदन में मणिपुर पर बयान की मांग की लेकिन इस मांग को ठुकरा दिया गया। मजबूरन विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव पेश करना पड़ा। प्रधानमंत्री को संसद में बयान देने आना पड़ा, लेकिन मणिपुर के लोगों को उन्होंने निराश किया। दो घंटे के भाषण में उन्होंने सबसे अंत में मणिपुर का जिक्र किया, जिसमें भी ठोस कुछ नहीं था। इस सारी कार्रवाई से मणिपुर की जनता को क्या मिला?



संदीप सिंह

> **आज संसद में खुलेआम सत्तापक्ष और विपक्ष में भेदभाव किया जाता है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने 37 मिनट का भाषण दिया लेकिन संसद टीवी के कैमरे ने उन्हें सिर्फ 14 मिनट 37 सेकेंड दिखाया, बाकी टाइम कैमरा लोकसभा अध्यक्ष को दिखाता रहा। इसके उलट, नरेंद्र मोदी या अमित शाह के भाषण के दौरान संसद टीवी ने ऐसा नहीं किया।**

संसद चाह ले और प्रधानमंत्री चाह लें तो मणिपुर की समस्या दो दिन में हल हो सकती है। संसद चाहे तो विभिन्न राज्यों में फैले सांप्रदायिक तनाव को तुरंत रोका जा सकता था। प्रधानमंत्री चाह लें तो दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर हो रहा अत्याचार तुरंत रोका जा सकता है। संसद चाह ले और प्रधानमंत्री चाह लें तो महंगाई कम हो सकती है। प्रधानमंत्री चाह लें तो बेरोजगारी दूर हो सकती थी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

मणिपुर तीन महीने तक जलता रहा। राज्य की भाजपा सरकार इसे रोकने में नाकाम रही। केंद्र सरकार मौन। हिंसा और बर्बादी के बीच प्रधानमंत्री की चुप्पी से उकताकर मणिपुर की सभी पार्टियों के नेता प्रधानमंत्री से मिलने दिल्ली आए थे। प्रधानमंत्री ने उन्हें मिलने का वक्त नहीं दिया और विदेश यात्रा पर चले गए। जब प्रधानमंत्री को अविश्वास प्रस्ताव के जरिये संसद में आकर बोलने के लिए मजबूर किया गया तब भी वे दायें-बायें की बातें करते रहे, हंसी-मजाक-तंज करते रहे, इतिहास बांचते रहे और झूठ बोलते रहे।

क्या देश के 140 करोड़ लोग संसद से इतनी भी उम्मीद नहीं रख सकते कि जिस समय वे कोई अभूतपूर्व संकट झेल रहे हों तो संसद उसमें सकारात्मक हस्तक्षेप करे? भाजपा को यह याद रखना चाहिए कि संसद किसी महाराजा का दरबार नहीं है। यह 140 करोड़ लोगों की प्रतिनिधि संस्था है जिसके पास सर्वोच्च शक्ति है और जनकल्याण के लिए फैसला लेने की ताकत है। लेकिन भाजपा सरकार ने संसद में मौजूद इस 140 करोड़ लोगों की सारी शक्ति को एक व्यक्ति के चरणों में डाल दिया है। 'जो तुमको हो पसन्द हो वही बात कहेंगे' अब संसद का तराना है। अन्यथा विपक्षी सांसदों को आवाज उठाने के जुर्म में निष्कासित कर दिया जाता है। मौजूदा सत्र के दौरान विपक्ष के कई सांसदों को अनुचित ढंग से निष्कासित कर दिया गया।

आज संसद में खुलेआम सत्तापक्ष और विपक्ष में भेदभाव किया जाता है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने 37 मिनट का भाषण दिया लेकिन संसद टीवी के कैमरे ने उन्हें सिर्फ 14 मिनट 37 सेकेंड दिखाया, बाकी टाइम कैमरा लोकसभा अध्यक्ष को दिखाता रहा। इसके उलट, नरेंद्र मोदी या अमित शाह के भाषण के दौरान संसद टीवी ने ऐसा नहीं किया। विपक्षी नेता लगातार इस तरह के भेदभाव की शिकायतें लोकसभा अध्यक्ष से करते रहे हैं लेकिन यह बंद नहीं हो रहा है।

फरवरी में जब राहुल गांधी ने संसद में अडाणी और मोदी सरकार की साठगांठ से चल रहे भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया तो उनके खिलाफ एक बंद पड़े केस को खोल दिया गया और मात्र दो सुनवाई में दो साल की सजा दे दी गई। इस सजा के बाद लोकसभा की भूमिका बेहद चौंकाने वाली रही। सजा सुनाने के 24 घंटे के अंदर ही लोकसभा सचिवालय ने इसे आधार बनाकर राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द कर दी, जबकि खुद कोर्ट ने राहुल गांधी को अपील करने के लिए 30 दिन का वक्त दिया था। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुच्छेद-103 के अनुसार, किसी संसद सदस्य की सदस्यता पर सवाल उठने की स्थिति में यह मामला राष्ट्रपति को भेजा जाता है। राष्ट्रपति चुनाव आयोग की राय लेकर फैसला करते हैं। राहुल गांधी के मामले में लोकसभा सचिवालय ने ऐसा फैसला लिया जिसका उसे अधिकार ही नहीं है। भारत के संसदीय इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ।

ओम बिरला से पहले भाजपा सरकार ने सुमित्रा महाजन को लोकसभा अध्यक्ष बनाया था जो कि नरेंद्र मोदी के भाषण पर मेज थपथपाने लगती थीं। मंत्रियों के फंसने पर अपनी ओर से राय देने लगती थीं। वे इतना खुलकर पक्षपात करती थीं कि मीडिया में खबरें छपीं कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में सुमित्रा महाजन का व्यवहार भाजपा कार्यकर्ता की तरह है।

जीवी मावलंकर देश की पहली लोकसभा के अध्यक्ष थे। एक बार प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू बोलने के लिए खड़े हुए तो जीवी मावलंकर ने उन्हें टोक दिया क्योंकि यह नियम के विरुद्ध था। उनके टोकने पर नेहरू ने शालीनता से सिर झुकाया और बिना बोले ही बैठ गए। एक और घटना है जब पंडित नेहरू लोकसभा में एक अध्यादेश लाना चाहते थे। इस पर मावलंकर ने कहा, 'यह काम करने का लोकतांत्रिक तरीका नहीं है। सरकार को अपवाद की स्थिति में ही अध्यादेश का सहारा लेना चाहिए। यह तभी किया जाना चाहिए, जब ऐसा करना बहुत जरूरी हो।' पंडित नेहरू ने हमेशा लोकसभा अध्यक्ष के आदेश का सम्मान किया। इसका मतलब यह था कि संसद प्रधानमंत्री से बड़ी है। लेकिन आज लोकसभा अध्यक्ष पार्टी के कार्यकर्ता और एक व्यक्ति के गुणगान के लिए काम करते दिखते हैं।

पंडित नेहरू कहते थे, 'अध्यक्ष सदन की गरिमा तथा उसकी स्वतंत्रता का प्रतिनिधित्व करता है और चूंकि सदन राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है इसलिए अध्यक्ष एक प्रकार से राष्ट्र की स्वतंत्रता और स्वाधीनता का प्रतीक होता है।' आज हमारे लोकसभा अध्यक्ष और सत्ता में बैठी भाजपा मिलकर विपक्ष के साथ भेदभाव करके उस गौरवशाली संसदीय परंपरा को अपमानित करते हैं जिसकी शुरुआत पंडित नेहरू, सरदार पटेल, डॉ अंबेडकर और जीवी मावलंकर जैसे महापुरुषों ने की थी।

**(लेखक कांग्रेस से हैं और जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष रहे चुके हैं।)**

## गुरवाणी विचार

### जो सुख को चाहे सदा शरण राम की लेह

इह जगि मीत न देखियो कोई
सगल जगत अपनै सुखि लागिए।
दुख में संग न होई (रहाओ)
दारा मीत पूत संबंधी सगरे धन सिउ लागे।।
जब ही निरधन देखिये नर कउ संग छाडि सभ भागे।
कहौ कहाधिआ मन बउरे कउ इनसिउ नेहु लगइस।
दीना नाथ सकल मैं भजन जस ताको बिसराइए।
सुआन पूछ जिओ भयो न सूधो बहुत जतन मैं कीनो।।
नानक लाज बिरद की राखौ नाम तुहारो लीनो।।

गुरुवाणी की यह पंक्तियां राग सोरठि से ली गई है जो गुरुग्रंथ साहिब के 633 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा नौंवे नानक गुरु तेगबहादुर समझा रहे हैं कि इस संसार में कोई किसी का हितैषी नहीं है। सारा संसार अपने ही सुखों के साधन जुटाने में लगा है। दुख में कोई किसी का साथ नहीं देता। केवल हर इंसान का प्रभु परमात्मा है जो आखिरी सांस तक हमारे साथ है इसलिए गुरुवाणी द्वारा हमें समझाया गया है कि उस प्रभु परमात्मा की सिमरन बंदगी करते रहो क्योंकि वही हमारा सच्चा दोस्त है-

सृजन सेई नालि मैं चलदियां नालि चलनि।
जिथे लेखा मंगिये तिथे खड़े दिसनि।।

हम जिन्हें अपना मित्र समझते हैं जैसे अपनी पत्नी और सगे संबंधी सब मतलब के दोस्त हैं। जब तक पैसा है तभी तक वे सभी दोस्त हैं, निर्धन हो जाने पर कोई भी साथ नहीं देता सब छोड़ छाड़ के भाग जाते हैं। अगर बहुत ही सच्चे साथी होंगे तभी तक साथ देंगे जब तक शरीर है। जब शरीर ने साथ छोड़ा ज्यादा से ज्यादा शमशान भूमि तक साथ देंगे। आगे कोई साथ जाने वाला नहीं है साथ में वही हमारे जाएगा जो हमने प्रभु सिमरन कर संचित किया होगा। वही प्रभु परमात्मा ही सच्चा साथी होगा जो हमें आखिरी दम तक साथ देगा। अपने सच्चे दरबार में भी ले जाकर स्थान देगा। जहां फिर हमें सदा आनंद ही आनंद की प्राप्ति होगी।

इसलिए समझा रहे हैं कि ऐ मेरे भूले हुए मन क्यों सांसारिक विषय विकारों में फंसा हुआ है प्रभु परमात्मा जो तेरा सही मायने में मित्र है जिसने अंत तक तेरा साथ देना है उसी की सिमरन भक्ति में मन लगाने पर हम इस संसार में आकर उस प्रभु परमात्मा को बिसार बैठे हैं। इसलिए दुख पाते रहते हैं। तभी तो गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है-

जो सुख को चाहे सदा शरण राम की लेह।

हमें प्रभु सिमरन भक्ति करते रहना है और सच्चा धन एकत्र करना है जो हमेशा हमारे साथ जाएगा। धन दौलत तो हमारे साथ जाने वाला नहीं है। यह सब हमारे लिए ऐशोआराम का साधन इकत्र कर सकती है पर अंत समय में हमारे किसी भी काम में आने वाला नहीं है भले ही इसे संचित करने में हर प्रकार के उपाय करते रहते हैं। जब कुछ धन संचित हो जाता है तब और चाहिए और चाहिए इस तरह कितना भी हमारे पास धन हो जाए तृष्णा कभी खत्म नहीं होती।

विपत्ति आ जाए तो धन हमारी कोई मदद नहीं कर पाता। सिकंदर ने पूरे विश्व पर विजय प्राप्त कर ली पर अंत समय में उसने कहा जब मेरा जनाजा निकाला जाए तो मेरे दोनों हाथ और दोनों पैर कफन से बाहर रखें ताकि लोगों को पता हो कि विश्व विजेता सिकंदर भी नंगे पांव और खाली हाथ जा रहा है। इसलिए हमें सच्चा धन प्राप्त करने के लिए सिमरन भक्ति करना है जिसे ना कोई चोरी कर सकता है न ही कोई हमसे छीन सकता है-

साचा एह हरि धन अगनी तस करै पाणिये।
जमदूते किसे का गवाइया न जाई।।
हरि धन कउ उचका नेड़ि न आवई
जम जागति डंड न लगाई।।

इसलिए गुरवाणी में हमें बार-बार समझाया गया है- हरि धन सांचीअै भाई जि हलति पलति हरि होइ सखाई।।

गुरदेव फरमा रहे हैं कि जिस तरह कुत्ते की पूंछ को कितने ही जतन कर लिया जाए सीधा नहीं किया जा सकता। इसलिए परमात्मा के सिमरन में जो लापरवाह होते हैं। परमात्मा सिमरन से बेमुख होते हैं वे समझाने पर भी नहीं समझते वे भी सब संसार में आकर खाओ-पीयो और मौज मस्ती में लगे रहते हैं जो अंत समय में उनके काम नहीं आ सकती। तब वे बहुत पछताते हैं।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### वे आ रहे हैं दूध पिलाने, सावधान रहें!

हरिशंकर परसाई जी ने लिखा है -'साल-भर सांप दिखे तो उसे भगाते हैं। मारते हैं। मगर नागपंचमी को सांप की तलाश होती है, दूध पिलाने और पूजा करने के लिए। सांप की तरह ही शिक्षक दिवस पर रिटायर्ड शिक्षक की तलाश होती है, सम्मान करने के लिए।' बहरहाल यह बात आज की राजनीति पर बिल्कुल फिट बैठती है पिछले दिनों साहिब जी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से बड़े जोशखरोश के साथ कहा कि वे रक्षा-बंधन के पावन पर्व पर मुस्लिम बहनों को रक्षा सूत्र बांधें यानि उनकी रक्षा का वचन दें। उन्हें इस अवसर पर चढ़ावा बतौर कुछ देना तो ज़रूरी होता है वह दिए बिना रक्षा-बंधन अधूरा होगा।

आप जानते हैं इस इंवेंट को भाजपा ने प्रदेश की 74 विधानसभा सीटों को ध्यान में रखकर यह डिजाइन बनाया है। इनमें 35 सिम अनुसूचित जाति के लिए हैं बाकी 19 सिम सामान्य है लेकिन इस पर दलित वाटर निर्णायक भूमिका में है और जिस गांव बड़तूमा को चुना, वह इन अनुसूचित जातियों के रहवास के बीच में, लगभग पड़ता है।

संत रविदास तो संत कबीर के समकालीन व गुरूभाई माने जाते हैं। स्वयं कबीरदास जी ने 'संतन में रविदास' कहकर इन्हें मान्यता दी है। राजस्थान की कृष्णभक्त कवयित्री मीराबाई उनकी शिष्या थीं। वहीं चित्तौड़ में संत रविदास की छतरी बनी हुई है। बनारस में उनके नाम का एक मंदिर और मठ भी है। काशी में जन्मे और वहीं अपनी देह समाप्त की। अपने दोहों और पदों के माध्यम से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता पर उन्होंने बल दिया और मानवतावादी मूल्यों की नींव रखी- मूर्ति पूजा तीर्थयात्रा जैसे दिखाओ में उनका बिल्कुल विश्वास नहीं था। वह व्यक्ति की आंतरिक भावनाओं और आपसी भाईचारे को ही सच्चा धर्म मानते थे। उनका हाथ में निवेदन निभाओ और सहज भक्ति पाठक के हृदय को उद्वेलित करते हैं कबीर की तरह रैदास के बहुत से पद सिखों के पवित्र ग्रंथ 'गुरु ग्रंथ साहिब' में मौजूद हैं विशेष बात यह कि संत रविदास देशभर में जाने जाते हैं। पंजाब में उन्हें रविदास, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान में रैदास। गुजरात, महाराष्ट्र में रोहिदास। बंगाल में रूईदास के नाम से जाना जाता है। विशेष बात ये कि कुछ क्षेत्रों में उनकी चमार जाति को रैदास नाम से भी जानते हैं। उन्होंने लिखा है - पराधीनता पाप है, जान लेहु रे मीत। रैदास दास पराधीन सौं, कौन करै है प्रीत॥

तुलसीदास भी यही बात दूसरे अंदाज़ में कहते हैं- पराधीन सपनेहुं सुख नाहीं। अफसोसनाक यह कि कि 15वीं शताब्दी में कही गई इन शिक्षाओं का खासा कोई असर दिखता नहीं। भीमराव अम्बेडकर ने शिक्षा को मंदिर से ज्यादा अहमियत दी। हालात आज तक नहीं बदले। संत रविदास के मंदिर बनाने के पीछे इन्हें भक्ति पथ दिखाकर संतुष्ट करने का जो उपक्रम किया जा रहा है उसे समझना ज़रूरी है। यह दूध पिलाने से कमतर नहीं है।

इसी कड़ी में साहिब जी ने लाखा बंजारा का नाम लिया जिन्होंने सागर में विशाल तालाब का निर्माण किया। वे आज याद आए जब वह तालाब एक छोटे ताल में बदल गया। जो कभी सागर हुआ करता था जिसके कारण शहर का नाम सागर हुआ। यह भी एक विशेष जनजाति को उपकृत करने के इरादे से।

देश ही नहीं प्रदेश में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति आज सरकार की कितनी अधिक उपेक्षा झेल रही है वह किसी से छिपा नहीं है। सीधी का पेशाब कांड माथे पर कलंक है। दलित दूल्हा आज भी घोड़ी नहीं चढ़ सकता। इन सभी अत्याचार मामले में प्रदेश अव्वल है। महिला उत्पीड़न भी कम नहीं। इसलिए तरह-तरह के लोक-लुभावन कार्यक्रम लेकर वे आ रहे हैं। सावधान रहें। चार साल जिसके साथ अनुचित और अमानवीय व्यवहार हो उसकी इस तरह खुशामद करना ठीक वैसा ही है जैसा हरिशंकर परसाई ने बताने की कोशिश की है। यकीन है आदिवासी व्यक्ति की पूजा हो, रैदास की पूजा हो या रक्षा-बंधन के पावन पर्व पर मुस्लिम बहनों को राखी बांधना, लाड़ली बहनों को गिफ्ट देना छलावा है इसे समझें और समझदारी से काम लें।

**सुसंस्कृति परिहार**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## बांग्लादेश में पक्षियों के टकराने दो विमान क्षतिग्रस्त

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो विमानों से पक्षियों के टकराने की घटना के बाद उड़ानों को रोका गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ढाका-बैंकॉक मार्ग पर बंगलादेश की एयरलाइंस के एक विमान के शनिवार को पक्षी के टकराने के कारण उड़ान भरने से रोकना पड़ा, विमान का एक टायर फट गया। एयरलाइंस के एक वरिष्ठ पायलट ने प्रमुख स्थानीय समाचार पत्र डेली स्टार को बताया कि विमान के यात्रियों को टैक्सीवे पर उतरना पड़ा। उन्होंने बताया कि बाद में अधिकारियों ने यात्रियों के लिए बैंकॉक जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की है।

# पीएमएल-एन ने नवाज शरीफ को अपना पीएम चेहरा नामित किया



- नवाज शरीफ को किसी भी अयोग्यता से मुक्त किया गया
- पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ की वापसी में भी बाधा हो गई है दूर

**इस्लामाबाद,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए अपना उम्मीदवार नामित किया। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री आवास पर एक प्रेस वार्ता के दौरान पीएमएल-एन प्रमुख शहबाज शरीफ ने कहा कि चुनाव अधिनियम में किए गए संशोधन ने नवाज शरीफ को किसी भी अयोग्यता से मुक्त कर दिया है, जिससे उनकी वापसी में भी बाधा दूर हो गई है। नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ ने कहा, पार्टी अध्यक्ष के रूप में मैंने नवाज शरीफ को पीएमएल-एन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया है।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आम चुनाव की तारीख पर अंतिम निर्णय पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) पर निर्भर करता है, साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी जल्द से जल्द चुनाव कराना चाहती है। पीएमएल-एन नेता इशाक डार ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि नवाज शरीफ की अयोग्यता की अवधि 26 जुलाई को समाप्त हो गई। इस सप्ताह की शुरुआत में एक साक्षात्कार में शहबाज़ शरीफ़ ने कहा था कि नवाज़ शरीफ़ सितंबर में लंदन से पाकिस्तान लौटने वाले हैं और अपने लंबित अदालती मामलों का सामना करेंगे।

## सभी की नवाज शरीफ के स्वदेश लौटने पर निगाहें

**इस्लामाबाद।** लगभग 16 महीनों तक 13-पार्टी गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के बाद, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 10 अगस्त को पद छोड़ दिया और नेशनल असेंबली को भंग कर दिया। जिससे अगले 90 दिनों में आम चुनाव होने का रास्ता साफ हो गया। हालांकि, उनकी सरकार के रिपोर्ट कार्ड में मतदाताओं के सामने प्रस्तुत करने के लिए लगभग कुछ भी नहीं है, फिर भी कुछ फैक्टर हैं, जो उन्हें सत्ता में लौटने में मदद कर सकते हैं। शहबाज शरीफ ने 11 अप्रैल 2022 को अपने पूर्ववर्ती इमरान खान को अविश्वास मत के माध्यम से अपदस्थ करने के बाद पदभार ग्रहण किया था, जो पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) गठबंधन बनाने वाले तत्कालीन विपक्षी दलों की सियासी चालबाजी के माध्यम से तैयार किया गया था। शहबाज़ शरीफ एक राजनेता के रूप में उभरे।

# डेर अल-जौर में बस हमले के लिए अमेरिकी सेना जिम्मेदार : सीरिया



**दमिश्क,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। सीरिया ने कहा है कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) द्वारा डेर अल-ज़ौर में उसकी सैन्य बस पर किये गए हमले के लिए अमेरिका दोषी है। इस हमले में सीरिया के 33 सैनिक मारे गए थे। सीरिया के विदेश मंत्रालय ने शनिवार रात जारी एक बयान में कहा कि यह हमला सीरिया की संप्रभुता और स्वतंत्रता के खिलाफ चल रहे अमेरिकी अभियान का एक हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका सीरिया को अस्थिर करने के लिए आईएस का समर्थन कर रहा है।

मंत्रालय ने हमले और सीरिया के तेल और कृषि संसाधनों के निरंतर अमेरिकी दोहन का भी उल्लेख किया। बयान के अनुसार यह आर्थिक दबाव अमेरिकी कब्जे को बढ़ाने और क्षेत्रीय सुरक्षा को अस्थिर करने में मदद करता है। बयान में कहा गया है कि सीरिया आतंकवाद का मुकाबला करने और इसके प्रभावों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सुडोकू 6286

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 9 | | | | | 3 |
| | 2 | | | 6 | 3 | 7 | | |
| | | | | 4 | | | | 5 |
| | | 4 | 1 | | | 6 | | 2 |
| | | | | | | | | |
| 7 | | 9 | | | 6 | 3 | | |
| 4 | | | | 5 | | | | |
| | | 6 | 3 | 9 | | | 2 | |
| 3 | | | | | 7 | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 14 अगस्त, 2023 श्रावण कृष्ण पक्ष 12

### राशिफल

मेष -आपकी आत्मीयता अधिक संवेदनशील बनेगी। किसी की वाणी या बर्ताव से आपके मन को चोट पहुंचेगी। मानसिक भय और शारीरिक अस्वस्थता से आप बेचैन रहेंगे। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृषभ -चिंता के बोझ से राहत मिलने से स्फूर्ति और उत्साह का अनुभव करेंगे। भावुकता के प्रवाह में ज्यादातर समय कल्पना में रहेंगे। परिजनों की तरफ विशेष ध्यान देंगे। मित्रों के साथ प्रवास का आयोजन होगा। आर्थिक आयोजन पूरे होंगे।

मिथुन -आज आपको सभी कामों में सफलता मिलेगी। इसमें थोड़ा विलंब होगा, लेकिन उस संबंध में प्रयास जारी रखने से उन्हें पूरा कर सकेंगे। आर्थिक आयोजनों में दिक्कत हो सकती है। नौकरी-धंधे में सहकर्मियों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

कर्क -शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। मित्रों और स्वजनों के साथ आज का दिन खूब आनंद और उल्लास से व्यतीत होगा। आपका मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी के प्रति विशेष आकर्षण अनुभव करेंगे।

सिंह -चिंता के कारण स्वास्थ्य को हानि पहुंचेगी। उग्र दलीलों या वाद-विवाद से किसी के साथ संघर्ष होगा। कोर्ट-कचहरी के कामों में सावधानीपूर्वक कदम उठाएं।

कन्या -तन-मन की स्वस्थता के साथ आज का दिन खुशहाल साबित होगा। व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों को आर्थिक लाभ होगा। अधिकारी के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी।

तुला -आज आपके कार्य सरलतापूर्वक पूरे होंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों की तरफ से प्रोत्साहन मिलने पर आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यापारियों को व्यापार में तथा आय में वृद्धि होगा।

वृश्चिक -थकान, आलस और चिंता के कारण काम का उत्साह मंद पड़ा हुआ प्रतीत होगा। विशेष रूप से संतान के कारण चिंता होगी। कार्यक्षेत्र में भी अधिकारी का नकारात्मक व्यवहार आपके अंदर हताशा पैदा करेगा।

धनु -अनिच्छनीय घटनाएं, बीमारी, क्रोधावेश से आपका मानसिक व्यवहार हताशपूर्ण रहेगा। अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें। किसी कारण समय पर भोजन नहीं मिलेगा। अत्यधिक खर्च पर अंकुश लगाएं।

मकर -कार्यभार और मानसिक तनाव से राहत पाकर आज का दिन मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ खुशी से व्यतीत करेंगे। किसी नए व्यक्ति के प्रति आकर्षण अनुभव करेंगे। उत्तम वैवाहिक सुख प्राप्त होगा।

कुंभ -आपको आज कार्यभार में सफलता के साथ यश भी मिलेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार रहेगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता रहेगी। नौकरी धंधे में सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा।

मीन -आज आपकी कल्पनाशक्ति पूरे निखार पर होगी। आज का दिन साहित्य सृजन के लिए उत्तम है। विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। आपके स्वभाव में भावुकता और कामुकता अधिक रहेगी। पेट दर्द की संभावना है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## इजराइल में न्यायिक सुधार के विरोध में प्रदर्शन

**तेल अवीव,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के न्यायिक सुधार के विरोध में लगातार 32वें सप्ताह शनिवार को हजारों लोगों ने तेल अवीव की सड़क पर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन का आयोजन करने वालों ने बताया कि देश भर में 12 से अधिक रैलियां निकाली गई। हालांकि प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने न्यायिक सुधार में बदलाव का वादा किया है। तेल अवीव का वह इलाका जहां सरकारी इमारतें हैं वहां फिर से यातायात निर्धारित सीमा से अधिक हो गया है। यरूशलम पोस्ट ने बताया कि तीन फिलिस्तीनियों को अवैध रूप से इजरायल में प्रवेश करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर दक्षिणपंथी सरकार उन सरकारी फैसलों को पलटने की न्यायाधीशों की क्षमता को सीमित करने की अपनी विवादास्पद योजना पर बल देती है, जिन्हें वे अनुचित मानते हैं, तो राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था ठप हो जाएगी। विपक्षी नेता येर लैपिड नेतन्याहू की सरकार से कानून का पालन करने की मांग को लेकर शनिवार के प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान उन्हें कपलान स्ट्रीट पर भीड़ के साथ चलते हुए देखा गया।

# ब्रिटेन जा रहे प्रवासियों की नाव पलटने से छह अफगानियों की मौत, कई लापता



■ इंग्लिश चैनल में डूबी प्रवासियों की नाव

**कैलाइस,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन जा रही एक प्रवासी नाव के इंग्लिश चैनल में डूबने से अफगानिस्तान के छह निवासियों की मौत हो गयी है जबकि कई लोग लापता हैं, जिनता तलाश की जा रही है। फ्रांस के अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा शनिवार तड़के हुआ। फ्रांस के तटीय शहर बोलोग्ने के उप लोक अभियोजक फिलिप सबेटियर ने न्यूज एजेंसी एएफपी को बताया कि मरने वाले सभी छह अफगानी पुरुष थे, जिनकी उम्र 30 के आसपास थी। उन्होंने कहा कि बाकी यात्रियों में से ज्यादातर अफगानी और कुछ सूडानी थे।

इनमें अधिकतर वयस्क और कुछ नाबालिग थे। श्री सबेटियर ने कहा कि 49 लोगों को जीवित बचाया गया है, जनमें से 36 को फ्रांसीसी तटरक्षकों द्वारा और 13 को ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा बचाया गया। अभियोजक के कार्यालय के अनुसार पाँच से 10 यात्री अभी भी लापता हैं। उन्होंने बताया कि लापता यात्रियों की तलाश के लिए दो ब्रिटिश जहाजों के साथ, तीन फ्रांसीसी जहाज, एक हेलीकॉप्टर और एक विमान को उत्तरी फ्रांस में सांगाटे के पास के क्षेत्र में लगाया गया है। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, एचएम कोस्टगार्ड वर्तमान में चैनल में एक छोटी नाव से जुड़ी घटना को लेकर राहत एवं बचाव कार्य में फ्रांसीसी अधिकारी ग्रिस नेज़ की सहायता कर रहा है।

वहीं, फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिज़ाबेथ बोर्न ने कहा कि उनकी संवेदनाएं पीड़ितों के साथ हैं। उन्होंने राहत एवं बचाव टीमों के प्रयासों की सराहना की। मानवतावादी समूह यूटोपिया56 के एक प्रवक्ता ने इस त्रासदी के लिए सीमा पर दमन को दोषी ठहराया।

## वर्ग पहेली 6286

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. ... के कारण, के सौजन्य से (उर्दू)
३. जिसे सुना न गया हो
५. निश्चय
६. नमन
७. कर आदि से बचने के लिए शासन से छिपा कर रखा गया रुपया
९. दक्ष, निपुण (उर्दू)
१०. जो घबराया या डरा हुआ न हो
१२. कथोपकथन
१३. प्रण
१४. पूरी तरह, नितांत
१६. झुका या गिरा हुआ
१८. देह, तन
२०. दृश्य, काव्य अभिनय
२२. दुर्बल, कमजोर
२३. दुर्बल, कमजोर
२३. रिसाव होने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. शक्तिदायक
२. वश में या नियंत्रण में रखना (मुहावरा)
३. अभिनेता (उर्दू)
४. सुगंध
५. उपयोग
८. जो चारों ओर से केंद्र की ओर झुका हो
१०. नामुकम्मल, अपूर्ण
११. शहजादा, पुत्र
१२. जानकारी होना
१३. पहरेदार
१४. पयार्यवाची
१५. समान कोटि का
१७. मग्न, लीन
१८. पनाह
१९. एक प्रकार का ज्योतिष
२२. होंठ

### वर्ग पहेली-6285

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | स्त | २ मि | ला | ३ प | ■ | ४ बे | गु | ५ ना | ह |
| त | ■ | थ्या | ■ | ६ रि | हा | ई | ■ | खु | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| भ | ■ | वा | ■ | १० रा | जी | व | ■ | ■ | क्त |
| ■ | ११ ज | न | १२ ही | न | ■ | ■ | १३ शै | श | व |
| ■ | ल | ■ | न | ■ | १४ शि | थि | ल | ■ | र्द्ध |
| १५ स | ज | १६ ग | ता | ■ | क | ■ | १७ जा | १८ त | क |
| रे | ■ | ज | ■ | १९ आ | वा | २० ज | ■ | र्ज | ■ |
| २१ आ | वा | रा | ■ | क्षे | ■ | २२ ग | जा | न | २३ न |
| म | ■ | २४ ज | हां | प | ना | ह | ■ | ■ | बी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# चीन में भूस्खलन से चार लोगों की मौत



**बीजिंग,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के शानक्सी प्रांत में हुए भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। चाइना सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) ने शनिवार को जारी रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार को शीआन शहर जिले में हुई भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य लापता हैं। स्थानीय टेलीविजन रिपोर्ट में बताया गया है कि कुल 81 लोगों को निकाला गया है, जबकि मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। रिपोर्टों के अनुसार, भूस्खलन में कई घर, सड़क और पुल भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। खोज एवं बचाव अभियान जारी है।

## चीन में बाढ़, तूफान से निपटने के प्रयास जारी

**बीजिंग ।** चीन के अधिकारियों ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देश में बारिश, पानी और भूवैज्ञानिक आपदा स्थितियों के साथ-साथ तूफान के कारण होने वाले संभावित प्रभावों तथा असरों पर चर्चा की। बैठक का आयोजन सरकारी बाढ़ नियंत्रण और सूखा राहत मुख्यालय के कार्यालय तथा आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय की ओर से किया गया था। इसमें चीन मौसम विज्ञान प्रशासन, जल संसाधन मंत्रालय और प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय भी शामिल थे। बैठक में विशेष रूप से तियानजिन, लियाओनिंग, चोंगकिंग और शानक्सी जैसे प्रमुख स्थानों पर बाढ़ और तूफान से बचाव की व्यवस्था की गई। बैठक में कहा गया कि सोंगहुआ नदी के कुछ क्षेत्रों में जल स्तर अभी भी चेतावनी के निशान से ऊपर है, जबकि हैहे नदी बेसिन में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है।

# हवाई में लगी आग से मरने वालों की संख्या 89 हुई



**वाशिंगटन,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के हवाई में माउई द्वीप के जंगलों में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 89 हो गई है। एनबीसी न्यूज ने हवाई के गवर्नर जोश ग्रीन के हवाले से शनिवार को यह रिपोर्ट दी है। उन्होंने बताया कि माउई जंगल की आग आधुनिक अमेरिकी इतिहास की सबसे भीषण आग है। यह आपदा आधिकारिक तौर पर 2018 में कैलिफोर्निया के कैंप फायर से भी अधिक भीषण है, जिसमें कि 85 लोग मारे गए थे। इससे पहले शनिवार को माउई काउंटी ने एक बयान में कहा कि लहानिया, पुलेहु/किहेई और अपकंट्री माउई में आग बुझाने के प्रयास जारी हैं, जबकि कि मृतकों की संख्या 80 बताई गई थी।

## आज का इतिहास

1862- बंबई उच्च न्यायालय की स्थापना।
1908- इंग्लैंड के फोकेस्टोन में पहली सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन।
1917- चीन ने जर्मनी और आस्ट्रिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1924- प्रसिद्ध लेखक एवं पत्रकार कुलदीप नैयर का जन्म।
1938- बीबीसी की पहली फीचर फिल्म (स्टूडेंट ऑफ प्राग) टेलिविजन पर प्रसारित।
1945- जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध में मित्र राष्ट्रों के सामने आत्मसमर्पण किया
1947- भारत का विभाजन, पाकिस्तान पृथक राष्ट्र बना।
1968- मोरारजी देसाई पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान निशान-ए-पाकिस्तान से सम्मानित।
1971- बहरीन को 110 वर्ष के बाद ब्रिटिश शासन से आजादी मिली।
1975- पाकिस्तानी सेना ने राष्ट्रपति मुजीब उर-रहमान का तख्तापलट किया।
2001- मेसेडोनिया सरकार तथा अल्बानियाई विद्रोहियों में समझौता, आयरिश रिपब्लिकन आर्मी द्वारा निशस्त्रीकरण से इन्कार।
2002- पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ़ ने कश्मीर के चुनावों को ढोंग करार दिया।
2003- पूर्वी अमेरीका और कनाडा में लंबे समय तक बिजली आपूर्ति ठप्प, जिसका असर न्यूयॉर्क और ओटवा जैसे बड़े शहरों पर भी पड़ा।
2006- संयुक्त राष्ट्र की पहल पर इजरायल और दक्षिणी लेबनान में पांच सप्ताह से जारी संघर्ष थमा।
2006- इराक के कहतानिया में बमबारी में 400 लोग मारे गये।
2011- प्रसिद्ध हिन्दी फ़िल्म अभिनेता शम्मी कपूर का निधन।
2012- महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख का निधन।
2013- मिस्र में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प में 638 लोग मारे गये।

**विरोध** चीन ने ताइवान के उपराष्ट्रपति विलियम लाई की निंदा की

# ताइवान के उपराष्ट्रपति के अमेरिका में रुकने पर चीन नाखुश

**बीजिंग,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के विदेश मंत्रालय ने रविवार को ताइवान के उपराष्ट्रपति विलियम लाई के अमेरिका में रुकने की निंदा की और उन्हें समस्या पैदा करने वाला बताया।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, लाई दक्षिण अमेरिका में ताइवान के एकमात्र राजनयिक सहयोगी पराग्वे के रास्ते शनिवार को न्यूयॉर्क पहुंचे, जहां उनका 15 अगस्त को पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना के साथ उद्घाटन समारोह में शामिल होने का कार्यक्रम है।

स्टेट काउंसिल ताइवान अफेयर्स कार्यालय के प्रवक्ता झू फेंग्लियन ने यह टिप्पणी तब की जब लाई के स्टॉपओवर के लिए न्यूयॉर्क पहुंचने पर टिप्पणी मांगी गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, झू ने कहा, हमने कई मौकों पर लाई के अमेरिकी रोक पर अपनी स्थिति स्पष्ट रूप से बताई है, साथ ही कहा कि चीन अपने स्वतंत्रता एजेंडे के लिए अमेरिका के समर्थन की मांग करके ताइवान को नुकसान पहुंचाने के लाई के कृत्यों का विरोध करता है। उन्होंने ताइवान की स्वतंत्रता



अलगाववादियों और उनकी अलगाववादी गतिविधियों के लिए अमेरिकी मिलीभगत और समर्थन के किसी भी रूप पर कड़ा विरोध व्यक्त किया। झू ने खुद को एक व्यावहारिक ताइवान स्वतंत्रता कार्यकर्ता बताते हुए कहा, लाई ताइवान की स्वतंत्रता के लिए अलगाववादी रुख पर अड़े हुए हैं। झू ने कहा, स्टॉपओवर के बहाने, लाई अपने चुनाव के लिए स्वार्थी लाभ हासिल करने के लिए ताइवान को बेच रहे हैं, जो अंतत: ताइवान के लोगों के हितों को नुकसान पहुंचाएगा और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता को कमजोर करेगा।

झू ने कहा, क्रॉस-स्ट्रेट शांति और स्थिरता और ताइवान स्वतंत्रता पानी और आग की तरह असंगत हैं। ताइवान स्वतंत्रता अलगाववादी ताकतों द्वारा उठाए गए ये कदम शांति, विकास, आदान-प्रदान और

**ताइवान मामले पर चीन का कड़ा रुख**

**बीजिंग।** रिपोर्टों के अनुसार, ताइवान के उप नेता लाई छिंगत 12 अगस्त को पराग्वे के राष्ट्रपति पद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए रवाना हुए। इस दौरान वे अमेरिका के न्यूयॉर्क पहुंचे। इसकी चर्चा में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने 13 अगस्त को कहा कि चीन अमेरिका और ताईवान के बीच किसी भी प्रकार की आवाजाही का कड़ा विरोध करता है। चीन अमेरिका सरकार और ताईवान के बीच किसी भी सरकारी संपर्क के भी पूरी तरह खिलाफ है। चीन ने अमेरिका द्वारा लाई छिंगत को पारगमन की व्यवस्था करने पर गहरा असंतोष व्यक्त किया और इसकी कड़ी निंदा की।

## दुनिया को जानें

# चीन ने हाई-ऑर्बिट सिंथेटिक एपर्चर रडार उपग्रह किया प्रक्षेपित



**बीजिंग,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। चीन ने लॉन्ग मार्च -3बी रॉकेट के जरिए आपदाओं की निगरानी के लिए दुनिया का पहला ए-एसएआर4 01, हाई-ऑर्बिट सिंथेटिक एपर्चर रडार उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) ने रविवार को बताया कि शनिवार को स्थानीय समयानुसार 1:26 बजे सिचुआन प्रांत के जिचांग अंतरिक्ष केन्द्र से उपग्रह को प्रक्षेपित किया गया। प्रक्षेपण के कुछ ही समय बाद उपग्रह सफलतापूर्वक निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर गया। सीएनएसए ने बताया कि यह दुनिया का पहला हाई-ऑर्बिट सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) उपग्रह है जो परियोजना कार्यान्वयन चरण में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि यह उपग्रह चीन की प्राकृतिक आपदाओं की अंतरिक्ष निगरानी में सुधार करेगा और आपदाओं की रोकथाम और उसमें कमी लाने की क्षमताओं में वृद्धि करेगा। यह प्रक्षेपण लॉन्ग मार्च रॉकेट परिवार का 483वां मिशन था।

# प्रादेशिकी

## स्वास्थ्य केंद्र पर एलटी आशा व आंगनवाड़ी के न मिलने से डीएम नाराज

**फर्रुखाबाद,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के आकस्मिक निरीक्षण में स्वास्थ्य केंद्रों की पोल खुल गई। रविवार को डीएम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बिल्सड़ी, अचरिया बाकरपुर व संकिसा बसन्तपुर में आयोजित 'मुख्यमंत्री आरोग्य मेले' का औचक निरीक्षण किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बिल्सड़ी व संकिसा बसंतपुर में कोई आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित नही मिली। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अचरिया बाकरपुर में दो आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित थी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संकिसा बसंतपुर में एलटी सुमित कुमार अनुपस्थित थे। मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को अनुपस्थित कार्मिको के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

# जन स्वास्थ्य की रक्षा उच्च प्राथमिकता : योगी

**लखनऊ/गोरखपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देशित किया है कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) पर तैनात चिकित्सक अपनी तैनाती स्थल पर ही रात्रि प्रवास (नाइट स्टे) करें। रात में सीएचसी-पीएचसी आने वाले मरीजों के इलाज में कोई असुविधा नहीं आनी चाहिए। प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी चिकित्सकों की तैनाती स्थल पर नाइट स्टे की मॉनिटरिंग कर शासन को रिपोर्ट प्रेषित करें। जन स्वास्थ्य की रक्षा सरकार की उच्च प्राथमिकता का विषय है और इसमें किसी भी तरह की कोताही अक्षम्य होगी। सीएम योगी रविवार सुबह सर्किट हाउस में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए गोरखपुर-बस्ती मंडल में जेई-एईएस समेत सभी संचारी रोगों के रोकथाम व स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। वीडियो कांफ्रेंसिंग में गोरखपुर के जनप्रतिनिधि, प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व्यक्तिगत उपस्थित थे जबकि शेष अन्य छह जिलों के वर्चुअल मोड में। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले दोनों मंडलों के सभी जनपदों (गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर, बस्ती, सिद्धार्थनगर व संतकबीरनगर) में जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई), एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) के नियंत्रण, डेंगू, चिकनगुनिया आदि रोगों की स्थिति और रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जेई और एईएस के नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य समेत अन्य कई विभागों की सराहना करते हुए कहा कि पांच-छह वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में इस दिशा में काफी अच्छा कार्य हुआ है। जेई और एईएस के मामलों में 98 फीसद से अधिक कमी आई है। इससे मृत्यु दर भी शून्य के करीब है। बहुत जल्द इसका समूल उन्मूलन कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जेई-एईएस पर नियंत्रण को लेकर अंतर विभागीय समन्वयन के मंत्र का आगे भी सतत अनुसरण होते रहना चाहिए।

- मुख्यमंत्री ने की संचारी रोगों के रोकथाम व स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा




**जेई-एईएस के मामलों में 98 फीसद से अधिक कमी, समूल उन्मूलन शीघ्र : योगी आदित्यनाथ**

### जहां कमी हो वहां संविदा पर तैनात करें चिकित्सक

वीडियो कांफ्रेंसिंग में कुछ जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र के सीएचसी-पीएचसी पर चिकित्सकों की कमी का जिक्र किया। इस पर सीएम योगी ने कहा कि जहां भी चिकित्सक कम हैं, डीएम व सीएमओ वहां संविदा पर चिकित्सक तैनात करें। किसी भी सूरत में लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं पर बुरा असर नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां भी नए स्वास्थ्य केंद्र के भवन बन गए हैं, उन्हें संसाधन व स्टाफ के साथ शीघ्र संचालित कराया जाए। वीडियो कांफ्रेंसिंग में कुछ जनप्रतिनिधियों ने विद्युत आपूर्ति को लेकर अपनी बात रखी। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बिजली सरप्लस है ऐसे में आपूर्ति में दिक्कत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कमिश्नर व डीएम को हिदायत दी कि बिजली आपूर्ति की मॉनिटरिंग कर उन्हें रिपोर्ट उपलब्ध कराएं।

### हर तरह के संचारी रोग को लेकर सतर्क रहे स्वास्थ्य विभाग

वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य संचारी रोगों, डेंगू, चिकनगुनिया आदि को लेकर वही सतत सतर्कता जरूरी है। संचारी रोगों को पनपने से रोकने के लिए आशा बहनों से संवाद बनाकर लोगों को जागरूक किया जाए। बीमार होने की दशा में त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मरीजों को अस्पताल लाने में सुगमता रहे, इसके लिए 102 व 108 एम्बुलेंस सेवाओं का भी पर्यवेक्षण होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने वर्तमान में चल रहे टीबी व फाइलेरिया नियंत्रण अभियान की भी समीक्षा की और कहा कि जागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### प्लेटलेट्स की न होने पाए कमी

डेंगू की चर्चा करते हुए कहा कि इस बीमारी में प्लेटलेट्स की काफी मांग बढ़ जाती है। सभी डीएम सीएमओ ब्लड बैंकों से संवाद व संपर्क कर यह सुनिश्चित करें कि किसी भी दशा में प्लेटलेट्स की कमी न रहे। किसी ब्लड बैंक से प्लेटलेट्स की कालाबाजारी की शिकायत आए तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

# गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने का लें संकल्प : केशव मौर्य

**लखनऊ,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। आजादी के अमृत महोत्सव एवं मेरी माटी मेरा देश व हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को विकासखंड गोसाईगंज की ग्राम पंचायत कासिमपुर बिरुवा में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित अमृत सरोवर में पौधरोपण कर अमृत वाटिका की स्थापना एवं शिलाफलकम का लोकार्पण कर एवं हाथों में माटी से भर दिए लेकर वसुधा वंदन करते हुए देश के वीरों को स्मरण किया, और पंचप्रण लेकर 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव को हर्षोल्लास से मनाने एवं पंच प्रण लेकर, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने , देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने, देश के नागरिक होने का कर्तव्य निभाने का संकल्प लिया गया।

अमृत वाटिका पर उपमुख्यमंत्री द्वारा रुद्राक्ष, जिलाधिकारी लखनऊ द्वारा अमलतास एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आंवले का पौधरोपण करते हुए कुल 75 पौधों का रोपण कर अमृत वाटिका का निर्माण कराया गया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत समनापुर के पंचायत भवन में उपमुख्यमंत्री जी का आगमन हुआ, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रगति प्रेरणा महिला संकुल संघ बक्कास के द्वारा बनाये जा रहे तिरंगा अभियान को देखते हुए संकुल संघ की अध्यक्ष कामिनी वर्मा के साथ वार्ता करते हुए अभियान के संबंध में जानकारी ली। संकुल अध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि उनके संकुल संघ के द्वारा विकास खण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतो में संकुल द्वारा निर्मित तिरंगा, हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जनसामान्य को दिया जा रहा है जिसमें उनके संकुल संघ को लगभग 16000 रुपए का लाभांश भी हुआ हैं।



- उप मुख्यमंत्री ने हाथों में माटी से भर किया देश के वीरों को स्मरण
- अमृत वाटिका की स्थापना व शिलाफलकम का किया लोकार्पण

## सार संक्षेप

### मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित



**मेरठ।** रविवार को विकासखंड रजपुरा के दतावली गेसुपर गांव में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद राजेंद्र अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख कौशल चौहान रहे। गांव में शहीद स्मारक का अनावरण भी किया। सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने नवनिर्मित कूड़ा निस्तारण केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर वृक्षारोपण भी किया गया। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत पंचप्रण की शपथ ली। पूर्व प्रमुख कौशल चौहान द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र प्रधान द्वारा किया गया इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अजय कुमार, सहायक विकास अधिकारी मदनपाल सिह, ग्राम प्रधान सलीम खान, ग्राम विकास अधिकारी आशीष, गांव के गणमान्य व्यक्ति व समस्त स्टाफके सदस्य उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य सेवाओं में ई-गवर्नेंस के लिए उप्र को मिलेगा पुरस्कार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दे रही योगी सरकार को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। स्वास्थ्य सेवाओं में ई गवर्नेंस के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को केंद्र सरकार की ओर से सम्मानित किया जाएगा। भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने डिलीवरी प्वाइंट हेल्थ फैसिलिटीज के लिए शुरू की गई परियोजना/पहल मां नवजात ट्रैकिंग एप्लिकेशन (मंत्रा) के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-उत्तर प्रदेश (एनएचएम-यूपी) को सिल्वर अवार्ड से सम्मानित करने के लिए चुना है। एनएचएम-यूपी को यह नेशनल अवार्ड श्रेणी-1 के अंतर्गत गवर्नमेंट प्रॉसेस री-इंजीनियरिंग फॉर डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के तहत ई-गवर्नेंस योजना 2023 के लिए दिया जा रहा है। मंत्रा को भारत सरकार द्वारा ई-गवर्नेंस के लिए एक उपकरण के रूप में मान्यता दिया जाना प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि यूपी लेबर रूम के लिए ऑनलाइन एमआईएस को बढ़ावा देने वाला पहला राज्य है। सिल्वर अवार्ड के तहत एनएचएम-यूपी को इस परियोजना के लिए प्रमाण पत्र और ट्रॉफी के साथ 5 लाख रुपए का कैश प्राइज प्रदान दिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक टीम सदस्यों (परियोजना प्रमुख सहित 4 लोग) को भी प्रमाणपत्र और ट्रॉफी दी जाएगी। ट्रॉफी और प्रमाण पत्र 24-25 अगस्त, 2023 को इंदौर (म.प्र.) में प्रस्तावित ई-गवर्नेंस पर 26वें राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रदान किए जाएंगे।

### कविता प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**मवाना।** ए एस इंटर कॉलेज मवाना में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश पर रविवार को कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों को गाया तथा अपने शहीदों तथा वीरों को याद किया। प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने बताया कि हम आजादी के अमृत महोत्सव को मना रहे हैं जिसके अंतर्गत हमें उन वीर शहीदों को नमन करते है जिनके कारण हम आजादी की सास खुले आसमान के नीचे ले रहे हैं।

# सोमदत्त विहार समिति के चुनाव 27 अगस्त को



- आम सभा में लिया गया निर्णय
- वर्तमान कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा

**मेरठ,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। गढ़ रोड निकट मेडिकल कॉलेज स्थित सोमदत्त विहार एक्सटेंशन वेलफेयर सोसाइटी फेस सेकंड की आम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि वर्तमान समिति को भंग कर नई समिति के चुनाव संपन्न कराए जाएं। बैठक में सोमदत्त विहार वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष विपिन त्यागी ने वर्तमान कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा कर नए सिरे से चुनाव कराने हेतु चर्चा की और इसकी घोषणा की। समिति की बैठक में चर्चा के दौरान निर्णय लिया गया कि महेंद्र सिंह को मुख्य चुनाव अधिकारी एवं अमित शर्मा को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 अगस्त को समिति के चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। बैठक में आरएस त्यागी, जगमोहन शर्मा, स्वामी, किशोर वाधवा, विकास यादव, संजीव चौधरी, सत्येंद्र चौधरी, अनंजय सिंह, मोहित शर्मा एवं सोसायटी के मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# अनुवांशिक ब्लड ग्रुप के मरीज का सफल इलाज

**मेरठ,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। न्यूटिमा अस्पताल में सहारनपुर के एक महिला मरीज के शरीर में दुर्लतम श्रेणी के बॉम्बे ब्लड ग्रुप मिला। चिकित्सकों ने परिवार के अन्य सदस्यों के खून की जांच कराई। जिसमें परिवार के सदस्य को उसी ग्रुप का खून चढ़ा कर महिला को नई जिदंगी देकर उसकी जान बचाई है। मरीज अब पूरी तरह फिट होकर अपने घर जा चुका है। न्यूटिमा हॉस्पिटल के संचालक एवं वरिष्ठ गुर्दा रोग एवं गुर्दा प्रतियारोपन विशेषज्ञ डॉ. संदीप कुमार गर्ग एवं न्यूटिमा ब्लड बैंक प्रभारी डॉ.श्वेता गर्ग एवं सहायक प्रभारी डॉ. अन्शुमान शर्मा संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि सहारनपुर निवासी महिला मरीज प्रसव के बाद की जटिलताओं और गंभीर एनीमिया के कारण विभिन्न राज्यों के उच्च संस्थानों/अस्पतालों में भटकने के बाद 1 अगस्त को प्रसव की जटिलताओं और 7 ग्राम/डेसीलीटर से कम हीमोग्लोबिन के साथन्यूटिमा ब्लड बैंक में आई थी। खून की आवश्यकता के लिए ब्लड की जांच की तो पाया कि यह एक दुर्लभतम श्रेणी का ब्लड ग्रुप है।

इसके बाद पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ (पीजीआइसीएच), सेक्टर 30, नोएडा में ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन रेफरेंस लैब (सरकारी संस्थान) से परामर्श किया गया। न्यूटिमा ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. श्वेता गर्ग ने बताया कि उन्होंने टीम का गठन कर ब्लड की पुष्टि के लिए ड्यूटी लगाई। ब्लड बैंक के सहायक प्रभारी डॉ.अन्शुमान शर्मा स्वय ब्लड ग्रुप की पुष्टि के लिए तत्काल ब्लड सैंपल लेकर पीजीआइसीएच नोएडा के लिए निकल गए।

एसोसिएट प्रो. डॉ. सत्यम अरोड़ा ने बोम्बे ब्लड ग्ररुप की पुष्टि की और डोनर को ढूंढकर मुंबई में 2 यूनिट ब्लड की व्यवस्था कराई गई। इसी बीच मरीज की गंभीर अवस्था के कारण न्यूटिमा ब्लड बैंक की टीम ने बोम्बे ब्लड ग्रुप के डोनर की तलाश उसी मरीज के परिवार में भी शुरू की।

सोभाग्य से मरीज के भाई का भी ब्लड ग्रुप मैच कर गया। जिसके बाद भाई ने रक्त दान किया। जिसके बाद उपचार में सहाता मिली और इलजा संभव हो सका। डॉ. श्वेता गर्ग ने बताया कि इस दुर्लभ श्रेणी के ब्लड ग्रुप को 10 हजार में से एक में ही पुष्टि हो पाती है। यानि इस श्रेणी के मरीज के लिए डोनर मिलना काफी मुश्किल होता है।

- मुंबई से मिला बॉम्बे ब्लड ग्रुप का रक्तदाता
- न्यूटिमा हास्पिटल में पहुंचा था दुर्लभतम श्रेणी के ग्रुप का मरीज
- 10 हजार में से एक में ही मिलता है इस क्षेणी का ब्लड : डॉ. श्वेता गर्ग
- भाई के ब्लड ग्रुप में भी पुष्टि, इलाज में मिली सहायता




# महिलाओं की भागीदारी के लिए कांग्रेस चलाएगी मुहिम

**मेरठ,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार को जिला/महानगर युवा कांग्रेस द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री इंदिरा भाटी के आवास इंदिरा भवन पर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व मंडल प्रभारी सनी नागर ने बताया है कि भारतीय युवा कांग्रेस ने देश भर में महिला सशक्तिकरण के लिए युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन बेंगलुरु में सुपर शक्ति शी कार्यक्रम की शुरुवात की थी। यह कार्यक्रम भारतीय युवा कांग्रेस के मुख्य कार्यक्रमों में से एक है। इस कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर हर प्रदेश स्तर पर, जिला स्तर पर और विधानसभा स्तर पर महिला सशक्तिकरण की झलकियां दिखाई पड़ेगी, हर स्तर पर महिलाएं युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अपने हक और हिस्सेदारी के लिए ध्वजारोहण करेंगी। सुपर शक्ति शी कार्यक्रम के तहत भारतीय युवा कांग्रेस देश भर में प्रदेश स्तर पर, जिला स्तर पर और विधानसभा स्तर पर शक्ति क्लब के जरिए महिलाओं को जोड़ने का प्रयास करेगी और इस क्लब के माध्यम से यह सुनिश्चित करेगी की जिस भी क्षेत्र में महिलाएं भविष्य में आगे बढ़ना चाहे। उसमे उनकी मदद कर सशक्त कर सके। प्रेस वार्ता में बताया कि राहुल गांधी ने हमेशा प्रयास किया है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं राजनीति में आए। इसके चलते भारतीय युवा कांग्रेस ने संघठन स्तर पर 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के तहत संघठन में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं की भागीदारी हो इसका प्रयास किया है। युवा कांग्रेस पूर्व में भी अनेकों कार्यक्रम के माध्यम से इस प्रकार के प्रयास करती रही है और आगे भी करती रहेगी।



- 15 अगस्त के पर प्रदेश स्तर पर चलेगा अभियान
- महिला सशक्तिकरण के लिए शक्ति क्लब को सौंपी जिम्मेदारी

# दिनदहाड़े हजारों रुपए की नकदी चोरी

**मेरठ,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। थाना परतापुर क्षेत्र स्थित शताब्दी नगर में रविवार को दिनदहाड़े चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। मोबाइल व हजारों रुपए की नकदी चोरी करते हुए लोगों ने उसे दबोच लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। वहीं, पीड़ित परिवार ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। मोहल्ला शताब्दी नगर निवासी राजू भाटी ने रविवार दोपहर थाने पहुंचकर बताया कि उनका पैतृक गांव जनपद बुलंदशहर में है। वे काफी समय से मेरठ में रह रहे हैं। आरोप है कि रविवार को दिनदहाड़े उनके घर में चोर घुस आए और चोरी की घटना को अंजाम देने लगे। घर पर मौजूद परिवार के लोगों ने एक चोर को भागते हुए पकड़ लिया।

# एक कावड़ राष्ट्र के नाम यात्रा निकाली

**मेरठ,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश इकाई की ओर से एक कावड़ राष्ट्र के नाम जिसमें प्रदेशभर से आए 600 से अधिक शिवभक्तों व देशभक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए बृजघाट के पावन तट से जल लेकर प्रस्थान किया। भारत को विश्व गुरु बनाने के संकल्प के साथ एवं भगवान आशुतोष से सभी की सुख शांति मंगल कामना के साथ वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर पुष्प वर्षा कर इन शिवभक्तों एवं राष्ट्रभक्तों कावड़ियों का शानदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वेंकटेश्वर समूह के अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरि ने कहा कि देवों के देव महादेव भगवान आशुतोष की कृपा का कोई अंत नहीं है। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभावी लीडरशिप में देश एक वैश्विक गुरु के रूप में बनकर उभरा है। एक कावड़ राष्ट्र के नाम सभी राष्ट्रभक्तों की एक बहुत ही शानदार पहल है, एवं मैं इसका दिल की गहराइयों से स्वागत करता हूं वह अभिनंदन करता हूं। इसके पश्चात सभी शिव भक्ति राष्ट्रभक्तों ने भोजन एवं प्रसाद ग्रहण कर भारत मां की जय जयकार करते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़े। इस अवसर पर प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी ने कहा कि शिवभक्तों के साथ-साथ राष्ट्र भक्तों का इतना विशाल और शानदार समागम पहले नहीं देखा। हम समस्त वेंकटेश्वरा परिवार की ओर से आप सभी का यहां पधारने पर दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त करते हैं।



- भारत को विश्व गुरु बनाने का लिया संकल्प

# मूंछ, मुस्कान, मुसलमान ने की राम वन गमन की कठिन राह आसान

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय संस्कृति की एक बड़ी पहचान उसकी अमरता, उदारता, प्रेम और सहिष्णुता है। इस धारणा को साक्षात महसूस किया है, रामनगरी में स्थापित डाक्टर राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के एक पुरातन छात्र अभिषेक सावंत ने। अयोध्या से रामेश्वरम तक लगभग छह हजार किमी के रामवनगमन की कठिन साइकिल यात्रा की राह को उनकी मूंछ, मुस्कान के साथ मुसलमानों ने भी आसान किया। अभिषेक की यात्रा पर्यटन विकास, प्रबंधन व रोजगार के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। हजारों करोड़ रुपए से संवरती आधुनिक अयोध्या, निर्मित हो रहे भव्य राममंदिर के साथ वैश्विक पटल पर छाने को आकुल है। रामकथा से जुड़े पंचकोसी, चौदह कोसी, चौरासी कोसी मार्गों को भी हाइवे की शक्ल दिया जा रहा है लेकिन वे मार्ग और वनवास के स्थल अभी भी उपेक्षित हैं जिनसे गुजर राम मर्यादा पुरुषोत्तम हुए थे। अयोध्या से रामेश्वरम का रामवनगमन पथ व राम के विश्राम स्थल आठ प्रदेशों में स्थित हैं। इस मार्ग की कठिनाइयों, पौराणिक स्थलों की स्थिति को जानने के लिए अयोध्या के एक युवक ने छह हजार किमी की यात्रा साइकिल से कर डाला।



- राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार कर रही है बेहतरीन कार्य
- राम की तरह रक्ष व देव संस्कृति से रुबरु हुआ अभिषेक

अंजुरी भर सरयू जल से संकल्पित श्रीराम वन गमन की इक सौ इक्कीस दिनी यह यात्रा अयोध्या से 6 अप्रैल को शुरू होकर 5 अगस्त को रामेश्वरम में पूर्ण हुई। सब कुछ बदल गया लेकिन ननिहाल का मोह हर युग में यथावत ही रहा। मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने भी अपने वनवास का लगभग दस वर्ष ननिहाल में स्थित दंडकारण्य वन में ही बिताया था। यह संयोग ही है कि आठ प्रदेशों से गुजरे रामवनगमन मार्ग से जुड़े पौराणिक स्थलों पर अभी तक सबसे बेहतरीन कार्य छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार ने किया है। पूरे रामवनगमन मार्ग के संदर्भ में अभिषेक ने बताया कि कई मंदिर ऐसे है जिन्हे स्थानीय लोग भी नही जानते, कुछ मंदिर जीर्णोद्धार की स्थिति में है तो वहीं कई मंदिरों में परंपरागत पूजा अर्चना होती है। उत्तर प्रदेश में रामायण सर्किट में आ रहे मंदिर जिसमे पहला पड़ाव गौरा घाट मंदिर जर्जर होकर गिरने की अवस्था में है। मध्य प्रदेश में कई मंदिरों में बिजली की व्यवस्था नहीं है। छत्तीसगढ़ में राम वन गमन को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है। सड़कें मंदिरों से जुड़ी हुई है। यह प्रायोजित यात्रा नही थी, पूर्ण रूप से मंदिर में ठहरने का विचार ही यात्रा का प्रथम चरण बना, उसके बाद व्यक्तिगत रूप से जानने वाले लोगो ने और यात्रा के बीच स्थानीय लोगो ने यात्रा में मेरे प्रवास का खाका खींचा। अभिषेक सावंत ने बताया कि लगभग सौ दिनो तक साइकिल चलाई बाकी दिनों में कुछ मंदिरों में अधिक समय का प्रवास किया। लगभग 6000 किमी साइकिल से चले, साथ ही कुछ दूरी बस के माध्यम से तय की। जिसका कारण घने जंगल और जंगली जानवरों के होने से जंगल साइकिल से न पार कर सकना था। एक रुपए में शुरू हुई यात्रा में जनसहयोग से लगभग एक लाख से ज्यादा की धनराशि प्राप्त हुई। प्रवास में मंदिर, लॉज, मित्र और रास्ते में मिल रहे स्थानीयजनों के घर पर प्रवास किया। श्रीराम वन गमन मार्ग में पड़ रहे जंगलों और मार्गों का पौराणिक मंदिरों से न जुड़े होने के कारण कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जिस कारण कई मंदिरों तक यात्रा पहुंचने में असमर्थता रही। रामायण और रामचरित मानस और कुछ खोजकर्ताओं द्वारा दिए गए मार्गों पर यात्रा की गई। त्रेतायुग में राम की यात्रा को लक्ष्मण,सीता के साथ दिव्य शक्तियों ने सुगम किया था। कलियुग में उसी मार्ग पर अकेले निकले अभिषेक की यात्रा को उनकी मूंछ, मुस्कान और मुसलमानों ने सुगम किया। सांवत ने बताया कि संवाद में आपकी मुस्कान बहुत असर करती है। उनकी नुकीली मूंछों से भी लोग जानने को उत्सुक रहते थे। तमाम स्थानों पर जहां हिंदू मंदिरों में उन्हें रुकने का स्थान नहीं मिला तो मुसलमानों ने रहने खाने की व्यवस्था किया।

शायद यही रक्ष व देव संस्कृति का नमूना है जो उस समय भी रहा होगा। यात्रा में सात राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिल नाडु राज्य शामिल हैं। कुछ परेशानियों की वजह से उड़ीसा राज्य नहीं जाया जा सका। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र में बेहतर सुविधाएं मिली। सावंत की यात्रा का उद्देश्य श्रीराम वन गमन के मार्ग जो कि एक धरोहर है, के संरक्षण के लिए जागरूकता पैदा करना है। सभी धर्म जाति को तोड़ते हुए वन गमन के मार्ग में हिंदू हो या मुस्लिम सभी ने अपनी सहभागिता दिखा कर साइकिल यात्रा को पूर्ण कराया है।

देशबन्धु नई दिल्ली, सोमवार, 14 अगस्त, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# दुनिया रंग-बिरंगी

### खराब मौसम के चलते एआर रहमान ने रद्द किया चेन्नई का म्यूजिक कॉन्सर्ट

**चेन्नई।** तमिलनाडु में खराब मौसम के चलते एआर रहमान को चेन्नई में अपना म्यूजिक कॉन्सर्ट रद्द करना पड़ा। अपने एक्स अकाउंट पर एआर रहमान ने पोस्ट किया कि मेरे सबसे प्यारे दोस्तों खराब मौसम और लगातार बारिश के चलते, फैंस और दोस्तों के हेल्थ और सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए यह सूचित किया जाता है कि कॉन्सर्ट को जल्द ही रिशेड्यूल किया जाएगा। अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श के साथ नई तारीख के बारे में अपडेट किया जाएगा। चेन्नई में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिससे शहर में म्यूजिक कॉन्सर्ट आयोजित करना लगभग असंभव हो गया है। इस घटनाक्रम के बाद, पहले से ही टिकट बुक कर चुके फैंस ने निराशा व्यक्त की।

### एक नए अध्ययन में वैज्ञानिकों का खुलासा

# शनि पर आते हैं 100 साल तक चलने वाले तूफान

■ खगोलविदों ने शनि से आने वाले रेडियो उत्सर्जन को देखा ■ अमोनिया गैस के वितरण में दीर्घकालिक व्यवधान पाया



**न्यूयॉर्क,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। एक नए अध्ययन के अनुसार, शनि ग्रह पर लंबे समय तक चलने वाले महातूफान आते हैं जिनका प्रभाव वायुमंडल पर गहरा होता है, जो सदियों तक बना रहता है।

पहले, केवल बृहस्पति ग्रह पर ही महातूफान आने की जानकारी थी। सौर मंडल का सबसे बड़ा तूफ़ान, 10,000 मील चौड़ा एंटीसाइक्लोन जिसे ग्रेट रेड स्पॉट कहा जाता है, ने भी सैकड़ों वर्षों से बृहस्पति की सतह को चपेट में ले रखा है।

अध्ययन के मुख्य लेखक और मिशिगन-एन आर्बर विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर चेंग ली ने कहा कि सौर मंडल में सबसे बड़े तूफानों के तंत्र को समझना तूफान के सिद्धांत को एक व्यापक ब्रह्मांडीय संदर्भ में रखता है, जो हमारे वर्तमान ज्ञान को चुनौती देता है और स्थलीय मौसम विज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाता है। नए अध्ययन के लिए, खगोलविदों ने शनि से आने वाले रेडियो उत्सर्जन को देखा, जो सतह के नीचे से आता है, और अमोनिया गैस के वितरण में दीर्घकालिक व्यवधान पाया।

उन्हें ग्रह से रेडियो उत्सर्जन में कुछ आश्चर्यजनक मिला। वायुमंडल में अमोनिया गैस की सांद्रता में विसंगतियां, जिसे उन्होंने ग्रह के उत्तरी गोलार्ध में महातूफान की पिछली घटनाओं से जोड़ा था।

टीम के अनुसार, मध्य ऊंचाई पर अमोनिया की सघनता सबसे ऊपरी अमोनिया-बर्फ बादल परत के ठीक नीचे कम है, लेकिन कम ऊंचाई पर, वायुमंडल में 100 से 200 किलोमीटर की गहराई में समृद्ध हो गई है।

उनका मानना है कि अमोनिया को वर्षा और पुनर्वाष्पीकरण की प्रक्रियाओं के माध्यम से ऊपरी से निचले वायुमंडल में ले जाया जा रहा है। इसका प्रभाव सैकड़ों वर्षों तक रह सकता है।

साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि हालांकि शनि और बृहस्पति दोनों हाइड्रोजन गैस से बने हैं, लेकिन दोनों ग्रहों में काफी भिन्नता है। बृहस्पति में क्षोभमंडल संबंधी विसंगतियां हैं, जो इसके क्षेत्रों (सफ़ेद बैंड) और बेल्ट (गहरे बैंड) से बंधी हुई हैं और शनि की तरह तूफानों के कारण नहीं होती हैं।

इन पड़ोसी ग्रहों के बीच काफी अंतर यह चुनौती दे रहा है कि वैज्ञानिक इन तथा अन्य ग्रहों पर महातूफान के बनने के बारे में क्या जानते हैं और यह बता सकते हैं कि वे भविष्य में एक्सोप्लैनेट पर कैसे पाए जाते हैं और उनका अध्ययन किया जाता है।

# हृदय प्रत्यारोपण के लिए नाबालिग मरीज को डोनर का इंतजार

**लखनऊ,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। दिल की बीमारी के साथ पैदा हुई एक नाबालिग लड़की के माता-पिता लखनऊ के एक निजी अस्पताल में एक दाता (डोनर) का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो उनकी बेटी को नया जीवन देगा। यदि ऐसा हुआ तो यह शहर का पहला हृदय प्रत्यारोपण (कार्डियक ट्रांसप्लांट) होगा। शहर के अधिकांश प्रमुख सरकारी और निजी अस्पताल या तो तैयार हैं या प्रक्रिया में हैं या अनुमति के अंतिम चरण में हैं।

स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (एसओटीटीओ) के आंकड़ों के अनुसार, डोनर का इंतजार कर रहे केंद्रों में संजय गांधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एसजीपीजीआईएमएस), किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) और अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल शामिल हैं।

मेदांता मेडिसिटी और डिवाइन हार्ट हॉस्पिटल अंतिम चरण में हैं। अपोलोमेडिक्स पहला कार्डियक ट्रांसप्लांट सर्जन होने का दावा कर सकता है, जिसने प्रोफेसर पी वेणुगोपाल से सीखा है और पांच कार्डियक ट्रांसप्लांट किए हैं। अपोलोमेडिक्स में कार्डियक सर्जन भरत दुबे ने कहा कि जिन मरीजों को कार्डियक ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है उनमें जागरूकता भी कम है। कई लोग अपनी चिकित्सीय स्थिति को नियति के रूप में लेते हैं और उसके अंत की प्रतीक्षा करते हैं। लेकिन अंतिम चरण का हृदय रोग जीवन का अंत नहीं है, आशा है।

■ ऐसा हुआ तो यह शहर का पहला हृदय प्रत्यारोपण

आधिकारिक अनुमान के अनुसार, हर साल लगभग 50,000 लोगों को हृदय प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है। संख्याएं यह भी दर्शाती हैं कि इनमें से प्रत्येक मरीज़ को एक



नया दिल मिल सकता है क्योंकि दुनिया भर में हर साल लगभग 80,000 लोग अपनी वास्तविक मृत्यु से पहले ब्रेन डेथ स्टेज में प्रवेश करते हैं।

भारत में सालाना 80 लाख मौतें दर्ज की जाती हैं और इनमें से अनुमानित 1 प्रतिशत या लगभग 80,000 मामले ब्रेन डेथ के होते हैं। मेदांता मेडिसिटी के निदेशक डॉ. राकेश कपूर ने कहा कि बहुत कुछ उस कॉल पर निर्भर करता है जो ब्रेन डेड व्यक्ति का परिवार लेता है। जागरूकता ही कुंजी है। यदि मरीज का परिवार जागरूक है, तो संकट में फंसे किसी व्यक्ति की मदद करने के लिए उन्हें मनाने की संभावना अधिक है। नोडल अधिकारी एसओटीटीओ और एसजीपीजीआईएमएस में अस्पताल प्रशासन विभाग के प्रमुख प्रोफेसर आर हर्षवर्द्धन ने कहा कि साल 2017 में केंद्रों की संख्या 15 से बढ़कर अब 54 हो गई है। टीम बनाई जा रही है लेकिन जागरूकता गतिविधियां जोरों पर चल रही हैं।

# व्हाट्सएप ने एंड्रॉइड बीटा पर विजेट समस्या को ठीक करने के लिए अपडेट किया जारी



**सैन फ्रांसिस्को,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। मेटा के स्वामित्व वाले मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप ने एंड्रॉइड बीटा पर ऐप के विजेट के साथ एक समस्या के समाधान के लिए एक बग-फिक्स अपडेट जारी किया है।

डब्ल्यूएबीटा इंफो के मुताबिक, एंड्रॉइड के लिए व्हाट्सएप बीटा के पिछले अपडेट को इंस्टॉल करने के बाद कई यूजर्स ने ऐप के विजेट के बारे में बताया।

खास तौर से, विजेट लोड नहीं हो रहा था और अपकमिंग मैसेज की लिस्ट नहीं दिखा रहा था। कॉल को बंद करने और दोबारा शुरू करने से समस्या ठीक नहीं हुई।रिपोर्ट में कहा गया है, हम अंततः पुष्टि कर सकते हैं कि एंड्रॉइड 2.23.17.13 वर्जन के लिए व्हाट्सएप बीटा एक बग-फिक्स अपडेट है, जो उल्लिखित समस्या को संबोधित करता है, ताकि आप अंततः इस बग का अनुभव किए बिना ऐप के विजेट का इस्तेमाल कर सकें।

इस महीने की शुरुआत में, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म ने एंड्रॉइड बीटा पर कॉल क्वालिटी की समस्या के समाधान के लिए एक बग-फिक्स अपडेट जारी किया था। कई यूजर्स ने देखा कि गूगल प्ले स्टोर की ऑटो-डाउनलोड सेटिंग्स के कारण अपडेट स्वचालित रूप से इंस्टॉल हो गया था।

पिछले महीने, प्लेटफॉर्म ने एंड्रॉइड बीटा पर चैट को सॉर्ट करने की समस्या के समाधान के लिए एक और बग-फिक्स अपडेट जारी किया था।

समस्या के चलते, जब कोई नया मैसेज प्राप्त होता है, तो प्लेटफॉर्म चैट लिस्ट को रिफ्रेश नहीं करता है और रिसेंट मैसेज के साथ कन्वर्सेशन लिस्ट में वह टॉप पर नहीं आती है। इसके अलावा, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म को 'कनेक्टिविटी समस्याओं' के कारण भारत सहित ग्लोबल आउटेज का सामना करना पड़ा, जो लगभग 20 मिनट तक चला।

जून में, मेटा के स्वामित्व वाले प्लेटफॉर्म को ग्लोबल आउटेज का सामना करना पड़ा था जो लगभग दो घंटे तक चला था।

# अभिनेत्री आरती सिंह के लिए 15 अगस्त है बहुत खास दिन



**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)।'बिग बॉस 13' फेम अभिनेत्री आरती सिंह ने बताया स्वतंत्रता दिवस उनके लिए कुछ खास मायने रखता है। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को उनके पिता का जन्मदिन होता है। अभिनेत्री आरती सिंह शो 'श्रावणी' में चंद्रा ताईजी' की भूमिका निभा रही हैं।

स्वतंत्रता दिवस के बारे में बात करते हुए 38 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा, स्वतंत्रता दिवस मेरे लिए बहुत मायने रखता है, मैं उस समय की यादें ताजा कर रही हूं जब मैं एक बच्ची थी और 15 अगस्त का इंतजार नहीं कर सकती थी। मेरे लिए देश का बड़ा दिन बहुत विशेष है, क्योंकि इस दिन मेरे पिताजी का जन्मदिन है। उन्होंने कहा कि अगर हमारी शूटिंग नहीं हुई तो मैं इस साल अपनी सोसायटी में ध्वजारोहण कार्यक्रम का हिस्सा लूंगी।

शो श्रावणी (सोनल खिलवानी द्वारा अभिनीत) के इर्द-गिर्द घूमता है, जो एक दृढ़ निश्चयी युवा महिला है जिसका नेत्र विशेषज्ञ बनने का बड़ा सपना है। उसकी आकांक्षाएं अपने माता-पिता को गौरवान्वित करने और उनकी आशाओं को वास्तविकता में बदलने की खूबसूरती से बुनी गई हैं। जैसे-जैसे कहानी 12 साल तेजी से आगे बढ़ेगी, दर्शकों को नई चुनौतियां, नए पात्र और महत्वपूर्ण निर्णय देखने को मिलेंगे जो श्रावणी के आगे के रास्ते आकार देंगे। प्रत्येक मोड़ उसके जीवन की दिशा की एक जीवंत तस्वीर चित्रित करने का वादा करता है।

# लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित जस्टिस प्रतिभा सिंह

**नई दिल्ली** 13 अगस्त (एजेंसियां)। फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स (एफआईपी) ने 11 और 12 अगस्त को नई दिल्ली में 'इंडिया@2047: राष्ट्र निर्माण में प्रकाशन की भूमिका' थीम के साथ बहुप्रतीक्षित इंडियन पब्लिशर्स कॉन्फ्रेंस-2023 की मेजबानी कर ऐतिहासिक मील का पत्थर प्राप्त किया । फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स ने जस्टिस प्रतिभा सिंह को उनके योगदान के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उनके निरंतर न्याय और साहित्य में की गई मेहनत की महत्वपूर्ण पहचान है, जो निष्पक्ष, जागरूक और न्यायसंगत समाज की ओर ले जाने वाले मार्ग पर एक प्रकाश डालता है। जस्टिस प्रतिभा सिंह को यह प्रतिष्ठित लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड , फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स के एमेरिटस प्रेजीडेंट श्री असोक के. घोष द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान पत्र में लिखा है, उत्कृष्ट न्यायिक और बौद्धिक संपदा अधिकारों की चैंपियन होने के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। कानून और साहित्य के दोहरे क्षेत्रों के लिए जस्टिस सिंह के अटूट समर्पण और अद्वितीय सेवा को स्वीकार करते हुए यह गहरा महत्व



रखता है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विशेष अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में आदरणीय जस्टिस प्रतिभा सिंह जी उपस्थित थीं। जो न्यायिक क्षेत्र और साहित्य की दुनिया में अपने असाधारण योगदान के लिए एक प्रसिद्ध हस्ती हैं। उन्होंने अपने भाषण में जस्टिस सिंह ने कानून, साहित्य और विश्व मंच पर भारत की आकांक्षाओं की प्राप्ति के बीच सहयोगी रिश्ते पर प्रकाश डाला। न्याय के इतिहास में जस्टिस प्रथिबा सिंह की यात्रा की विशेषता सिद्धांतों के प्रति अटल समर्पण, सत्यनिष्ठा और कानून के शासन की पवित्रता को बनाए रखने के लिए अदम्य भावना से समर्पित है। उनके शानदार कानूनी कौशल और दृढ़ समर्पण ने भारतीय न्यायिक प्रणाली पर एक छाप छोड़ी है और प्रेरणा की मिशाल के रूप मे कार्य कर रही है।

# निक जोनस ने शादी के दिनों को किया याद, 'वरमाला' को बताया मुश्किल रस्म



**लॉस एंजेलिस,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। निक जोनस ने 2018 में प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी शादी के दौरान खास, लेकिन मुश्किल पलों के बारे में बात की। उन्होंने याद किया कि कैसे यह उत्सव, जो पारंपरिक भारतीय तरीके से मनाया गया था, उनके लिए अनजान था और कैसे वह उनसे जुड़ पाए।

निक ने पीपुल पत्रिका से बात करते हुए कहा कि भारतीय शादियों में एक ऐसा पल होता है, जहां दूल्हे और दुल्हन को उनके परिवार के सदस्य अपने कंधों पर उठाते हैं और एक तरह का खेल खेला जाता है, जहां दूल्हा-दुल्हन एक-दूसरे को माला पहनाते हैं।

निक ने आगे कहा कि वे एक-दूसरे को सबसे पहले माला पहनाने की कोशिश करते हैं। यह मुश्किल है, खासकर जब आपके पास मेरी प्रियंका जैसी कॉम्पिटेटिव हो। इसमें जो कोई भी पहले माला डालता है, ऐसा माना जाता है कि वही ज्यादा हावी होता है।

हालांकि भारतीय शादियों से अनजान होने के कारण यह उनके लिए थोड़ा अजीब था। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें यह सेरेमनी बहुत पसंद आयी क्योंकि यह कुछ अलग और सुंदर थी।

# गूगल श्रीदेवी की 60वीं बर्थ एनिवर्सरी बनाया खूबसूरत डूडल



**मुंबई,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। गूगल ने श्रीदेवी की 60वीं बर्थ एनिवर्सरी पर श्रद्धांजलि देत हुए उनका खूबसूरत डूडल बनाया है। दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की 60वीं बर्थ एनिवर्सरी पर उनके चाहने वाले उन्हें याद कर रहे हैं। गूगल ने श्रीदेवी की बर्थ एनिवर्सरी पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। गूगल ने डूडल के जरिए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। गूगल ने अपने होमपेज पर श्रीदेवी का एक खूबसूरत चित्रण बनाकर उन्हें याद किया है।

श्रीदेवी का मूल नाम श्रीयम्मा यंगर था। उनका जन्म 13 अगस्त 1963 को तमिलनाडु के एक छोटे से गांव मीनमपटी में हुआ था। श्रीदेवी ने अपने सिने करियर की शुरूआत महज चार वर्ष की उम्र में एक तमिल फिल्म से की थी।वर्ष 1976 तक श्रीदेवी ने कई दक्षिण भारतीय फिल्मों में बतौर बाल कलाकार काम किया। बतौर अभिनेत्री उन्होंने अपने करियर की शुरूआत तमिल फिल्म 'मुंदरू मुदिची' से की।श्रीदेवी ने 24 फरवरी 2018 को दुबई में अंतिम सांस ली थी। होटल रूम के बाथटब में डूबने से उनका निधन हो गया था।

# राजभवन के बाहर साढ़े चार महीने की गर्भवती ने बच्चे को जन्म दिया

**लखनऊ,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। राजभवन के बाहर सड़क किनारे रविवार को एक साढ़े चार महीने की गर्भवती महिला ने बच्चे को जन्म दिया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया जिसके बाद घटना पर संज्ञान लिया गया। डॉक्टरों ने बताया कि भ्रूण को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसके बाद समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल यादव ने यूपी में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस घटना की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि मैंने घटना पर संज्ञान लिया है और मैं घटनास्थल पर जा रहा हूं। प्रधान सचिव ने मुझे बताया है कि यह घटना राजभवन के गेट नंबर 13 के पास हुई है। परिवार रिक्शा में जा रहा था। बच्चे को वीरांगना झलकारी बाई वुमेन एंड चाइल्ड हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे



■ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद घटना पर संज्ञान लिया

मृत घोषित कर दिया। बाद में इसे लखनऊ के बैकुंठ धाम में दफनाया गया। वीरांगना झलकारी बाई वुमेन एंड चाइल्ड हॉस्पिटल के प्रसव कक्ष में तैनात एक डॉक्टर ने कहा कि घटना के बाद महिला रूपा सोनी की अस्पताल में जांच की गई। डॉक्टर ने कहा कि इससे पहले वह दर्द का अनुभव होने पर लखनऊ के श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल गई थीं और उन्हें एक इंजेक्शन लगाया गया था, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली। यहां रास्ते में राजभवन के बाहर उनका प्रसव हो गया। बच्चे को मृत अवस्था में यहां लाया गया था। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महिला ने अस्पताल जाने के लिए एम्बुलेंस नहीं, बल्कि रिक्शा लेने का फैसला किया, लेकिन जब राजभवन के बाहर कुछ राहगीरों ने एम्बुलेंस को फोन किया तो वह 25 मिनट में पहुंच गई। हालांकि, वरिष्ठ सपा नेता शिवपाल यादव ने आरोप लगाया कि यह घटना एम्बुलेंस की अनुपलब्धता के कारण हुई। उन्होंने कहा कि लाखों विज्ञापनों और दावों के बावजूद राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली वेंटिलेटर पर है। रिक्शा से अस्पताल जा रही एक गर्भवती महिला को एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण राजभवन के पास सड़क किनारे प्रसव कराने को मजबूर होना पड़ा। यह पूरी व्यवस्था के लिए शर्मनाक है और यह राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की हकीकत है।

### होम्योपैथिक चिकित्सा विज्ञान में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए सेमिनार का आयोजन

# होम्योपैथी में संभव है स्थायी इलाज

**रांची,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के होम्योपैथिक चिकित्सकों की टीम ने होम्योपैथिक चिकित्सकों और होम्योपैथिक चिकित्सा विज्ञान में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए रांची के आई.एम.ए भवन में नि:शुल्क सेमिनार का आयोजन किया।

मुंबई के प्रसिद्ध चिकित्सक और होम्योपैथिक चिकित्सा विज्ञान के वक्ता श्री नाइस मैन के द्वारा आज वक्तव्य दिया गया। इनके द्वारा उपस्थित चिकित्सकों को बताया गया की कैसे मस्तिष्क के व्यवहार से बीमारी को पकड़ते है।

श्री नाइस मैन के नाम से प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. योगेश राजुरकर, डॉ. श्रीकृष्णा दाफले, डॉ. आलोक कुमार की टीम ने होम्योपैथिक चिकित्सकों को बताया कि बीमारी को कैसे पकड़ना है। कौन सी बीमारी कब हुई है, क्या जिस समय बीमारी हुई है उस समय मरीज के साथ कोई घटना घटी है या मरीज को किसी कारणवश से कार्य करने में कोई दिक्कत हो रही है। बीमारी होने से मरीज के मस्तिष्क पर मानसिक रूप से क्या कोई नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

मस्तिष्क के व्यवहार को देखते



हुए रूब्रिक्स को देखते है की कौन सी दवा की रूब्रिक्स, मस्तिष्क व्यवहार से मरीज का व्यवहार मिल रहा है। उसके बाद दवा का चुनाव करते है और बहुत ही कम मात्रा में दवा की खुराक मरीज को दी जाती है जो ज्यादा असरदार होती है और मरीज को कोई भी दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है।

■ सेमिनार में बंगाल, तेलंगाना, बिहार, उड़ीसा के साथ- साथ नेपाल के चिकित्सकों ने भी भाग लिया

इसमें सबसे बड़ी कला यह है की निरंतर अभ्यास एवं इस पद्धति की कला से इलाज करने के लिए हमेशा अभ्यास की जरूरत पड़ती है। सेमिनार में रांची के सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, झारखंड के युवा नेतृत्वकर्ता संजय मेहता एवं डोरंडा महाविद्यालय के वक्ता वी.पी.वर्मा अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस सेमिनार में बंगाल, तेलंगाना, बिहार, उड़ीसा के साथ- साथ नेपाल के चिकित्सकों ने भी भाग लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रांची के प्रसिद्ध, अनुभवी और वरिष्ठ होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ. अरविंद तिवारी, हजारीबाग के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. महादेव मेहता, धनबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. लक्ष्मण मोदी, कोडरमा के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. एस.मैथी, जमशेदपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. एन.डी.गुप्ता, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. भावेश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार मेहता, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. निशांत कुमार मोदी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कविता गंगानी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विक्रम सम्राट, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शंपा चांद, डॉ. अनूप सिंह, डॉ. गौरव कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रविकांत पांडेय, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार एकलव्य, डॉ. कल्याण कुमार, आईटी विशेषज्ञ राहुल कुमार, डॉ. कहकशा नाज ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# जेलबंदियों की उत्कृष्ट बुनकरी का जलवा विश्व पटल पर बिखरने की तैयारी में

**भदोही,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के भदोही जिला जेल में बंद कैदियों द्वारा बुनकर तैयार किए गए कालीनों को ग्रेटर नोएडा में होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में प्रदर्शित करने की तैयारी की जा रही है। जेलर राजेश वर्मा ने बताया कि जिला जेल में कालीन बुनाई का अभिनव प्रयोग किया गया था, जो पूरी तरह सफल रहा। ऐसे बंदी जिनका रुझान कालीन बुनाई की ओर देखा गया उन्हें प्रशिक्षित कर कारागार में बुनाई का काम शुरू कराया गया, जिसका परिणाम काफी उत्साहजनक रहा। जेल में अब हैंड नाटेड व टफ्टेड जैसे आकर्षक कालीनों का निर्माण शुरू हो गया है। कालीन बुनाई के इस कार्य में 30 से 35 कुशल व प्रशिक्षित बुनकरों की टीम लगाई गई है। जिन्हें निर्धारित मजदूरी का भुगतान भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया आगामी 21 से 25 सितम्बर 2023 के बीच ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो में दो स्टॉल बुक कराया गया है, जिसमें बंदियों द्वारा बनाए गए हैंडनाटेड व टफ्टेड कालीनों को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रेड शो में देश-विदेश के खरीदारों का जमावड़ा होने वाला है। बताया कि यह प्रयोग सफल रहा तो दिल्ली व वाराणसी जैसे शहरों में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय कालीन मेलों में भी स्टाल बुक कराने में किसी तरह की कोताही बरती नहीं जाएगी।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## मोदी सरकार में मोटे अनाजों का एमएसपी 100 से 150 प्रतिशत तक बढ़ा

**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। मोदी सरकार के पिछले नौ साल के शासनकाल में ज्वार, बाजरा और रागी के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 100 से 150 फीसदी तक की भारी बढ़ोतरी हुई। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2014-15 से 2023-24 के बीच ज्वार का एमएसपी 108 फीसदी बढ़ा। वित्त वर्ष 2014-15 में ज्वार का एमएसपी 1,550 रुपए प्रति क्विंटल था, जो 2023-24 में 3,225 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। इसी तरह बाजरे का एमएसपी 2014-15 में 1,250 रुपए प्रति क्विंटल था, जो 2023-24 में 100 प्रतिशत बढ़कर 2,500 रुपए प्रति क्विटल हो गया। रागी का एमएसपी नौ साल में 148 प्रतिशत की भारी वृद्धि के साथ 1,550 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़कर 3,846 रुपए प्रति क्विंटल हो गया। मक्का के मामले में, एमएसपी 2014-15 में 1,310 रुपए प्रति क्विंटल था, जो 2023-24 में 59 प्रतिशत बढ़कर 2,090 रुपए प्रति क्विंटल हो गया। जौ का एमएसपी 2014-15 में 1,150 रुपए प्रति क्विंटल था, जो 2023-24 में 50 प्रतिशत बढ़कर 1,735 रुपए प्रति क्विंटल हो गया।

इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि 2023 बाजरा का अंतरराष्ट्रीय वर्ष है, केंद्र सरकार लगभग हर साल राज्यों से मोटे अनाज की खरीद और खपत को प्रोत्साहित करने के लिए कदम उठाने का अनुरोध करती रही है। मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि राज्यों से ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करके मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम शुरू करने और मोटे अनाज की खपत के प्रति लोगों की भोजन की आदतों को फिर से उन्मुख करने के लिए जागरूकता अभियान शुरू करने पर विचार करने का आग्रह किया गया है। राज्यों से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे जिला कलेक्टरों और जिला कृषि अधिकारियों को राज्य के भीतर सार्वजनिक वितरण प्रणाली में वितरण के लिए स्थानीय उपभोग प्राथमिकता के अनुसार मोटे अनाज और बाजरा के उत्पादन को प्रोत्साहित करने का निर्देश दें। केंद्र ने राज्य सरकारों से केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार मोटे अनाज और बाजरा की खरीद करने का भी अनुरोध किया है।




**ज्वार, बाजरा और रागी के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 100 से 150 फीसदी तक की भारी बढ़ोतरी हुई**

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.42 अरब डॉलर घटकर 601.5 अरब डॉलर पर

**मुंबई,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि कम होने से 04 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.42 अरब डॉलर घटकर 601.5 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 3.17 अरब डॉलर कम होकर 603.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 04 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.94 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 533.4 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 22.4 करोड़ डॉलर कम होकर 44.7 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 17.1 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.3 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 8.6 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 5.1 अरब डॉलर रह गई।



## निवेशक जुलाई के लिए सीपीआई डेटा पर रखेंगे नजर, वृद्धि का अनुमान




**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि मुद्रास्फीति की बढ़ती चिंताओं के बीच, निवेशक जुलाई के घरेलू सीपीआई डेटा पर करीब से नजर रख रहे हैं, इसमें बढ़ती खाद्य कीमतों के कारण उल्लेखनीय वृद्धि होने का अनुमान है। उन्होंने कहा, आर्थिक आंकड़ों पर केंद्रित सप्ताह के दौरान भारतीय बाजार में मंदी का अनुभव हुआ, क्योंकि मुद्रास्फीति की चिंताओं ने घरेलू भावनाओं को प्रभावित किया। सप्ताह की शुरुआत फार्मा और आईटी क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के कारण मध्यम लाभ के साथ हुई। हालांकि, आर्थिक डेटा रिलीज़ और आरबीआई की नीति घोषणा से जुड़ी अनिश्चितताओं ने बाधा डाली। मुद्रास्फीति की चिंताएं फिर से उभर आईं, क्योंकि आरबीआई ने अपना सीपीआई पूर्वानुमान 30 बीपीएस बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत कर दिया, इससे लंबे समय तक दर में कटौती की संभावना बढ़ गई। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, वृद्धिशील सीआरआर के माध्यम से तरलता का प्रबंधन करने के आरबीआई के कदम ने बैंकिंग क्षेत्र की धारणा को प्रभावित किया, हालांकि उम्मीद के मुताबिक सीमित प्रभाव पड़ा। चीनी निर्यात में गिरावट और अमेरिकी छोटे और मध्यम आकार के बैंकों की रेटिंग में गिरावट जैसे कमजोर संकेतों के कारण वैश्विक बाजारों को अस्थिरता का सामना करना पड़ा। अमेरिकी सीपीआई उम्मीद से कम और यूके जीडीपी आंकड़े उम्मीद से बेहतर होने के बावजूद, वैश्विक बाजार की धारणा कमजोर रही। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा कि अल्पावधि में, ऐसी संभावना है कि सूचकांक 19,300 के स्तर तक गिर सकता है। सकारात्मक पक्ष पर, प्रतिरोध स्तर 19,500 पर स्थित है।

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, दाल-दलहन और मीठे में तेजी



**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के दबाव और स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा वहीं आवक कमजोर पड़ने से दाल-दलहन और मीठे के भाव चढ़ गए। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा सप्ताहांत पर 85 रिंगिट गिरकर 3715 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.33 सेंट की गिरावट लेकर 60.79 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर सरसों तेल 220 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि मूंगफली तेल 220 रुपए और सोया रिफ़ाइंड 147 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 12308 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20512 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 13407 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11721 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8933 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11000 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

## आग की आशंका के चलते निकोला ने 209 बैटरी-ईवी ट्रक बुलाए वापस

सैन फ्रांसिस्को, 13 अगस्त (एजेंसियां)। ट्रकिंग कंपनी निकोला मोटर्स ने अपने मुख्यालय में ट्रक में आग लगने का संभावित कारण एक बैटरी पैक के अंदर रिसाव पाए जाने के बाद लगभग 209 बैटरी-इलेक्ट्रिक वाहनों (बीईवी) को वापस बुलाने की घोषणा की है। ऑटोमेकर ने एक बयान में कहा, आंतरिक जांच में बैटरी पैक के भीतर सिंगर सप्लायर कंपोनेंट को कूलेंट रिसाव के संभावित स्रोत के रूप में दर्शाया गया है और आने वाले हफ्तों में एक क्षेत्रीय उपाय प्रदान करने के प्रयास चल रहे हैं। कंपनी ने कहा, 'ये कार्रवाइयां वर्तमान में प्रोडक्शन में चल रहे हाइड्रोजन फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक व्हीकल (एफसीईवी) को प्रभावित नहीं करती हैं क्योंकि ट्रक के बैटरी पैक का डिजाइन अलग है।' निकोला ने सभी कस्टमर्स और डीलरों को वास्तविक समय में वाहन की मॉनिटरिंग और सेफ्टी सिस्टम के ऑपरेशन को सक्षम करने के लिए मेन बैटरी डिस्कनेक्ट (एमबीडी) स्विच को हर समय 'ऑन' पॉजिशन में रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इसने उन्हें ओवर-द-एयर अपडेट और फ्लीट कमांड, निकोला के ट्रक मॉनिटरिंग सिस्टम के साथ बेहतर कनेक्टिविटी की अनुमति देने के लिए ट्रकों को बाहर पार्क करने पर विचार करने की भी सलाह दी। अब तक, केवल दो (2) बैटरी पैक में थर्मल इवेंज का अनुभव हुआ है।




निकोला के सीईओ स्टीव गिर्स्की ने कहा, 'निकोला में हम सुरक्षा को बहुत गंभीरता से लेते हैं। हमने शुरू से ही कहा था कि जैसे ही हमारी जांच पूरी हो जाएगी हम एक अपडेट जारी करेंगे, और जैसे-जैसे हमें और जानकारी मिलेगी हम अपनी पारदर्शिता जारी रखेंगे।' 23 जून को कंपनी के शुरुआती बयान में घटना के संभावित कारण को गलत बताया गया था, जो वीडियो फुटेज पर आधारित था, जिसमें प्रभावित ट्रकों के बगल में एक वाहन खड़ा था और एक ब्राइट फ्लैश और आग लगने के बाद तेजी से दूर चला गया।

## सार संक्षेप

### सिल्क इंडिया प्रदर्शनी में मॉडल्स ने किया साड़ियों का प्रदर्शन

पटना। राजधानी के एक होटल में चल रही पांच दिवसीय उमंग सिल्क इंडिया प्रदर्शनी में रविवार को सिल्क थीम पर आधारित फैशन शो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जब मॉडल्स सिल्क की साड़ियां पहनकर दर्शकों के सामने आई तो उनकी खूबसुरती के साथ सिल्क की चमक भी चारों ओर फैल गई। इस कार्यक्रम के दौरान मॉडल्स ने भारत के विभिन्न राज्यों के बुनकरों द्वारा तैयार किए गए साड़ियों का बहुत ही बेहतरीन ढंग से प्रदर्शन किया। उमंग आर्ट एंड क्राफ्ट के प्रबंध निदेशक आशीष गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का मकसद बुनकरों की कला को लोगों को सामने लाना है। इस कार्यक्रम में प्रोफेशनल मॉडल्स ने देश भर के बुनकरों द्वारा तैयार वस्त्र पहनकर उनकी कला की नुमाइश की। एक से बढ़कर एक मॉडल्स ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक के सिल्क उत्पादों को प्रदर्शित किया। कर्नाटक की कांजीवरम, बनारस की बनारसी, भागलपुर की कॉटन सिल्क, उड़ीसा की लिलम सिल्क सहित अन्य राज्यों की सिल्क साड़ियों को पहनकर जैसे ही मॉडल्स सामने आयी तो दर्शकों ने तालियों की गरगराहट के साथ उनका स्वागत किया। इस कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि मॉडल्स ने जिस प्रदेश की सिल्क साड़ियों की नुमाइश की वो उस प्रदेश के पारंपरिक वेसभूसा में थी जो इस कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना रहा था।

### ओएनजीसी का समेकित तिमाही लाभ 18.4 प्रतिशत बढ़ कर 14,134 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। खनिज तेल और गैस उत्खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी आयल एंड नेचुरल गैस लि. (ओएनजीसी) ने चालू वित्त वर्ष अप्रैल-मार्च 2023-24 की पहली तिमाही में समेकित रूप से 14,134 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही से 18.4 प्रतिशत अधिक है। पिछले वर्ष इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 11,937 करोड़ रुपये था। कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार पहली तिमाही में कंपनी का एकीकृत राजस्व सालाना आधार पर 10.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,63,824 करोड़ रुपए रहा। पिछले वित्त वर्ष की तिमाही में ओएनजीसी ने 1,82,894 करोड़ रुपए का समेकित राजस्व दर्ज किया था, लेकिन एकल आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ 34.1 प्रतिशत घट कर 10,015 करोड़ रुपए और राजस्व 20.1 प्रतिशत गिर कर 33814 करोड़ रुपए रहा। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी ने एकल आधार पर 42321 करोड़ रुपए के राजस्व के साथ 15,206 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। एकल आधार पर कंपनी का कुल कच्चा तेल उत्पादन (संयुक्त-उद्यमों के उत्पादन सहित) 3.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53.11 लाख टन और कुल गैस का उत्पादन तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ 5.221 अरब घन मीटर रहा।

## महंगाई और आयात-निर्यात आंकड़ों का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक बाजार के कमजोर रुख और रिज़र्व बैंक के महंगाई अनुमान में बढ़ोतरी करने से स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह करीब आधे प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह थोक एवं खुदरा महंगाई के साथ ही आयात और निर्यात के जारी होने वाले आंकड़ों का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 398.6 अंक अर्थात् 0.61 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 65322.65 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एन एस ई) का निफ़्टी 93.8 अंक यानी 0.48 प्रतिशत टूटकर 19423.20 अंक पर आ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कम्पनियों के विपरीत छोटी और मझौली कम्पनियों में लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 266.9 अंक की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 30429.56 अंक और स्मॉल कैप 219.96 की उड़ान भरकर 35290.61 अंक पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह जुलाई का थोक मूल्य सूचकांक आधारित (डब्ल्यूपीआई) महंगाई और खुदरा मूल्य सूचकांक आधारित (सीपीआई) महंगाई के साथ ही निर्यात और आयात के आंकड़े जारी होने वाले हैं, जिस पर बाजार की नज़र रहेगी। इसके अलावा विदेशी मुद्रा भंडार भी आने वाले दिनों में फोकस में रहेंगे। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा महंगाई का अनुमान 5.1 प्रतिशत स बढ़ाकर 5.4 कर दिया है, जिसका असर भी बाजार पर रहेगा। इसके अलावा प्रमुख वैश्विक घटनाएं, जिसका अगले सप्ताह बाजार पर असर रहेगा उनमें चीन का औद्योगिक उत्पादन, अमेरिकी खुदरा बिक्री, कच्चे तेल का भंडार, बिल्डिंग परमिट, प्रारंभिक बेरोजगार दावे, फेड रिज़र्व की एफओएमसी बैठक, ब्रिटेन में बेरोजगारी दर, खुदरा महंगाई, खुदरा बिक्री, यूरो क्षेत्र में मुद्रास्फीति और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के जारी होने वाले आंकड़े हैं। उन्होंने कहा, 'हमें उम्मीद है कि भारतीय बाजार सीमित दायरे में बना रहेगा और आरबीआई के फैसले, अमेरिकी रोज़गार आंकड़े और एफओएमसी बैठक के मिनट्स से आगे का संकेत मिलेगा।' वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर हेल्थकेयर, आईटी, टेक, टेलीकम्युनिकेशंस और रियल्टी जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर सोमवार को सेंसेक्स 232.23 अंकों की बढ़त के साथ 65953.48 अंक और निफ्टी 80.30 अंकों की तेजी लेकर 19597.30 अंक पर रहा। वहीं, वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर अधिकांश समूहों में हुयी बिकवाली के कारण पिछले सत्र से जारी तेजी पर मंगलवार को ब्रेक लग गया, जिससे सेंसेक्स 106.98 अंक उतरकर 65846.50 अंक और निफ्टी 26.45 अंक गिरकर 19570.85 अंक पर रहा। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर धातु, ऊर्जा, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और तेल एवं गैस समेत सोलह समूहों के शेयरों में हुई मजबूत लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 149.31 अंक की तेजी लेकर 65,995.81 अंक और निफ्टी 61.70 अंक की बढ़त के साथ 19,632.55 अंक पर पहुंच गया।




इसी तरह आरबीआई के नीतिगत दरों को यथावत रखने के साथ ही चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई अनुमान में बढ़ोतरी करने से हताश निवेशकों की एफएमसीजी, दूरसंचार और बैंकिंग समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 307.63 अंक लुढ़ककर 65,688.18 अंक और निफ्टी 89.45 अंक की गिरावट लेकर 19,543.10 अंक पर आ गया। इसके साथ ही वैश्विक बाजार की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, वित्तीय सेवाएं, बैंकिंग और धातु समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 365.53 अंक की गिरावट लेकर 65322.65 अंक और निफ्टी 119.90 अंक का गोता लगाकर 19423.20 अंक रह गया।

## चीन में कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स का तेज विकास

बीजिंग, 13 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी रसद और खरीद संघ ने 13 अगस्त को इस साल की पहली छमाही में कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन संबंधी डेटा जारी किए। आंकड़ों के अनुसार पहली छमाही में चीन में कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स का व्यावसायिक वातावरण, बाजार की मांग और उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता बहाल हुई। इस व्यवसाय का समर्थन करने के सक्रिय तत्व लगातार बढ़े। साल की पहली छमाही में चीन में कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स की कुल रकम 31 खरब युआन रही, जो पिछले साल की इसी अवधि से 3.7 प्रतिशत अधिक है। कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स बाजार का आकार 2 खरब 68 अरब 80 करोड़ युआन रहा, जो पिछले साल की समान अवधि से 3.3 फीसदी अधिक है। कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स की कुल मांग 21 करोड़ टन रही, जो पिछले साल की इसी अवधि से 5.2 प्रतिशत अधिक है। कोल्ड चेन बाजार की मात्रा लगातार बढ़ रही है। चीन में कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स का तेज विकास सरकार के समर्थन से अलग नहीं हो सकता। इस साल की पहली छमाही में चीन सरकार ने कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स से संबंधित 20 से अधिक नीतियां लागू कीं। कोल्ड चेन से जुड़े बुनियादी संस्थापनों के निवेश में बड़ा इजाफा हुआ। आंकड़ों के अनुसार पिछली छमाही में कोल्ड चेन से जुड़े बुनियादी संस्थापनों का निवेश 18 अरब 60 करोड़ युआन रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि से 8.7 प्रतिशत अधिक है। रेफ्रिजेरेटेड ट्रकों की कुल बिक्री 25,723 रही, जो गत वर्ष की समान अवधि से 3.7 फीसदी ज्यादा है।



## बंगाल में स्थानांतरित हो रहा कानपुर का चमड़ा उद्योग

**कानपुर ( यूपी ),** 13 अगस्त (एजेंसियां)। नोटबंदी, फिर गोहत्या पर कार्रवाई से कच्चे माल की कमी और अब गंगा नदी के किनारे प्रदूषणकारी इकाइयों को हटाने का नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश के कारण कानपुर में चमड़ा उद्योग का अस्तित्व खत्म होने की कगार पर है। यहां के चमड़ा उद्योग में आई सबसे बड़ी मंदी के बीच, कानपुर के चर्मकार कारोबार में बने रहने के लिए पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश और अन्य हरियाली वाले क्षेत्रों की ओर जा रहे हैं। यह स्थिति सख्त प्रदूषण नियंत्रण मानदंडों के कारण लगाए गए बुनियादी ढांचे पर प्रतिबंध, टेनरी कचरे के उपचार की लागत में एक बड़ी उछाल और गोहत्या पर प्रतिबंध के कारण गाय के उत्तर प्रदेश में चमड़े की उपलब्धता की कमी के कारण ऑर्डर में कमी के कारण उत्पन्न हुई है। 40 चमड़ा उद्योगपति पहले ही कोलकाता में टेनरियों को किराए पर ले चुके हैं या खरीद चुके हैं। कुछ ने तैयार गाय के चमड़े के लिए वियतनाम, तुर्की और कुछ यूरोपीय देशों से समझौता किया है।

लगभग 100 टेनरी इकाइयों ने बंटाला में टेनरी शुरू करने के लिए जमीन ली है, जहां पश्चिम बंगाल सरकार उत्तर प्रदेश के टेनर्स को 2,865 रुपए प्रति वर्ग मीटर पर प्लॉट उपलब्ध करा रही है। जाजमऊ टेनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नैय्यर जमाल ने कहा, '402 सूचीबद्ध टेनरियों में से, अब केवल 215 छोटी और बड़ी टेनरियां चालू हैं। ये भी बहुत सारे शर्तों के साथ काम कर रही हैं, इससे व्यापार असंभव हो गया है। फिर भी लोग काम कर रहे हैं।' इस उम्मीद में आगे बढ़ रहे हैं कि किसी दिन स्थिति में सुधार होगा।' समस्या 2017 के अंत में शुरू हुई, जब केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों ने टेनरियों को अपने बुनियादी ढांचे को आधा करने के लिए कहा। इसका मतलब यह था कि चमड़े की प्रोसेसिंग के लिए इस्तेमाल होने वाली 10 ड्रम वाली टेनरी को घटाकर पांच कर दिया जाएगा। जमाल ने कहा, 'मेरे पास पांच ड्रमों वाली एक इकाई थी, जिन्हें ऑर्डर के अनुरूप निकाल लिया गया और नए सिरे से स्थापित किया गया।' बोर्ड ने स्पष्ट कर दिया था कि अनुपालन न करने की स्थिति में टेनरियों को बंद कर दिया जाएगा। कुंभ और माघ मेलों के लिए टेनरियों को लंबे समय तक बंद करके इस आदेश का पालन किया गया। एक अन्य महत्वपूर्ण कारक यह है कि उत्तर प्रदेश में गाय की हत्या पर प्रतिबंध होने के बाद से कानपुर में गाय के चमड़े की बहुत कम मात्रा में टैनिंग हो रही है।



चूंकि व्यवसाय करना कठिन हो गया। एक व्यवसायी चमड़े का कारख़ाना किराए पर लेने के लिए कोलकाता चला गया, जो कभी चीनी समुदाय के उपयोग में था। सौदा हो गया और थोड़े से निवेश के साथ टेनरी चालू हो गई। पांच साल बाद, टेनरी उनके चमड़े के व्यवसाय को चालू रखने का मुख्य आधार बन गई है। उन्होंने कहा, 'मैंने यह टेनरी कोलकाता में खरीदी है, क्योंकि कानपुर से कारोबार करना बेहद कठिन हो गया है। मुझे अपनी कानपुर इकाई को 25 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर नहीं चलाना चाहिए।' कम से कम दो बड़े समूह जिन पर हाल ही में जीएसटी द्वारा छापा मारा गया था, बांग्लादेश में दुकानें स्थापित कर रहे हैं - उनमें से एक ने एक बड़ी इकाई पूरी कर ली है और दूसरा चटगांव में ऐसा करने के कगार पर है। एक अन्य प्रमुख समूह ने पहले ही भूमि अधिग्रहण कर लिया है लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं किया है। यह स्थिति तब उत्पन्न हुई है, जब पिछले दो दशकों में, वैश्विक चमड़ा उद्योग सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है, विशेष रूप से असबाब के लिए तैयार भैंस के चमड़े और काठी के लिए हार्नेस के निर्यात में। एक समय में, कानपुर भैंस के चमड़े का 56 प्रतिशत निर्यात कर रहा था और काठी उद्योग की हार्नेस जरूरतों को पूरा कर रहा था।

एक उद्योगपति ने कहा, 'अब हम अर्जेंटीना से हार्नेस आयात कर रहे हैं। यह उस उद्योग के लिए दुखद है, जिसकी वैश्विक सैडलरी बाजार में 80 फीसदी हिस्सेदारी थी। सैडलरी कानपुर के लिए अद्वितीय है।' उन्होंने कहा कि निर्यात और घरेलू बिक्री दोनों में औसतन 10 फीसदी की वार्षिक गिरावट देखी गई है। 'गाय का चमड़ा ज्यादातर चेन्नई और कोलकाता में संसाधित किया जाता है, जहां ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है और हम भारत के बाहर से गीला नीला (अर्ध-प्रसंस्कृत चमड़ा) आयात करते हैं। 2020 में, टेनरियों को रोटेशन के आधार पर महीने में 15 दिन 50 प्रतिशत क्षमता पर काम करने के लिए कहा गया था, ऐसा न करने पर प्रति दिन 12,500 रुपए का पर्यावरण मुआवजा नामक जुर्माना लगाया जाएगा। इस बीच, 2022 में टेनरी कचरे के उपचार की लागत 2 रुपये प्रति खाल से बढ़कर 22 रुपये प्रति खाल हो गई। टेनरियों ने चर्मशोधन कारखानों में प्राथमिक उपचार संयंत्रों (पीटीपी) से जल निगम द्वारा प्रबंधित सामान्य उपचार संयंत्र (सीटीपी) में जाने वाले अपशिष्टों के उपचार के लिए भुगतान किया।

